फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 4 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 16, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

किसी की जुबां पर गांधी, कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती 16

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा 15

एक नजर

रिश्वतखोरी में एनएचएआई का महाप्रबंधक गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में 20 लाख रुपये के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक (जीएम) को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने कथित रूप से एक निजी कंपनी से रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान में 20 लाख की रिश्वत समेत 45 लाख रुपये जब्त किए हैं। काले और 11 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सीयूईटी-यूजी परीक्षा की तिथियों में बदलाव संभव

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक परीक्षा का कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर बदले जाने की संभावना है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को घोषणा की थी कि परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जाएगी और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव होने वाले हैं, जिसके कार्यक्रम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है। यूजीसी प्रमुख ने रविवार को बताया कि एनटीए द्वारा घोषित तारीखें अस्थायी हैं।

कश्मीर में भूस्खलन में चार की मौत, दो घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि खराब मौसम के कारण, चसाना बेल्ट के सुदूर गांव कुंदरधन मोरहा बैंड में मोहम्मद फरीद का मिट्टी का घर ढह गया। फरीद की पत्नी फल्ला और बेटियों नसीमा, सफीन और समरीन की मौत हो गई। एक और घर ढहने में 60 वर्षीय कालू और उसकी पत्नी बानो बेगम घायल हो गए।

नोएडा के मॉल में लोहे का ढांचा गिरा, दो की मौत

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले के स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में रविवार सुबह लोहे का एक ढांचा गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस ढांचे पर होर्डिंग लगाया जाना था। मध्य नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में पांचवीं मंजिल से लोहे का ढांचा गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गाजियाबाद निवासी 35 वर्षीय हरेंद्र भाटी व शकील (35) के तौर पर हुई है।

फूलों से आई बहार...

देहरादून के राजभवन लॉन में लगी वसंतोत्सव 2024 पुष्प प्रदर्शनी ने आगंतुकों को खूब आकर्षित किया, बारिश के बावजूद भी लोग परिवार के साथ पुष्प प्रदर्शनी देखने पहुंचे। रंग-बिरंगे फूल और बेमिसाल सुगंध ने लोगों को अपनी ओर खींचा। ● एजेंसी

लेनदेन पर शुल्क से कम हो जाएगा यूपीआई का इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकप्रिय मोबाइल भुगतान प्रणाली एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर अगर लेनदेन शुल्क लगाया गया, तो ज्यादातर उपयोगकर्ता इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। लोकलसर्किल के एक ऑनलाइन सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। सर्वेक्षण में बड़ी संख्या में लोगों ने यह दावा किया कि उन्होंने पिछले एक साल में एक या अधिक बार अपने यूपीआई भुगतान पर लेनदेन शुल्क लगाए जाने का अनुभव किया है।

364 से अधिक जिलों के 34,000 से अधिक लोगों ने दी अपनी राय

लोकलसर्किल ने रविवार को कहा कि सर्वेक्षण में 364 से अधिक जिलों के 34,000 से अधिक लोगों ने अपनी राय दी। इनमें 67 प्रतिशत पुरुष और 33 प्रतिशत महिलाएं थीं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अगस्त 2022 में एक चर्चा पत्र जारी किया, जिसमें विभिन्न राशि के आधार पर यूपीआई भुगतान पर एक संरचना शुल्क लगाने का प्रस्ताव था। हालांकि, बाद में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सिर्फ 23 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क देने के लिए तैयार हैं। सर्वेक्षण में शामिल 73 प्रतिशत लोगों ने संकेत दिया कि यदि लेनदेन शुल्क लागू किया जाता है तो वे यूपीआई का उपयोग बंद कर देंगे। सर्वेक्षण से पता चला कि करीब 50 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता हर महीने 10 से अधिक लेनदेन करते हैं।

पहाड़ से मैदान तक बारिश और ओलावृष्टि, ठंड में हुआ इजाफा

उच्च हिमालयी क्षेत्र में हुआ हिमपात, बारिश से फसलों को भारी नुकसान

संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड में आज मौसम ने फिर करवट बदली है। पहाड़ से मैदान तक बारिश का सिलसिला जारी है। कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि के चलते जमीन पर सफेद चादर सी बिछ गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में हिमपात भी हुआ है। लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टि के चलते ठंड में बढ़ोत्तरी हो गई है।

समूचे उत्तराखंड में लगातार बारिश हो रही है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात हो रहा है, वहीं अन्य पहाड़ी व मैदानी क्षेत्र में बारिश व ओलावृष्टि हुई है। नैनीताल जिले के भीमताल और धारी ब्लाक के कई हिस्सों में ओलावृष्टि हुई। हल्द्वानी और तराई के भी कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की खबरें हैं। पहाड़ से लेकर मैदान तक दिन भर रुक-रुक कर बारिश होती रही। जगह-जगह जल भराव होने से लोगों को खासी मुसीबतों से जूझना पड़ा। वहीं, लगातार बारिश की वजह से फसलें भी पानी में डूब गई। गेहुं की फसल भी प्रभावित हुई है।

पिथौरागढ़ जिले में उच्च हिमालयी क्षेत्र में हिमपात हुआ है। बागेश्वर जिले के कपकोट और अल्मोड़ा जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र में हिमपात हुआ है। नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर में हिमपात तो नहीं हुआ है,लेकिन लगातार बारिश की वजह से वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने को लोग अपने घरों में दुबके रहे।

उधर, गढ़वाल में भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हो रही है। औली और चकराता में फिर से बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है। निजमुला घाटी के कई गांवों में बर्फ जम गई है। जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पैदल रास्तों और खेत खलियानों में बर्फ जमने से ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उत्तरकाशी जिले में लगातार बारिश और बर्फबारी के चलते गंगोत्री हाईवे सुक्की टॉप से आगे बंद है। मोरी क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर में कुछ स्थानों में हल्की बारिश हो सकती है और साथ ही गर्जन होने के भी आसार हैं। राज्य के 2500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है।

नैनीताल जिले के बेतालघाट ब्लाक के सुदूर गांव में ओलावृष्टि से खेतों में बिछी सफेद चादर। ● अमृत विचार

शहबाज शरीफ चुने गए पाकिस्तान के दूसरी बार प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापा। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, 'हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे।' उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए इसकी तुलना फलस्तीन से की। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब एक-साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।' इससे पहले 336 सदस्यीय संसद में वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज के समर्थन में 201 सांसदों ने वोट डाले। उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को केवल 92 वोट मिले। खबरों के मुताबिक शहबाज के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन हासिल है।



● कश्मीर का राग अलापा

किसानों का 6 मार्च को दिल्ली कूच का एलान

बठिंडा, एजेंसी

फसलों पर एमएसपी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू , खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 फरवरी से डटे हुए किसान संगठनों ने दिल्ली पहुंचने के अपने तरीके में बदलाव का एलान किया है। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली कूच का हमारा कार्यक्रम पहले की तरह है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। सरकार को झुकाने के लिए हमने कुछ रणनीति तय की है।

डल्लेवान ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि 6 मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस, पैदल और हवाई जहाज से शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जितने बॉर्डर पर हम बैठे हैं, वहां अपनी संख्या बल बढ़ाएंगे और अन्य बॉर्डर पर भी किसानों को लाने की कोशिश करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) से जुड़े किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया था, लेकिन उन्हें पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान हुई झड़प में एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली कूच का कार्यक्रम किसान संगठनों ने स्थगित कर दिया था।

बदली रणनीति

- ट्रैक्टर के बजाय ट्रेन-बस और हवाई मार्ग से जाएंगे राजधानी
- शंभू बार्डर पर और बढ़ाएंगे किसानों की संख्या

10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकेंगे किसान

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकने का भी एलान किया है। डल्लेवाल ने पूरे देश के किसानों से आह्वान किया है कि वे 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से देशभर में ''रेल रोको'' विरोध प्रदर्शन करें और ट्रेनों का चक्का जाम करें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा।

आसनसोल से नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

नई दिल्ली/कोलकता, एजेंसी

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।

पवन सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी। पवन ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार घोषित करने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह किसी कारणवश आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके मुझे आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के कई गाने असभ्य हैं

● भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची में की थी नाम की घोषणा

पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास

नई दिल्ली। मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की। हर्षवर्धन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह 30 साल से अधिक के शानदार चुनावी करियर के बाद अपनी जड़ों की ओर लौटेंगे। 'मैं यह स्वीकार करता हूं कि मुझे भारत के इतिहास में सबसे ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

वंचित वर्गों की उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार : राहुल

पटना, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल मिलाकर 120 (80 उत्तर प्रदेश में और 40 बिहार में) सीटें हैं। अगर हम इन दोनों राज्यों में भाजपा की हार सुनिश्चित करते हैं, तो केंद्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं हैं तथा यहां भी 40 हराओ का नारा है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश और बिहार ने ठान लिया तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सराहना करते हुए कहा कि आपके चाचा (नीतीश कुमार) दोबारा पाला बदल सकते हैं, लेकिन आगे से उन्हें स्वीकार मत करना।

जन विश्वास रैली में मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव।

● जनविश्वास रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

मोदी सच्चे हिंदू नहीं : लालू

लालू प्रसाद यादव ने राजनीति में परिवारवाद की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। अपनी मां की मृत्यु पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक जवान हुआ शहीद

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से लगे हिदूर के जंगलों में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें बस्तर फाइटर्स का एक जवान शहीद हो गया है। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है।

कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल, बीएसएफ और डीआरजी द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के अनुसार, हिदुर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया। राज्य पुलिस की इकाई बस्तर फाइटर्स के जवान रमेश कुरेठी मुठभेड़ में शहीद हो गए। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव और एक एक के 47 गन बरामद किया गया है।

● जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली भी मारा गया

सेहत पर ध्यान जल्द शुरू होंगे अस्पताल, 150 लोगों की मेडिकल टीम होगी तैनात, स्वास्थ्य महकमा चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटा

बदरीनाथ और केदारनाथ में बढ़ाई जाएंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : चारधाम यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने को कवायद शुरु हो गई है। जल्द ही वहां अस्पताल शुरु किए जाएंगे। इन अस्पतालों में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगे। इसमें अनुभवी मेडिकल टीम को तैनात किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इन अस्पतालों में उपकरण खरीदने को मंजूरी मिल चुकी है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर अनुभवी और उच्च हिमालय क्षेत्र में काम करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जा रहा है, ताकि तीर्थयात्रियों को तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वह चारधाम यात्रा से पहले अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करा लें।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. कुमार ने कहा कि विभाग चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। चारधाम यात्रा को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में बैठक में भी समीक्षा हो चुकी है। सभी विभागों से समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है। इस बार चारधाम में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 150 लोगों की मेडिकल टीम तैनात की जाएगी। इस टीम को हाई एल्टीट्यूड में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डाक्टरों की तैनाती 15-15 दिनों के लिए की जाएगी। इस बार विभाग रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में तैनात डाक्टरों को चारधाम में तैनाती नहीं देगा। इसके बजाए कुमाऊं और अन्य जिलों से डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि बदरीनाथ और केदारनाथ के अस्पताल में उपकरण यात्रा से पहले उपलब्ध हो जाएंगे। इसके लिए शार्ट टेंडर जारी होंगे।

हेल्थ स्क्रीनिंग के बाद मिलेगी यात्रा की अनुमति

स्वास्थ्य सचिव उत्तराखंड डॉ. राजेश कुमार के मुताबिक चारधाम यात्रा के दौरान मार्ग पर जगह-जगह तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच का प्रबंध किया जा रहा है। इस बार शुरुआती चरण से तीर्थयात्रियों की स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस रखा जाएगा। चारधाम यात्रा रूट पर हेल्थ प्वाइंट पर यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच गहनता से होगी। उसके बाद ही उन्हें आगे जाने दिया जाएगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा से पहले अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करा लें। कहा कि दिल और ब्लड प्रेशर के मरीजों के साथ ही गर्भवती महिलाएं भी स्वास्थ्य परीक्षण करा कर ही यात्रा करें। मौसम के अनुकूल होने पर ही यात्रा करें।

11 भाषाओं में जारी होगी एसओपी

चारधाम यात्रा में विदेशों के साथ ही देशभर से श्रद्धालु आते हैं। उनकी लोकल भाषा में स्वास्थ्य गाइडलाइन न होने से कई बार श्रद्धालुओं को दिक्कतें होती है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल बड़ी पहल करते हुए हिंदी-अंग्रेजी के साथ ही 9 अन्य भाषाओं में एसओपी जारी की थी। इस बार11 भाषाओं में एसओपी जारी होगी। अन्य भाषाएं जिसमें बंगाली, गुजराती, तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़, पंजाबी, मराठी और उड़िया भाषा में भी एसओपी जारी की जाएगी। इससे श्रद्धालु अपनी लोकल भाषा में हैल्थ एसओपी को पढ़ पाएंगे।

भीमताल में बारिश व ओलावृष्टि के बाद ओले से पटे खेत। ● अमृत विचार

हल्द्वानी में बारिश और तेज हवाएं चलने से खेत में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

फाल्गुन में गरजे इंद्र देव, किसानों के चेहरे मुरझाए

पहाड़ से लेकर मैदान तक फसलों को नुकसान, मौसमी सब्जियों की पैदावार पर भी असर पड़ेगा, किसानों ने मुआवजे की मांग उठाई

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल/गरमपानी

अमृत विचार : बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जहां मौसम ठंडा हो गया है तो वहीं किसानों के लिए मौसम परिवर्तन नुकसान पहुंचाने वाला साबित हो रहा है। पहाड़ से लेकर मैदान तक ओलावृष्टि से खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। अभी तक गेहूं की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद थी लेकिन अब ओलावृष्टि के बाद गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा है तो वहीं मौसमी सब्जियों की पैदावार पर भी असर पड़ेगा। कृषि विभाग नुकसान का आकलन करने की बात कह रहा है तो वहीं किसान अब मायूस हो उठे हैं।

हल्द्वानी और उसके आसपास शनिवार और रविवार को हुई बारिश व ओलावृष्टि से गौलापार, चोरगलिया, गोरापड़ाव, हल्दूचौड़, कालाढूंगी, कोटाबाग के किसानों की फसल व चेहरे दोनों मुरझा गए हैं। किसानों ने बताया कि इस बार गेहूं की फसल में बालियां अच्छी हुईं व पैदावार ज्यादा होने की उम्मीद थी लेकिन अचानक हुई बारिश से ज्यादातर फसल चौपट हो गई है। उन्होंने बताया कि बारिश, ओले व तेज हवा चलने से गेहूं की फसल जमीन में बिझ गई, जिसका उठना अब मुश्किल है। कई किसानों ने कहा कि उन्हें टमाटर आदि फसलों में भी पाले की वजह से काफी नुकसान हुआ था। गौलापार व चोरगलिया के किसानों ने बताया कि बारिश से मौसम का मिजाज नर्म पड़ा लेकिन फसलों को खासा नुकसान हुआ है। बताया कि समूचे क्षेत्र में ज्यादातर फसल जमीन पर लेट गई है। उन्होंने बताया कि गिने-चुने किसानों ने ही गेहूं का बीमा करवाया है, इसलिए ज्यादातर किसानों को नुकसान हुआ। चकलुवा, बैलपड़ाव, कालाढूंगी, कोटाबाग के किसानों को भी बारिश, हवा आदि चलने से नुकसान हुआ है। स्थानीय किसानों ने बताया कि इस बार कई लोगों ने महंगा व अच्छी गुणवत्ता का गेहूं लगाया था, जिससे पैदावार ज्यादा हो लेकिन सभी की मेहनत पर पानी फिर गया। गोरापड़ाव, हल्दूचौड़ आदि के किसानों की फसल भी बारिश व हवा की मार से अछूती नहीं रही। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में मौसम का हाल ऐसा ही रहा तो पूरी फसल चौपट हो सकती है।

गरमपानी के बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में रविवार को बारिश के दौरान हुई भारी ओलावृष्टि ने किसानों के सपने चकनाचूर कर दिए। पहले बारिश न होने से किसान मायूस हो चुके थे। बारिश की शुरुआत से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी ही थी की दोपहर में भारी ओलावृष्टि ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचा दिया। बेतालघाट ब्लॉक के बजेडी, धूरा, पांगकटारा, बारगल, कफूल्टा, खलाड़ समेत तमाम गांवों में ओलावृष्टि ने मटर की उपज तबाह कर डाली। वहीं फल उत्पादक धारी, उल्गौर व आसपास के गांवों में ओलावृष्टि ने आड़, पूलम व खुमानी के पेड़ों पर लगे फूल गिरा दिए। भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान से किसान चिंतित हो उठे हैं। उधर, भीमताल और आसपास के क्षेत्र में रविवार को दोपहर ढाई बजे जमकर ओलावृष्टि हुई। काश्तकारों के मुताबिक करीब एक घंटे तक बारिश और ओलावृष्टि होती रही। ओलावृष्टि के कारण खेतों में आलू-प्याज, लहसुन, टमाटर, मिर्च लगभग 80 प्रतिशत प्रभावित हुई है। खेतों में खड़ी फसल गिरकर खराब हो गई है। काश्तकारों ने उद्यान विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों से सर्वे कराकर नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। प्रगतिशील काश्तकार आनंद मणि ने बताया कि अकेले चांफी और अल्चौना क्षेत्र में हजारों नाली भूमि में फसल को नुकसान पहुंचा है। ग्राम प्रधान जंगलियागांव राधा कुलियाल और सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुलियाल ने बताया कि काश्तकारों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

हल्द्वानी में शाम को बारिश के बाद सड़क पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

सर्वे से पता चलेगा फसलों को हुआ नुकसान: सीएओ

हल्द्वानी। मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव ने कहा कि जिले में करीब 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, मसूर, सरसों आदि की पैदावार होती है लेकिन बारिश, ओलावृष्टि व हवा चलने से ज्यादातर फसलों को नुकसान होने की आशंका है। कहा कि जिले में लगभग 21 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लगाई गई गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में ओले व मैदानों में बारिश व तेज हवा चलने से फसल बर्बाद हुई है। हालांकि, सर्वे के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। कहा कि कुछ किसानों ने फोटो भेजी हैं। मुख्य उद्यान अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि कम आकार के ओले तो फलों के पेड़ों के लिए लाभदायक हैं। ऐसे में यदि कहीं फलों के पेड़ों को नुकसान हुआ है तो फील्ड के कर्मचारियों से सर्वे करने के लिए कहा गया है।

जिला पंचायत सदस्य ने की आर्थिक पैकेज देने की मांग

अनिल चनौतिया।

भीमताल : भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में ओलावृष्टि से काश्तकारों को हुए नुकसान को लेकर जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने शासन से आर्थिक पैकेज देने की मांग की है। कृषि मंत्री उद्यान मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि वर्तमान में पूरे क्षेत्र में रबी की फसल खेतों में तैयार थी। ऐसे में ओलों से काफी अधिक मात्रा में प्रभावित हुई है। अवगत कराया कि मुआवजे को लेकर क्षेत्र का शिष्टमंडल मुख्य विकास अधिकारी से मिलेगा।

किसान बोले

6500 रुपये कुंतल का बीज लगाया था, जिससे 20 कुंतल प्रति एकड़ की पैदावार होती लेकिन फसल को काफी नुकसान हुआ है। **–जगदीश सुयाल**, किसान

टमाटर की फसल में भी पाले से नुकसान हुआ था, अब गेहूं की फसल भी चौपट हो गई। फसल का बीमा नहीं कराया है। **–राकेश मर्तोलिया**, किसान

तेज हवा से खेतों में फसल जमीन पर लेट गई है, उसका उठना अब मुश्किल है। अच्छे पैदावार की उम्मीद थी लेकिन उल्टा नुकसान हो गया। **– लीलाधर बजेठा**, किसान

बारिश के बाद नैनी झील में समाया कूड़ा। ● अमृत विचार

दो दिन की हल्की बारिश से नैनी झील में लगा गंदगी का अंबार

नैनीताल। दो दिन से हो रही लगातार बारिश से भारी मात्रा में कूड़ा झील में समा गया। जो झील के पानी को दूषित कर रहा है। झील के किनारे वाले नाले ही झील के लिए परेशानी बने हुए हैं। इन नालों के किनारे बसे लोग कूड़ा इनमें फेंक रहे हैं। रविवार को मल्लीताल बैंड स्टैंड के पास भारी मात्रा में कूड़ा झील के ऊपर तैरता दिखाई दिया। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद का कहना है कि सफ़ाई कर्मचारियों को बढ़ाकर अभियान चलाकर जल्द ही कूड़ा साफ़ किया जाएगा। साथ ही नालों में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

नौ साल में तीसरी बार मार्च में मूसलाधार बारिश

- एक ही दिन में बरस गया 25 मिमी पानी
- तापमान में आई गिरावट, पश्चिमी विक्षोभ का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मार्च की शुरूआत मूसलाधार बारिश के साथ हो रही है। शनिवार को जहां रिमझिम बारिश हुई तो वहीं मंगलवार को मूसलाधार बारिश रही। साथ ही ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पिछले नौ साल में यह तीसरी बार है जब मार्च में मूसलाधार बारिश हो रही है।

शनिवार को शहर में रिमझिम बारिश हुई तो वहीं रविवार की शुरूआत भी बारिश के साथ ही हुई। हल्द्वानी में तड़के से बारिश होती रही। दिन भर रूक-रूक कर बारिश होने का सिलसिला चलता रहा। शाम को करीब चार बजे ओलावृष्टि भी शुरू हो गई। ओलों की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों को बचने के लिए छतें ढूंढनी पड़ी। बाद में बार से बारिश शुरू हो गई। शाम को हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट आ गई। अधिकतम तापमान 20.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 7 डिग्री कम है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार हल्द्वानी में शनिवार को तीन मिमी और रविवार को 25 मिमी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मार्च में पिछले नौ साल में तीसरी बारिश मूसलाधार बारिश हो रही है। मार्च 2023, मार्च 2020 में भी मूसलाधार बारिश हुई थी वहीं साल 2022 और 2021 की मार्च में सूखा रहा था।

साल 2015 में 91 मिमी बारिश अभी तक मार्च में हुई सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड है तो वहीं 21 मार्च 2022 को 58.2 मिमी बारिश हुई, जो मार्च में एक ही दिन में हुई सबसे ज्यादा बारिश है।

नैनीताल : शनिवार से रविवार देर रात तक रुक रुक कर हो रही बारिश से ठंड में एक बार और इजाफा होने लगा है।

नैनी झील व सूखने के कगार पर पहुंच चुके प्राकृतिक जल स्रोत एक बार फिर से पुनर्जीवित हो चुके हैं। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरे की सफेद चादर ओढ़े सरोवर नगरी का मनोरम दृश्य सैलानियों ने अपने कैमरों में कैद किया।

कोहरे से ढकी नैनीताल की पहाड़ियां। ● अमृत विचार

हल्द्वानी में विगत सालों में मार्च में हुई बारिश

साल	एक दिन में हुई बारिश	पूरे माह में हुई बारिश
2023	58.2(21 मार्च)	83
2022	0	0
2021	0	0
2020	23.5(7 मार्च)	41.8
2019	4.3(3 मार्च)	8.2
2018	1.6(22 मार्च)	1.6
2017	2.9(9 मार्च)	4.8
2016	3.4(13 मार्च)	7.2

नोट– बारिश मिमी में। आंकड़े मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार।

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। सोमवार से मौसम साफ हो जाएगा। पहाड़ से लेकर मैदान तक अच्छी बारिश हुई है। **–डॉ. आरके सिंह**, मौसम विज्ञानी, पंतनगर

आयोजन | चयनित कलाकारों का गैंग लीडर के साथ यूपी में स्टूडियो राउंड शूट किया जाएगा

रियलिटी शो द एडवेंचर के लिए हुए ऑडिशन

पत्रकार वार्ता करते रियलिटी शो के निर्देशक, साथ में उनकी टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल में रविवार को ए-वन होटल में टीवी रिएलिटी शो द एडवेंचर का ऑडिशन सम्पन्न हुआ।

नैनीताल के साथ ही दिल्ली, हल्द्वानी, रामनगर, मुंबई, नागपुर आदि स्थानों पर भी इसके ऑडिशन हुए। इसमें कई प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। इसके बाद जितने कलाकार सेलेक्ट होंगे उनका गैंग लीडर के साथ यूपी में स्टूडियो राउंड शूट किया जाएगा। गैंग लीडर की भूमिका दिग्विजय सिंह, रिशिका कोहली और बंटी कुंवर निभाएंगे। स्टूडियो राउंड के बाद उत्तराखंड में उनकी जर्नी शुरू होगी जिसमें राफ्टिंग, कैंपिंग आदि टास्क दिए जाएंगे। पत्रकार वार्ता करते हुए रियलिटी शो के डायरेक्टर राहुल आर्य ने बताया कि डीडीएस प्रोडक्शन की ओर से एक टीवी रिएलिटी शो द एडवेंचर कराया जा रहा है जिसका ऑडिशन आज नैनीताल में किया गया। ऑडिशन में चयनित लोग 31 मार्च को गैंग लीडर्स के साथ स्टूडियो राउंड शूट किया जाएगा और फिर अप्रैल के अंत तक इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले उनकी शार्ट फिल्म क्या हुआ तेरा वादा, रिएलिटी शो और स्टेप फॉर फीचर के चार सीजन ऑनस्क्रीन आ चुके हैं। इस दौरान डायरेक्टर राहुल आर्य, आयुषी, मो. जावेद हुसैन और सम्राट के साथ ही गैंग लीडर्स और टीम मौजूद रही।

सोमांश अब 'मामला लीगल है' वेब सीरीज में

रामनगर। शहर के लिटिल चैम्प सोमांश सिंह डंगवाल अब नई वेब सीरीज 'मामला लीगल है' में दिखाई देंगे। बताते चलें कि सोमांश 6 वर्ष की उम्र से बॉलीवुड में काम कर रहे हैं। जल्द ही अभिनेता रवि किशन के साथ वेब सीरीज मामला लीगल है में उनके पुत्र के किरदार में दिखाई देंगे। उनके पिता निवर्तमान सभासद भुवन सिंह डंगवाल अपने पुत्र की इस क़ामयाबी से खासा उत्साहित हैं।

वेब सीरीज में अभिनय करता रामनगर का सोमांश। ● अमृत विचार

बारिश के चलते 6 घंटे गुल रही बिजली लोग परेशान

हल्द्वानी। रविवार को हुई बारिश के चलते शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बिजली की समस्या बनी रही। सुबह से हुई बारिश के चलते करीब 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही शहरी हिस्सों में घंटे बिजली की आंखमिचौली जारी रही। इसमें मुखानी, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, गौलापार, देवलचौड़, ट्रांसफोर्ट नगर समेत कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। कटौती के चलते बिजली उपभोक्ताओं के सामने समस्या गहरा गई वहीं विभाग की ओर से बीते दिनों से भी बिजली कटौती जारी है। जिसके चलते ऊर्जा निगम के लिखाफ लोगों में रोष पनप रहा है। इधर बिजली विभाग के ईई डीडी पांगती ने बताया कि बारिश के चलते एतियातन शटडाऊन लिया गया था जिसके बाद बिजली आपूर्ति फिर से सुचारू से बहाल कर दी गई है।

टेड़ा के जंगलों में बिछी तीन इंची सफेद चादर

- तीन से चार इंच तक जम गए आलू के बराबर ओले
- प्रो. अजय रावत बोले-पेड़ों का कटान और अंधाधुंध खनन है कारण

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : मौसम खराब होने से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहीं रामनगर के टेड़ा गांव व जंगलों में अद्भुत नजारा देखने को मिला। टेड़ा के जंगलों में तीन से चार इंच तक बर्फ के समान चादर बिछ जाने से लोग हैरत में पड़ गए। टेड़ा क्षेत्र के लोगों की मानें तो आलू के बराबर बर्फ के गोले गिरते दिखाई दिए।

जानकारों का कहना है कि यह सब जलवायु परिवर्तन है इसे बर्फबारी नहीं कहा जा सकता। यह भारी मात्रा में ओलावृष्टि है। मार्च के महीने में इस प्रकार की ओलावृष्टि फसलों के साथ-साथ आम आदमी के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल सकती है। प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. अजय रावत की मानें तो यह कोई आश्चर्य की बात नही है। अंधाधुंध वृक्षों का दोहन, हरियाली को नष्ट करना, खनन से वायु प्रदूषण, माइनिंग की वजह से यह सब हो रहा है। खनन से वातावरण में वायु प्रदूषण फैल रहा है। कहते है अगर बारिश ज्यादा हो गयी तो स्थिति और भयानक होगी।

टेड़ा में जमीन पर बिछे ओले।

कालाढूंगी में भी बारिश से किसान चिंतित

कालाढूंगी : शुक्रवार की रात से रूक-रूक कर हो रही बारिश व हवा चलने से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। बारिश के न रुकने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खिंच गई है। बैलपडाव व कोटाबाग के कुछ क्षेत्र में हल्की ओलावृष्टि भी हुई। किसान आनंद सिंह, जीवन जलाल, इन्द्र अटवाल, विशन बगडाव, हरीश राम, प्रताप सिंह, अनिल बालिया ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल में बाली व दाना बनकर तैयार हो रहा है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

महकमों की रस्साकशी में फंसी सड़कें, जनता परेशान

वर्कशाप लाइन व रेलवे स्टेशन के करीब 1.4 किलोमीटर की सड़क खस्ताहाल, बारिश में सड़क के गड्ढों में भरा पानी, राहगीरों के लिए मुश्किल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: तिकोनिया से रेलवे स्टेशन तक और रोडवेज स्टेशन से केमू तक सड़क खस्ताहाल है। कई माह तक यह सड़क नगर निगम और लोनिवि की रस्साकशी में फंसी रही। बाद में लोनिवि ने इस सड़क पर अपना स्वामित्व मान लिया। लोनिवि का कहना है कि सड़क बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है लेकिन रोडवेज स्टेशन के सामने की सड़क की जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं है।

सालों से खस्ताहाल सड़कों की सुध न लेने के चलते आम जनता के सामने परेशानी का सबब बना हुआ है। रोजवेज से लेकर वर्कशाप लाइन समेत रेलवे स्टेशन की करीब 1.4 किलोमीटर की सड़क में गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जबकि सड़क से डामर उधड़ चुकी है। कहीं-कहीं गड्ढों को भरने के लिए ईंटे बिछा दी गईं हैं लेकिन ये भी मरहम भी सड़कों के जख्मों के लिए नाकाफी है।

तिकोनिया से केमू तक जाने पर कई जगहों पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। यही हाल रोडवेज स्टेशन की तरफ है, वहां भी सड़क में गड्ढे हैं। गड्ढों की चौड़ाई इतनी हो गई है कि बारिश के समय यहां छोटे तालाब जैसे बन गए हैं। राहगीरों ने बताया कि सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सड़क की हालत के जिम्मेदार लोनिवि और नगर निगम हैं। करीब दो साल पहले सड़कों की बंटवारा इन दोनों ही विभागों में किया था। इसमें तिकोनिया से लेकर रेलवे स्टेशन तक की सड़क का स्वामित्व का मामला कई दिनों तक फंसा रहा। इस वजह से सड़क में सुधार नहीं हो पाया। दोनों ही महकमे अपना-अपना पल्ला झाड़ते रहे। इधर लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने बताया कि रोडवेज, वर्कशाप लाईन व रेलवे स्टेशन की करीब 1.4 किलोमीटर की सड़क निर्माण के लिए शासन में प्रस्ताव भेजा गया है, बजट की संस्तुति होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इधर रोडवेज स्टेशन के सामने करीब 300 मीटर लंबी सड़क की जिम्मेदारी पर परिवहन निगम, नगर निगम और लोनिवि में रार है। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट भी इस संबंध में पत्राचार कर चुके हैं लेकिन अभी तक सड़क के वही हाल बने हुए हैं। लोनिवि पहले ही इस सड़क से पल्ला झाड़ चुका है तो वहीं नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि सड़क बस अड्डे का ही हिस्सा है। अगर सड़क नगर निगम की होती तो उस हिस्से पर बसें खड़ी नहीं कर सकते हैं। इधर परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम को परिवहन निगम कर देता है ऐसे में सड़क बनाना उसकी जिम्मेदारी है। **उधर,** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बीती 30 नवंबर से प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए थे लेकिन इसके बावजूद अधिकारी एक दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी डालने में ही जुटें हैं।

ईंटे बिछाकर किसी तरह गड्ढों को भरने का प्रयास किया है। ● अमृत विचार

केमू बस अड्डे के पास सड़क में गड्ढे। ● अमृत विचार

सड़क खोद तो दी, मरम्मत करना भूले

हीरानगर इलाके में भूमिगत कार्य के लिए सड़क को तो खोद दी लेकिन मरम्मत नहीं कराई जा सकी है। सड़क को मिट्टी से पाट दिया गया है, जिसके चलते वाहनों के निकलने से धूल उठ रही है। जब इस विषय पर लोनिवि से जानकारी की गई तो पता चला कि भूमिगत कार्य के लिए संबंधित विभाग ने लोनिवि से बिना अनुमति लिए ही सड़क को खोद डाली काम पूरा होने के बाद आनन-फानन में मिट्टी से ढक दिया गया है।

तिकोनिया से लेकर रेलवे स्टेशन तक की सड़क बनाने को लेकर प्रस्ताव शासन में भेजा गया है। वहीं रोडवेज स्टेशन के सामने की सड़क का स्वामित्व अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। **-अशोक कुमार,** ईई, लोनिवि

वह सड़क नहीं बस अड्डे का हिस्सा है

बस अड्डे के सामने खस्ताहाल सड़क को लेकर नगर निगम के सहायक अभियंता नवल नौटियाल ने कहा कि रोडवेज बस स्टेशन के सामने सड़क बस अड्डे का ही हिस्सा है। परिवहन निगम को अपने प्रयासों से उस सड़क को बनवाना चाहिए। उस सड़क के लिए नगर निगम की ओर से बजट जारी नहीं किया जा सकता है।

वर्तमान समय में शहर की आंतरिक सड़कों से लेकर मुख्य सड़कें खस्ताहाल बनी हुई है। कई बार इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों तक के चक्कर काट चुका हूं लेकिन इसके बाद भी समस्या का हल नहीं निकल पाया। **-मन्नू गोस्वामी**

वर्कशाप लाइन की सड़क की हालत करीब 10 साल से खस्ताहाल बनी हुई है। सड़क की डामर व गिट्टी गायब होने के चलते सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिसके चलते सड़कों से धूल का गुबार उठता रहता है, इससे दुकानदारों समेत वाहन चालकों के सामने दिक्कत बनी हुई हैं। **-नितेश**

इतनी महत्वपूर्ण सड़कें खस्ताहाल

तिकोनिया से रेलवे स्टेशन तक और रोडवेज स्टेशन के सामने की सड़कें शहर की महत्वपूर्ण सड़कें हैं। रेलवे स्टेशन को ये सड़कें जोड़ती हैं तो वहीं केमू और बस अड्डा भी यहीं हैं। बाहर से आने वाले यात्रियों को सबसे पहले शहर की खस्ताहाल सड़कें ही दिखाई देती हैं।

पब्लिक यूटिलिटी के तौर पर विकसित होगा आरटीओ परिसर

संवाददाता, हल्द्वानी

पहल

- गौलापार में आरटीओ कार्यालय शिफ्ट होने के बाद पुराने परिसर पर होगा काम
- परिवहन विभाग ने दी है एडीबी को एनओसी

अमृत विचार: नया आरटीओ कार्यालय गौलापार में बनना है। आरटीओ कार्यालय बनने के बाद पुराने आरटीओ कार्यालय परिसर को एडीबी की ओर से पब्लिक यूटिलिटी के तौर पर विकसित करने की योजना है। परिवहन विभाग ने इसके लिए एडीबी को एनओसी दे दी है।

एडीबी आरटीओ परिसर को स्थानीय लोगों की जरूरत के अनुसार विकसित करेगा। आरटीओ परिसर लगभग दो एकड़ जमीन में फैला हुआ है जहां पार्किंग के साथ ही विभाग के सभी कार्यालय बने हुए हैं। पूर्व में वर्तमान आरटीओ कार्यालय को ही नए आरटीओ कार्यालय के तौर पर विकसित करने की योजना थी लेकिन परिवहन आयुक्त और विभागीय अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद गौलापार में बनने वाले ड्राइविंग स्कूल परिसर के पास ही आरटीओ कार्यालय बनाने का निर्णय लिया गया।

बता दें कि काठगोदाम में हिल डिपो का निर्माण पेयजल निगम कर रहा है जिसको ड्राइविंग स्कूल व आरटीओ कार्यालय के निर्माण की जिम्मेदारी भी दी गई है। ड्राइविंग स्कूल और आरटीओ कार्यालय के लिए पहले ही लगभग 36 करोड़ का बजट मंजूर हो चुका है। गौलापार में निर्माण पूरा होने के बाद आरटीओ कार्यालय वहां शिफ्ट हो जाएगा जिससे पुराना परिसर विभाग के किसी उपयोग में नहीं आएगा। इसलिए परिसर को आम जनता की जरूरत के अनुसार विकसित करने की योजना है।

प्रधानमंत्री कर सकते हैं शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ड्राइविंग स्कूल और आरटीओ कार्यालय का वर्चुअली शिलान्यास कर सकते हैं। पूर्व में इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को करना था लेकिन बाद में उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था। अब प्रधानमंत्री को हिल डिपो का वर्चुअली शिलान्यास करना है जिसमें वह गौलापार में बनने वाले ड्राइविंग स्कूल व आरटीओ कार्यालय का भी शिलान्यास कर सकते हैं हालांकि आरटीओ संदीप सैनी ने बताया कि इसके लिए अभी तक कोई अधिकारिक आदेश नहीं आया है।

एक नजर

सस्ता गल्ला के पांच दुकानदारों को नोटिस

दुकान पर नोटिस चिपकाते अधिकारी

हल्द्वानी : सरकारी सस्ते गल्ले की कुछ दुकानों के समय पर नहीं खुलने और बंद होने की सूचना मिल रही थी। पूर्ति विभाग की ओर से छापा मारकर पांच दुकानों पर कार्रवाई की गई है। दुकानदारों को सोमवार को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है। रविवार को निरीक्षण के दौरान टीकम सिंह चुफाल सस्ता गल्ला विक्रेता मानपुर पश्चिम, पार्वती नेगी देवलचौड़, कुंदन शर्मा डहरिया, शैलेंद्र तिवारी तीन पानी, खीमानंद भगत गौजाजाली की दुकानें बंद मिली। यहां तक की दुकानदार मौके पर नहीं थी। कईयों के तो फोन भी बंद थे। सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकानों में मौके पर ही नोटिस चस्पा कर दिया गया है और उन्हें सोमवार को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि जो भी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता प्रतिमाह का खाद्यान्न समय पर नहीं उठाता है, दुकानों से सम्बद्ध राशन कार्ड धारकों को समय पर राशन नहीं देता है। उन सभी को चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण करने वाली टीम में पूर्ति निरीक्षक राहुल डांगी, पूर्ति निरीक्षक अरुण खुब्बे और पूर्ति निरीक्षक मोहित कठायत रहे।

लापता युवती ने युवक पर लगाया अपहरण का आरोप

संवाददाता, नैनीताल

मामला

- युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने के मामले में आया नया मोड़
- पुलिस ने युवक को विभिन्न धाराओं में किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

अमृत विचार: शुक्रवार देर शाम संदिग्ध हालात में लापता हुई पंगोट क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवती ने अब साथ मिले नैनीताल निवासी युवक असीम जलाल पर उसके अपहरण का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपी

ज्ञात रहे कि उक्त युवती शुक्रवार सायं अचानक अपने घर से गायब हो गई थी। युवती को गुलदार के उठा ले जाने की आशंका पर वन कर्मी और ग्रामीण रातभर आसपास के जंगलों में उसकी तलाश करते रहे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इधर शनिवार शाम पुलिस ने जब उसका फोन सर्विलांस पर लगाया तो उसकी लोकेशन नैनीताल में मिली। बाद में पुलिस को गायब युवती नैनीताल के होटल में एक मुस्लिम युवक के साथ मिल गई। इसके बाद युवक व युवती को कोतवाली लाया गया। जहां युवती की काउंसलिंग की गई। रविवार को जब लड़की के बयान दर्ज किए गए तो लड़की ने नैनीताल निवासी असीम जलाल पर अपहरण का आरोप लगाया। बता दें कि युवक शारीरिक रूप से विकलांग है।

आरोपी बोला, युवती ने ही फोन कर घर बुलाया

लापता युवती सीसीटीवी फुटेज में शुक्रवार रात आराम से होटल में टहलती नजर आ रही है। लेकिन अब उसका कहना है कि युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया था। इधर आरोपी युवक के अनुसार युवती ने ही शुक्रवार को उसे फोन कर अपने घर बुलाया था और कहा था कि अगर तुझे मुझसे शादी करनी है तो आज ही आना होगा। तभी मैं उसको लेने उसके घर गया था। युवक का कहना है कि गुलदार वाली कहानी भी युवती ने ही रची थी। युवती ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व डीएसबी से एमए करते समय सोशल मीडिया के जरिये उसकी पहचान आरोपी असीम जलाल से हुई थी। तब उसने उसकी एक मदद की थी और हमने एक दूसरे के साथ अपने फोन नंबर भी साझा कर लिए थे। युवती के अनुसार घटना वाले दिन भी परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर युवक ने उसे अगवा किया था।

महिला के साथ हुई 50 हजार की साइबर ठगी

नैनीताल: मल्लीताल क्षेत्र में एक महिला के साथ 50 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति की ओर से कॉल कर उसके बेटे को जेल होने की बात कही और उसको छुड़ाने के लिए पैसों की मांग की। महिला ने अज्ञात की बातों को सच मानकर उसको पैसे ट्रांसफर कर दिए। महिला ने कोतवाली में शिकायत की है।

मल्ली ताल निवासी हेमा ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका बेटा कांवड़ लेने गया हुआ था। एक अज्ञात नंबर से उसको वीडियो कॉल आया। वीडियो कॉल करने वाले ने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। उसने महिला से कहा कि उसके बेटे को एक अपराध करने के चलते जेल भेजा जा रहा है। उसकी बात सुन महिला रोने लगी और बेटे को छोड़ देने की बात कहने लगी। इस पर अज्ञात व्यक्ति ने तुरंत 50 हजार रूपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने साइबर सेंटर में जाकर 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

दरोगा भर्ती घोटाले में बहाल तीन दरोगाओं को प्रभार, संजीत नए एसओजी प्रभारी बने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

फेरबदल

- एसएसपी ने शनिवार आधी रात 40 दरोगा समेत किए 104 के तबादले

अमृत विचार : आधी रात एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने 40 दरोगा समेत 104 लोगों के तबादले कर दिए। जिसमें 27 अपर उपनिरीक्षक, 10 हेड कांस्टेबल, 22 कांस्टेबल और 5 महिला कांस्टेबल हैं। तीन ऐसे दरोगाओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो दरोगा भर्ती घोटाले के आरोप में निलंबित किए गए थे। एसएसपी के पीआरओ रहे दिनेश चंद्र जोशी को मंगलपड़ाव चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई और आरटीओ चौकी प्रभारी रहे संजीत राठौड़ को नया एसओजी प्रभारी बनाया गया है। मुखानी थानाध्यक्ष रहे प्रमोद पाठक अब एसएसपी के नए पीआरओ होंगे।

जारी तबादला सूची के अनुसार एसआई रविन्द्र सिंह को एसएसपी कार्यालय से प्रभारी एएनटीएफ बनाया गया। जबकि प्रकाश पोखरियाल को एसएसपी कार्यालय से एफएफयू, मनोज कुमार यादव को एसएसपी कार्यालय से साइबर सेल, टीपीनगर चौकी प्रभारी को सुशील चंद्र जोशी को प्रभारी चौकी हीरानगर, पंकज जोशी को साइबर सेल से थानाध्यक्ष मुखानी, भुवन सिंह राणा को थानाध्यक्ष खनस्यू से थानाध्यक्ष चोरगलिया, भगवान सिंह महर को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष कालाढूंगी, प्रकाश सिंह मेहरा को पुलिस लाइन से एसएसआई थाना मल्लीताल, रोहताश सागर को एसएसआई भवाली से थानाध्यक्ष खनस्यूं, अनीस अहमद को प्रभारी एसओजी से थानाध्यक्ष बेतालघाट, दिलीप कुमार को प्रभारी चौकी खैरना से प्रभारी चौकी रामगढ़, धर्मेन्द्र कुमार को प्रभारी चौकी मंगोली से प्रभारी चौकी खैरना, प्रेमराम विश्वकर्मा को एफएफयू से एसएसआई थाना भवाली, त्रिवेणी प्रसाद जोशी को फॉरेंसिक सेल से चुनाव कार्यालय, सादिक हुसैन को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी ओखलकांडा, नीरज चौहान को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी हाईकोर्ट, देवेन्द्र सिंह राणा को प्रभारी चौकी ओखलकांडा से प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव, तारा सिंह राणा को थाना रामनगर से प्रभारी चौकी छोई, जोगा सिंह को प्रभारी चौकी छोई से थाना रामनगर, दीपक बिष्ट को प्रभारी चौकी ढैला से प्रभारी चौकी टीपीनगर, सोमेन्द्र सिंह को प्रभारी चौकी हल्दुचौड़ से प्रभारी चौकी बिन्दुखत्ता, गौरव जोशी को प्रभारी चौकी बिन्दुखत्ता से प्रभारी चौकी हल्दूचौड़, मनोज सिंह अधिकारी को थाना मुखानी से प्रभारी चौकी लामाचौड़, सुनील गोस्वामी को पुलिस लाइन से थाना मुखानी, भूपेन्द्र सिंह मेहता को प्रभारी चौकी रामगढ़ से प्रभारी चौकी मंगोली, विजय कुमार को प्रभारी चौकी सलड़ी से प्रभारी चौकी धानाचूली, विजय कुमार को प्रभारी चौकी धानाचूली से प्रभारी चौकी सलड़ी, रजनी आर्या को थाना बेतालघाट से थाना मुखानी, बलवन्त काम्बोज को प्रभारी एएनटीएफ से प्रभारी चौकी ढैला, मनोज कोठारी को एसआईएस से एसएसआई थाना हल्द्वानी, मंजू ज्याला को एसएसपी कार्यालय से प्रभारी एएचटीयू, बबीता को थाना बनभूलपुरा से थाना हल्द्वानी, प्रेमा कोरंगा को पुलिस लाइन से थाना बेतालघाट, राजकुमारी को पुलिस लाइन से थाना रामनगर, दीपा जोशी को पुलिस लाइन से थाना तल्लीताल, मीनू गौतम को पुलिस लाइन से थाना काठगोदाम और भावना बिष्ट को पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी भेजा गया है।

चोरी को लेकर घेरी कोतवाली

नैनीताल : मल्लीताल क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने नारेबाजी कर तत्काल मामलों का खुलासा करने की मांग की। रविवार को मल्लीताल व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने कोतवाली के सामने एकत्रित होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों ने कहा कि कोतवाली के समीप ही स्थित बाजार की दुकानों में चोरी की घटनाएं हो रही हैं। शिकायत के बाद भी आरोपित को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा नहीं किया जा रहा है। व्यापारियों का आक्रोश देख कोतवाल डीवी सोलंकी वार्ता को पहुंचे। व्यापारियों ने एक सप्ताह के भीतर चोरियों का खुलासा कर आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, सचिव त्रिभुवन फर्त्याल, गिरीश जोशी, राजेश वर्मा, रईस खान मौजूद रहे।

ऊंचापुल से मुखानी की ओर लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

कैंटर खराब होने से जाम लगा

भीमताल : तल्लीताल में अस्पताल से कुछ नीचे एक टैंकर के खराब होने से जाम लग गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक पुलिस के पहुंचने के बाद यातायात सुचारू हो पाया। इधर जाम लगने के कारण पर्यटक व प्रतिदिन आने जाने वाले कारोबारी व स्थानीय जनता खासी परेशान रही। पुलिस ने कड़ी मशक्कत की।

लामबंद खनिज लदे डंपरों से वाहन स्वामियों ने घेरा लालकुआं स्टोन क्रशर, साढ़े 29 रुपये तय हुआ था रेत का दाम

क्रशर ने घटाए दाम, गोरापड़ाव गेट से हड़ताल का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : क्रशर स्वामियों और डंपर मालिकों के बीच रेत के दाम को लेकर रार पैदा हो गई। डंपर मालिकों ने एक तरह से हड़ताल का एलान करते हुए खनिज लदे डंपरों से लालकुआं स्टोन क्रशर को घेर लिया। जिसके बाद गोरापड़ाव गेट से चुगान लगभग रुक गया। विवाद नहीं सुलझा तो सभी 11 गेटों पर हड़ताल हो सकती है।

लगभग सवा महीने पहले गौला नदी से खनिज की निकासी शुरू हुई। क्रशर मालिकों और वाहन स्वामियों के बीच 29.50 रुपये प्रति क्विंटल की दर से रेत खरीदना तय हुआ, लेकिन 10 दिन पहले क्रशर मालिकों ने 2 रुपये घटाए और रविवार को और 2 रुपये कम कर दिए। इससे नाराज गोरापड़ाव गेट के वाहन स्वामियों ने खनिज से वाहन तो भरे, लेकिन क्रशर में माल अनलोड नहीं किया। बल्कि खनिज लदे डंपरों से क्रशर का घेराव कर लिया। तय किया कि जब तक वाहन मालिकों को उचित रेट नहीं मिलता, तब न तो वह माल अनलोड करेंगे और न ही वाहन नदी में उतारेंगे। बहरहाल, वाहन स्वामियों के इस फैसले से गोरापड़ाव खनन गेट में चलने वाले करीब 12 वाहनों में से अधिकांश खड़े हो गए हैं। गौला खनन संघर्ष समिति के अध्यक्ष पम्मी सैफी, दर्पन सिंह, तारा सिंह, उमेश भट्ट, गणेश भट्ट और जग्गू राणा का कहना है कि वाहन स्वामियों का शोषण नहीं होना चाहिए। साल में सिर्फ तीन-चार महीने के लिए कारोबार मिलता है तो उचित भाड़ा भी मिलना चाहिए। वहीं पृथ्वी राज पाठक का कहना है कि हमने गाड़ियां रोक दी हैं। इधर, बताया जा रहा है कि बुधवार को वाहन मालिकों और क्रशर स्वामी के बीच वार्ता होगी।

क्रशर के चारों ओर खड़े खनिज से भरे डंपर। ● अमृत विचार

नए गाड़ी मालिक को और कम मिल रहे दाम

हल्द्वानी : क्रशर मालिकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुराने वाहन चालकों को पहले दो रुपये और अब और दो रुपये कम दिए जा रहे हैं। इस पर अगर कोई नया गाड़ी मालिक खनिज लेकर क्रशर पहुंचता है तो क्रशर उसे 6 रुपये कम में माल खरीदता है। मजबूरी में नए वाहन स्वामियों को यह प्रताड़ना सहन करनी पड़ रही है। जबकि निकासी से पहले एसएडीएम की मध्यस्ता में वाहन और क्रशर मालिकों के बीच 29 .50 रुपये का रेट तय हुआ था।

11 गेट से रोज निकलता है 9 लाख क्विंटल खनिज

हल्द्वानी : गौला नदी के 11 खनन गेटों से करीब 9 लाख क्विंटल खनिज रोजाना निकाला और क्रशर तक पहुंचाया जाता है। इन 11 गेटों पर करीब 7500 डंपर चलते हैं और सिर्फ 12 डंपर गोरापड़ाव खनन गेट से निकासी करते हैं। एक डंपर 115 से 120 क्विंटल माल लोड कर क्रशर के लिए निकलता है। ऐसे में अगर वाहन स्वामियों और क्रशर मालिकों के बीच उपजा विवाद न सुलझा तो इससे न सिर्फ वाहन व क्रशर मालिकों को नुकसान होगा, बल्कि सरकार का राजस्व भी डूबेगा।

बरसात में यातायात हुआ बदहाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बरसात में जनजीवन के साथ यातायात भी बदहाल हो गया। हालत यह हुई कि ऊंचापुल से मुखानी चौराहे तक दो तरफा लंबा जाम लग गया और इस दूरी को पूरा करने में लोगों को एक घंटे से अधिक का वक्त लग गया। जाम लगने की भी कोई ठोस वजह नहीं थी, लेकिन लोगों को उलझे रहना पड़ा।

मुखानी चौराहा शहर के सबसे व्यस्तम चौराहों में से एक है। लालडांठ तक यातायात के लिहाज से सड़क भी संकरी है। जाम में फंसे एक राहगीर ने बताया कि वह कालाढंगी से मुखानी चौराहे की ओर जा रहा था, लेकिन ऊंचापुल पहुंचने पर ही जाम मिल गया। पहले लगा कि जाम कुछ दूर तक है, लेकिन इस इंतजार में लंबा समय गुजर गया।

भीमताल हल्द्वानी मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

मरम्मत कार्य होने से यातायात बाधित

भीमताल : भीमताल हल्द्वानी मार्ग पर कई किमी लंबा जाम लगा रहा। लोक निर्माण विभाग इन दिनों मार्ग पर मरम्मत आदि के कार्य किए जा रहे हैं। वहीं इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए रानीबाग पुल से लेकर भीमताल तक दर्जनों स्थानों पर कार्य किया जा रहा है। इसके चलते जगह-जगह निर्माण सामग्री व अन्य सामग्री फैली हुई है। निर्माण स्थल पर वाहनों के लिए उचित प्रबंध नहीं होने के कारण वाहन फंस जा रहे हैं। इसी कारण रविवार को 18 किमी मार्ग पर कई जगह जाम लगा रहा।

सार-संक्षेप

कालाढूंगी के कार्बेट म्यूजियम में वन्य जीव संरक्षण की पेंटिंग दिखाते छात्र।

छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम से किया जागरूक

कालाढूंगी : वन्य जीव संरक्षण दिवस पर कॉर्बेट म्यूजियम में छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम से वन्य जीव संरक्षण का संदेश दिया। कॉर्बेट ग्राम विकास समिति, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व व वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया। रविवार को इस कार्यक्रम में ग्रीन कॉरिडोर चैंपियन कार्यक्रम के तहत कॉरिडोर से लगे स्कूलों में वॉल पेंटिंग बनाकर वन्य जीवों के संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। कॉर्बेट म्यूजियम में क्षेत्र के छात्रों को समिति के मोहन पांडे ने वन्य जीवों के बारे में जानकारी दी। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी सत्य बिष्ट, द्वितीय स्थान कुमारी प्रियांशी पांडे व तृतीय स्थान हर्षित पांडे ने प्राप्त किया। इस दौरान समिति के कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से म्यूजियम प्रभारी पूरन सिंह बिष्ट ने वन्य जीव संरक्षण पर अपने विचार रखे।

महिला डिग्री कॉलेज में आयोजित शिविर में मंचासीन अतिथि।

चरित्र का विकास करना एनएसएस का उद्देश्य

हल्द्वानी : महिला डिग्री कॉलेज में एनएसएस इकाइयों के विशेष शिविर की शुरूआत हुई। विशिष्ट अतिथि डॉ. नीता साह ने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। इससे पहले शिविर में कार्यक्रम अधिकारियों सहित सभी स्वयंसेवियों ने हवन में आहुति दी। इस अवसर पर डॉ. प्रभा साह, डॉ. रूमा शाह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत, मुख्य अतिथि भगवान सहाय, प्रभारी एनएसएस डॉ. ललिता जोशी, सुनील खाती, चंद्रशेखर भट्ट आदि उपस्थित रहे।

खनस्यू में थानाध्यक्ष को विदाई देते जनप्रतिनिधि और ग्रामीण। ● अमृत विचार

कम संसाधनों में अपराध रोकने के प्रयास की सराहना

भीमताल : खनस्यू थाने में तैनात प्रथम थानाध्यक्ष बीएस राणा का स्थानांतरण चोरगलिया होने पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें विदाई दी। अवगत कराया कि नया थाना होने के बावजूद कम संसाधनों में भी उन्होंने अपराध में रोकथाम के लिए जो प्रयास किए वह तारीफ के योग्य हैं। इस दौरान राजीव आर्या, रवि गोस्वामी, राजेन्द्र बर्गली, मदन परगाई आदि मौजूद थे।

थाना अध्यक्ष नंदन सिंह रावत को विदाई देते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कालाढूंगी में थानाध्यक्ष रावत को दी विदाई

कालाढूंगी : नगर के निवर्तमान थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत को जनप्रतिनिधियों व पुलिस कर्मचारियों ने विदाई दी। रविवार को थाना परिसर में आयोजित समारोह के दौरान लोगों ने निवर्तमान थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत को काफी लोकप्रिय बताया। इस दौरान दीपक बनौला, सईद अहमद, विनोद बुढलाकोटी, कमल जंतवाल, एसआई गगनदीप सिंह, नीशू गौतम, किशन गौतम, जसवीर सिंह मौजूद रहे।

दुकान में रखा मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में दिखा चोर

हल्द्वानी : कोतवाली थाना क्षेत्र के मंडी में एक दुकान के अंदर घुसकर व्यक्ति ने मोबाइल चोरी कर लिया। नसरतपुर गाजीपुर निवासी विनोद राजभर की मंडी में दुकान है। बीती 28 फरवरी को वह दुकान में सो रहे थे, तभी एक व्यक्ति दुकान में घुसा और उनका मोबाइल चोरी कर ले गया। चोर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

बनभूलपुरा में है बागजाला का असली 'मास्टर माइंड'

वन विभाग ने चिह्नित किए हैं 700 पक्के अतिक्रमण, लेकिन रडार पर नहीं है सरकारी जमीन बेचने वाला मास्टर माइंड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बागजाला का असली मास्टर माइंड बनभूलपुरा में है। ये वही आदमी है जिसने अपने गुर्गों के साथ मिलकर बागजाला की सरकारी जमीन को स्टांप में बेच डाला और मालामाल हो गया। बावजूद इसके ये मास्टर माइंड वन विभाग और प्रशासन की राडार पर नहीं है। हालांकि वन विभाग ऐसे 700 पक्के अतिक्रमण चिह्नित किए हैं, जिन्हें बिजली और पानी का कनेक्शन तक उपलब्ध करा दिया गया है।

बता दें कि बीते शनिवार को वन विभाग ने प्रशासन और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बागजाला में आठ अतिक्रमण ध्वस्त किए थे। इन अतिक्रमण में ऐसे भवन थे, जो निर्माणाधीन थे। हालांकि बताया यह जा रहा है कि बागजाला में एक हजार से अधिक भवनों का निर्माण कर लिया गया है। अब जो नए निर्माण हो रहे हैं, उन जमीनों को 5 लाख से 12 लाख रुपये प्रति हजार स्क्वायर फीट के हिसाब से बेचा गया है और वो भी स्टांप पर। सूत्रों का कहना है कि बनभूलपुरा में ऐसे तीन लोग हैं, जिन्होंने बागजाला की जमीनों पर पहले कब्जा किया और फिर मनमाने दाम पर बेचा। यानी जिससे जैसा सौदा हो गया, उसे उस हिसाब से जमीन बेच दी गईं। वहीं वन विभाग ने जिन 700 पक्के अतिक्रमण को चिह्नित किया है, उनके पास बिजली और पानी के कनेक्शन हैं। इसके अलावा भी बागजाला की जमीन पर अतिक्रमण हैं, लेकिन उन्हें अभी तक चिह्नित नहीं किया गया है। सूत्र तो यहां तक कहते हैं कि बागजाला की जमीन का सौदा करने वालों में एक व्यक्ति राष्ट्रीय पार्टी का पूर्व पदाधिकारी भी है।

बीते दिन बागजाला में अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी। ● फाइल फोटो

अतिक्रमण अभियान के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष से मिलने पहुंचे बागजाला के लोग। ● अमृत विचार

लौट कर नहीं आए हिंसा के दिन से फरार लोग, दर्जनों रडार पर

हल्द्वानी, अमृत विचार : मलिक का बगीचा और बनभूलपुरा में अभी ऐसे तमाम घर हैं, जिन पर ताला लटका है। इसमें तमाम मकान मालिक और कई किराएदार हैं, जो हिंसा के दिन से फरार है। ऐसे दर्जनों लोग पुलिस की रडार पर हैं। माना जा रहा है कि ये लोग उत्तर प्रदेश और दिल्ली में दुबके बैठे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि हिंसा के मामले में पुलिस अभी कुछ और पत्थरबाज महिलाओं की गिरफ्तारी कर सकती है। बता दें कि बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा में महिलाओं ने भी पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम पर जमकर पत्थर बरसाए थे। ऐसी 5 पत्थरबाज महिलाएं सलाखों के पीछे पहुंच चुकी हैं। इस मामले में आरोपियों की शिनाख्त अभी भी जारी है। बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में अभी और कई पत्थरबाज महिलाओं को गिरफ्तार कर सकती है। वहीं बनभूलपुरा थानाक्षेत्र के ऐसे दर्जनों लोग राडार पर हैं, जिनके घर पर हिंसा के बाद से ही ताला लटका है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर कई लोगों को पहचान भी कर ली है और अब उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। ऐसे कई लोगों के उत्तर प्रदेश और दिल्ली में दुबके होने की खबर है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया हिंसा से जुड़े हर आरोपी को ट्रेस किया जा रहा है। हिंसा के जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

बागजाला के लोगों ने नेता प्रतिपक्ष से लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बागजाला के लोगों ने अतिक्रमण अभियान के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से गुहार लगाई है। इन्दर पाल आर्य के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष से मिलने पहुंचे लोगों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

लोगों का कहना था कि वर्ष 1978 में बागजाला में लोगों को पट्टे आवंटित हुए थे, लेकिन सरकारी तंत्र की उदासीनता के कारण 2008 में पट्टे नवीनीकृत नही हो पाए। बीती 2 मार्च को गांव के 8 गरीब लोगों के घर ढहा दिए गए। लोगों ने नेता प्रतिपक्ष से मामले में दखल देने और भविष्य में अतिक्रमण अभियान रुकवाने की गुहार लगाई। नेता प्रतिपक्ष ने घटना की निंदा की और भरोसा दिया आगे किसी का घर नहीं तोड़ा जाएगा। इस मामले में वह खुद मुख्यमंत्री करेंगे। इस दौरान कैलाश चंद्र, विपिन राज, राजेंद्र प्रसाद, जगदीश आर्य, हरीश चंद्र, मनीराम, गोविंद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, चंदन प्रकाश, मोहन राम, दया किशन आदि मौजूद रहे।

उत्थान मंच में पदों के लिए फिर से लड़ाई

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ बगडवाल और कुंवर ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

अमृत विचार: पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक बलवंत सिंह चुफाल की मृत्यु के बाद अब संस्था में पदों पर दावेदारी को लेकर लड़ाई छिड़ गई है। अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने कहा कि हुकुम सिंह कुंवर संस्था के संरक्षक नहीं हैं। उधर हुकुम सिंह ने जवाबी हमला करते हुए कहा कि बगडवाल स्वयं अवैध तरीके से अपने पद पर काबिज हैं।

विगत दिनों पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक बलवंत सिंह चुफाल की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद हुकुम सिंह कुंवर ने स्वयं को मंच का संरक्षक बताया। इधर उत्थान मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने कहा है कि हुकुम सिंह कुंवर मंच के संरक्षक नहीं हैं। विगत 6 फरवरी को उन्हें संरक्षक पद से पदमुक्त किया जा चुका है। कहा कि वह संस्था के संस्थापक सदस्य भी नहीं हैं। उनकी ओर से यह प्रचार किया जाना कि वह संस्था के संरक्षक हैं, पूरी तरह से गलत है। इधर हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि मुझे पद से हटाने का अधिकार खड़क सिंह बगडवाल को नहीं है। यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। निबंधन सोसायटी दफ्तर में आपत्ति दर्ज की है और बगडवाल को मानहानि के दावे का भी नोटिस दिया है। कहा कि खड़क सिंह स्वयं अवैध तरीके से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान के अध्यक्ष पद पर काबिज हैं। कहा कि हमने युवावस्था से संस्था के लिए संघर्ष किया है।

महिला रामलीला की तालीम हुई शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार: पुनर्नवा महिला समिति महिला रामलीला आयोजित करने जा रही है जिसके लिए समिति ने तालीम शुरू कर दी है। रामलीला का मंचन अप्रैल में पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में होगा। आकृति सोसायटी जजफार्म में रविवार को तालीम की शुरूआत की। दया किशन लोहनी, मनोज नेगी, भगवती बिष्ट व हेमा हरबोला के नेतृत्व में तालीम हुई।

समिति सचिव शांति जीना ने बताया कि महिला रामलीला के आयोजन के लिए अधिकांश पात्रों का चयन हो गया है। रामलीला में अभिनय करने वालों में 11- 50 वर्ष तक की महिलाएं हैं। तालीम के दौरान अध्यक्ष लता बोहरा, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, रेखा रावत, यशोदा रावत, अंजना बोरा आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों ने पदाधिकारियों पर तानाशाही का लगाया आरोप

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल हल्दूचौड़ इकाई के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव को जिला इकाई के कुछ पदाधिकारियों ने असंवैधानिक करार देते हुए रुकवा दिया था। इससे हल्दूचौड़ नगर इकाई और जिले के कुछ पदाधिकारियों में मतभेद पैदा हो गए हैं।

रविवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए हल्दूचौड़ इकाई के नवीन कार्यकारिणी के व्यापारी नेताओं ने जिला इकाई के कुछ पदाधिकारियों पर निजी हित के लिए संगठन की छवि धूमिल किए जाने का आरोप लगाया। साथ ही सामूहिक रूप से व्यापार मंडल की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दिए जाने की चेतावनी दी। व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से मामले का समाधान करने की मांग की है। इस संबंध में प्रांतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है वह उक्त विषय में जिलाध्यक्ष से वार्ता करने के उपरांत ही कुछ निर्णय लेंगे।

इस दौरान वरिष्ठ व्यापारी रमेश दुमका, पानदेव मिश्रा, राजेंद्र सिंह राणा, बहादुर सिंह बिष्ट, कमल जोशी, राजेंद्र गिरी, कृष्णानंद जोशी, दिनेश सिंह बिष्ट, हरीश चंद्र मिश्रा, कमल राणा, राकेश भट्ट, विशाल वर्मा, देव बहादुर राणा, दिनेश पांडे मौजूद रहे।

हल्दूचौड़ में पत्रकारों से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

निगमों, निकायों के कार्मिकों को मिलेगा 4 प्रतिशत डीए

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। संघ लंबे समय से सार्वजनिक निगमों, निकायों और उपक्रमों के कार्मिकों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ते को जुलाई 2023 से देने की मांग कर रहा है जिस पर सीएम धामी ने संबंधित फाइल का अनुमोदन कर दिया है। महासंघ के अनुरोध पर मुख्यमंत्री के सचिव सुंदरम ने आचार संहिता से पहले सार्वजनिक निगमों, निकायों और उपक्रमों के कार्मिकों के लिए महंगाई भत्ते को लागू करने के निर्देश दिए।

15 दिन बाद भी नहीं मिला 9वीं का छात्र

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ जिस दिन से लापता हुआ उसी दिन शीतला मंदिर के पास दिखा

▸▸ 17 फरवरी को स्कूल जाने की बात कहकर निकला था घर से

अमृत विचार : लापता 9वीं का छात्र 15 दिन बाद भी नहीं मिला। उसे आखिरी बार शीतला माता मंदिर के पास देखा गया था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं। पुलिस उसे जल्द तलाश लेने का दावा कर रही है।

मूलरूप से पदमपुरी के पास रहने वाले सुभाष दुम्का का 15 वर्षीय बेटा भाष्कर यहां शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहता है। वह यहां हिमालय विद्या मंदिर आवास विकास में 9वीं कक्षा का छात्र है। परिजनों के मुताबिक बीती 17 फरवरी की सुबह साढ़े 8 बजे भाष्कर तैयार होकर घर से स्कूल के लिए निकला था, लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। परिजनों को स्कूल में पता लगा कि स्कूल 17 फरवरी को बंद था और पैरेंट्स मीटिंग थी। जिसके बाद परिजन काठगोदाम पुलिस के पास पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। तलाश में जुटी पुलिस ने पड़ताल की तो भाष्कर नैनीताल की ओर पैदल जाता दिखाई दिया। 17 फरवरी को ही उसे शीतला माता मंदिर में जाते और फिर आते देखा गया। सीसीटीवी फुटेज में उसकी उतरते हुए तस्वीर तो कैद हुई, लेकिन नैनीताल रोड पर वह कहीं नहीं दिखा। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि छात्र की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

वीआईपी कल्चर खत्म करने की मांग उठाई

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड लेखपाल संघ ने राज्य से वीआईपी कल्चर को समाप्त किए जाने की मांग मुखर कर दी है। लेखपाल संघ के प्रांतीय महामंत्री तारा चंद्र घिल्डियाल ने कहा कि एक ओर सरकार भ्रष्टाचार मुक्त राज्य का संकल्प ले रही है तो दूसरी ओर वीआईपी के नाम पर प्रदेश के पटवारियों का शोषण हो रहा है।

तारा चंद्र घिल्डियाल।

उन्होंने कहा कि आर्थिक संसाधनों के अभाव में वीआईपी की आवभगत में लगने से पटवारियों को आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि वीआईपी कार्यों के खर्चों के लिए प्रत्येक जिले में प्रीपेड व्यवस्था हो।

उन्होंने कहा कि वैसे भी राज्य के पटवारी संसाधनों के अभाव का दंश झेल रहे हैं। इसलिए लेखपाल संघ ने सात मार्च से प्रदेश में प्रमाणपत्र बनाए का पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। सात मार्च से प्रमाणपत्र बनाने के बहिष्कार का निर्णय 23 फरवरी को लेखपाल संघ के अद्यक्ष हुकुम सिंह प्रांतीय अद्यक्ष की काशीपुर में सम्पन्न बैठक में लिया जा चुका है।

लामबंद

▸▸ सात मार्च से प्रमाणपत्र बनाने का होगा बहिष्कार

▸▸ वीआईपी के नाम पर हो रहा पटवारियों का शोषण

पहल | भिटोई भकार नाम से अपना स्टार्ट अप शुरू किया, जगह-जगह लगा रहे प्रदर्शनी

शहर के पिकासो कूची से झकझोर रहे समाज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर के युवा कला के क्षेत्र में खासी दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने भिटोई भकार नाम से अपना स्टार्ट अप शुरू किया व जगह-जगह प्रदर्शनी लगाकर अपनी कूची का कमाल दिखा रहे हैं।

स्टार्ट अप की फाउंडर दिव्या जोशी कहती हैं कि हम मुख्य रूप से एपण कला का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग अपनी बाइक-कार आदि पर झंडे लगाते हैं, इसलिए इस पर एपण करके बेचा जाता है। इसके अलावा लोटे, प्लेट, गुल्लक, मोमेंटो आदि पर भी एपण किया जाता है।

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय से फाइन आर्ट में मास्टर की डिग्री लेने के बाद अपनी एक अन्य साथी पारूल बिष्ट के साथ उन्होंने दिसंबर-2023 में भिटोई भकार नाम से स्टार्ट अप शुरू किया। उन्होंने बताया कि भिटोई का अर्थ भेंट देना व भकार अन्न आदि को रखने लड़की, मिट्टी आदि से बना बड़े आकार का बर्तन होता है, जिसका मतलब हमारा भकार एपण कला से भरा हुआ है व हम उसे लोगों को भेंट कर रहे हैं।

वह कहती हैं कि अब तक कई जगहों पर पेंटिंग की प्रदर्शनी लगा चुकी हैं लेकिन कला के प्रति लोगों में कम होती रूचि चिंताजनक है। वह कहती हैं कि बीते जनवरी माह में उन्होंने सरस मार्केट में प्रदर्शनी लगाई थी, जिसमें सौ से ज्यादा पेंटिंग रखीं लेकिन उसमें से गिनती की पेंटिंग ही बिकीं।

दिव्या जोशी।

पारूल बिष्ट।

अनसुनी चीख सीरीज की हुई चर्चा

दिव्या जोशी की अनसुनी चीख सीरीज की एक पेंटिंग।

दिव्या जोशी की अनसुनी चीख सीरीज की पेंटिंग्स ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है, जिसमें उन्होंने महिलाओं के साथ लगातार हो रहे यौन हमलों की घटनाओं के बाद भी समाज की चुप्पी और कुछ दिनों में इन्हें सामान्य घटनाएं मानकर भूल जाने की मानसिकता पर प्रहार किया है। वह कहती हैं कि अखबारों में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार की खबरें छपने व लोगों की इस पर सामान्य प्रतिक्रियाओं से आहत होती थीं, इसलिए उन्होंने अनसुनी चीख सीरीज पर पेंटिंग बनाना शुरू किया। इधर, पारूल बिष्ट बताती हैं कि उन्होंने नंदा राजजात यात्रा सीरीज के तहत पेंटिंग्स बनाई हैं, जिसमें मां नंदा की डोली, चौसिंग्या खाडू आदि की पेंटिंग्स शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ दर्जनों अन्य कलाकार भी जुड़े हुए हैं।

उन्होंने बताया कि इस दौरान 1200 से 6000 रुपये तक की पेंटिंग बिक पाईं, जबकि वहां 35-40 हजार रुपये तक की पेंटिंग थीं। उन्होंने कहा कि भारत रंग महोत्सव के दौरान रामनगर में उनकी अच्छी-खासी पेंटिंग बिकी थीं। अब वह और उनकी टीम आगामी 31 मार्च से 9 अप्रैल तक उज्जैन व्यापार मेले में जाएंगी।

सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी पर चर्चा

संवाददाता, नैनीताल

आयोजन

▸▸ हरमिटेज भवन में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ

अमृत विचार: कुमाऊं विश्वविद्यालय हरमिटेज में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ।

तीसरे दिन की शुरुआत अंतिम सत्र से हुई। इसमें कृषि एवं पर्यावरण विकास के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा की गई। सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. संजय कुमार झा, सचिव एईडीएस ने फसलों पर बढ़ते आपत्तिजनक खरपतवार के प्रकोप और मशरुम उत्पादन जैसे लाभदायक आयामों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रो. जीत राम, डॉ. छत्रपाल, डॉ. चंद्रगिरी चरेलु, डॉ. संजय कुमार झा एवं हंगरी से आए वैज्ञानिक डॉ. लास्लो राडोक्स, डॉ. गाबोर तारकोली ने मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।

अपने उत्कृष्ट शोध प्रदर्शन के लिए डॉ. नंदन सिंह, डॉ. जावेद इक़बाल, डॉ. कीर्ति नगरकोटी, डॉ. मैत्री को सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रदर्शन एवं कीर्ति तनेजा, कुमारी लेपचा, कुमारी तोशिबा, रेहान को द्वितीय एवं डॉ. वेद प्रिया, डॉ. संजय, कुमारी खिहाम को तृतीय मौखिक प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रदर्शन के लिए कुमारी शिल्पा, कुमारी स्वाति जोशी को पुरस्कृत किया गया। साथ ही अनुज कुमार सिंह, कुमारी सृजना बिश्वास, कुमारी मोनिका, कुमारी चंद्रप्रभा को पोस्टर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिला।

सार संक्षेप

भूसे की समस्या को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

विधायक मोहन बिष्ट को ज्ञापन सौंपते गौलापार के किसान। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : किसान मोर्चा, गौलापार मंडल ने भूसे की समस्या को लेकर रविवार को विधायक मोहन सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि सरकार आगामी अप्रैल माह से ही भूसे की बिक्री बाहरी राज्यों व फैक्ट्रियों में नहीं होने दे, जिससे पशुपालकों को आसानी से कम कीमत पर भूसा मिल सके। इस अवसर पर मनमोहन गडकोटी, आनंद रावत, दीवान सम्मल, रवींद्र रैकुनी, प्रकाश बेलवाल आदि मौजूद रहे। विधायक ने किसानों की मांग सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

भगवती कलेक्शन सेंटर में 200 मरीजों की जांच

निशुल्क कैंप का आयोजन करने वाली टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : मां भगवती कलेक्शन सेंटर पैथकाइंड लैब दो नहरिया जगदंबा नगर में रविवार एक दिवसीय निशुल्क कैम्प का आयोजन हुआ, जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने अपनी शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन व फुल बॉडी चेकअप के साथ ही विटामिन की जांचें करवाईं। इस अवसर पर कलेक्शन सेंटर लैब की निदेशक मनीषा जोशी ने बताया कि मां भगवती कलेक्शन में समय-समय पर नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है। कहा कि स्वस्थ रहने के लिए लोगों को कुछ माह की अंतराल में फुल बॉडी चेकअप जरूर करवाना चाहिए।

गोकर्ण उपाख्यान का प्रसंग सुनाया

चारधाम मंदिर में आयोजित भागवत कथा में पूजा करते लोग। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : चारधाम मंदिर में चल रही भागवत कथा में रविवार को कथा व्यास कपिल देव महाराज ने भक्ति महारानी और गोकर्ण उपाख्यान का प्रसंग सुनाया। इस दौरान भक्ति रस में डूबे सभी श्रद्धालुओं ने कथा को सुना। कथा अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक हुई। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जमन सिंह निगल्टिया, सचिव गोपाल पड़लिया, नीरज तिवारी, स्वामी नयन दास महाराज, प्रधान कमल पड़लिया, प्रमोद पलड़िया, रमेश, भास्कर आदि उपस्थित रहे।

कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश

हल्द्वानी : कुमाऊं कप क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए यंग बॉयज ने सभी विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए। जवाब में उतरी कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 8 विकेट खोकर 140 रन से मैच अपने नाम किया। टीम के लिए सर्वाधिक 51 रन की पारी काव्य जोशी ने खेली। कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

37 करोड़ की योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

कालाढूंगी : क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत ने विकासखंड कोटाबाग सिंचाई नहरों के जीर्णोद्धार के लिए 37 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। कहा कि अब कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव व चकलुवा क्षेत्र के किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिए परेशान नहीं होने पडेगा। पार्वती बैंकट हाल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक भगत का राजकीय ठेकेदारों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार वर्मा, सहायक अभियंता गणेश दत्त पांडे, पुस्कर कत्यूरा, केसी रजवार, हरीश भट्ट, यशवंत सिंह, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, जोगा मेहरा आदि उपस्थित थे।

पूछड़ी में ग्रामीणों ने निकाला मशाल जुलूस

मशाल जुलूस निकालते ग्रामीण। ● अमृत विचार

रामनगर : वन विभाग द्वारा ग्राम पूछड़ी नई बस्ती में काबिज लोगों की बस्तियों को हटाने की मुनादी से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को छात्र संगठन आइसा के नेतृत्व में मशाल जुलुस निकाला। तय हुआ कि सोमवार को एक शिष्टमंडल डीएफओ तराई पश्चिमी प्रकाश आर्य से मिलकर उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान सुमित, शबनम, अनिता देवी, रुखसाना, गुंजन देवी, चंद्रप्रकाश, पूनमदेवी, किशनपाल, फरजाना, मतलूब हुसैन, सक़ीना, रुखसार, आदि मौजूद रहे।

कोसी बैराज में किया पक्षियों का अवलोकन

बैराज पर पक्षियों का अवलोकन करते प्रकृति प्रेमी।

रामनगर : कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त महिला जिप्सी चालक, कार्बेट टाइगर रिजर्व के स्टाफ द्वारा कोसी बैराज, टेढ़ा के आस-पास के क्षेत्रों में एक दिवसीय पक्षी अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विदेशी पक्षियों एवं स्थानीय पक्षियों को देखा गया। लोग रंगबिरंगे पक्षियों को देखकर रोमांचित दिखे। स्कूली छात्र-छात्राओं को धनगढ़ी स्थित कार्बेट इन्टरप्रिटेशन सेन्टर और कालाढूंगी स्थित जिम कार्बेट म्यूजियम का भ्रमण कराया गया। पक्षी अवलोकन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान धर्मपाल सिंह नेगी, अजीत कुमार चौहान, बच्ची सिंह बिष्ट, दिगन्ध नायक, आमित कुमार ग्वासीकोटी मौजूद रहे।

चुनाव से पहले आईटीबीपी व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

रामनगर/हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। यह बात दीगर है कि अभी भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तिथियों का ऐलान नहीं किया है। लेकिन फिर भी शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस व प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को रामनगर में कोतवाली पुलिस एवं आईटीबीपी के जवानों ने संयुक्त रूप से नगर में फ्लैग मार्च निकाला। इसमें एसडीएम राहुल शाह, पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी, कोतवाल अरुण कुमार सैनी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर काठगोदाम और बैलपड़ाव में भी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च निकाल। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा ने टीम के साथ पुरानी चुंगी काठगोदाम, नारीमन, नई बस्ती, रेलवे स्टेशन, कोलटैक्स, कैनाल रोड, गायत्री नगर व शीशमहल में थाने के पुलिस बल व आइटीबीपी के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के जरिये आम जनता को निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया। इसके साथ ही कालाढूंगी के कस्बा बैलपड़ाव क्षेत्र में बैलपड़ाव चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज ने पुलिस टीम व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया।

रामनगर में फ्लैग मार्च करते आईटीबीपी व पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

विपिन और नदीम बने जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष

हल्द्वानी, अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने नदीम खान और पंकज कंसल को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। समस्त व्यापारियों ने उनके मनोयन पर हर्ष जताया है। बताया कि संगठन की महानगर महिला प्रकोष्ठ इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

बार चुनाव : अध्यक्ष पद पर गोविंद और किशोर के बीच सीधा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बार चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया पर रविवार को ब्रेक लग गया। चुनावी घमासान के दूसरे दिन चार अधिवक्ताओं ने अलग-अलग पदों पर अपनी दावेदारी पेश की। अध्यक्ष पद पर जहां दो दिग्गज अधिवक्ता आमने-सामने होंगे वहीं वहीं अन्य पदों पर भी कड़ा मुकाबला दिखाई दे सकता है। हालांकि सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसके बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी की आम बार एसोसिएशन चुनाव में कितने दावेदार मैदान में डटे रहते हैं और कौन कदम पीछे खींचता है।

रविवार को हल्द्वानी बार एसोसिएशन के आम चुनाव में नामांकन का दूसरे दिन था।

सरगर्मी

- **दूसरे दिन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष और सदस्य पद पर एक-एक नामांकन हुआ**

पहले दिन शनिवार को जहां 26 अधिवक्ताओं ने अपनी ताल ठोकी वहीं दूसरे दिन केवल चार लोगों की ही दावेदारी सामने आई। नामांकन प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। रविवार को अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता किशोर पंत ने नामांकन दखिल किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता संजय, कोषाध्यक्ष पद के लिए चंदन बोरा, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर भरत सिंह बिष्ट और सदस्य पद के लिए विवेक कुमार गुप्ता न अपनी दावेदारी पेश की।

इतने पदों पर पेश हुई दावेदारी

अध्यक्ष – अधिवक्ता गोविंद सिंह बिष्ट और अधिवक्ता किशोर पंत
उपाध्यक्ष – धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा
सचिव – मोहन सिंह बिष्ट, संतोष कुमार नेगी, ललित मेर, जितेंद्र सिंह बिष्ट
महिला उपाध्यक्ष – भगवती पलड़िया, सुलक्षणा श्रीवास्तव
संयुक्त सचिव – योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार, प्रदीप लोहनी
संयुक्त सचिव प्रेस – योगेश कुमार पाठक, रविंद्र पाल सिंह तोमर, सुधांशु तिवारी
कोषाध्यक्ष – आदित्य कुमार, चंदन बोरा
लेखाधिकारी – राजेंद्र प्रसाद पांडे, गौरव सिंह बिष्ट
पुस्तकालय अध्यक्ष – वशीरत जहां, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, भरत सिंह बिष्ट
सदस्य – पंकज कंबडवाल, मोहित पांडे, लोकेश राज चौधरी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सागर, विवेक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार श्रीमाली
सदस्य (महिला) – नीलू शर्मा, हिना बोरा

बता दें कि सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। जहां अन्य पदों पर कड़ा घमासान बार चुनाव में देखने को मिल सकता है। वहीं दूसरी तरफ अध्यक्ष पद के लिए दोनों दिग्गज अधिवक्ताओं के बीच रोचकतापूर्ण मुकाबला दिखाई देगा।

भाजपा समाज को लेकर चलने वाली पार्टी :भट्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: तीनपानी स्थित बैंक्वट हॉल में भाजपा ओबीसी हल्दूचौड़ मंडल का सामाजिक सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट और लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम हुआ। सुरेश भट्ट ने कहा कि भाजपा समाज को लेकर चलने वाली राष्ट्रीय पार्टी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में पहले स्थान पर पहुंचा दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हल्दूचौड़ मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने की। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप, दीपक बहुगुणा, सुनील साहू, हरिमोहन अरोरा, राजेश साहू, वीरेंद्र जायसवाल, रामरूप गुप्ता, शिवाकांत आदि उपस्थित रहे।

भाजपा ओबीसी मोर्चा सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पत्रकारों को जानकारी देते वनाधिकार समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बिंदुखत्ता को जल्द मिलेगा राजस्व गांव का दर्जा

लालकुआं। वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने के लिए वन अधिकार समिति बिंदुखत्ता द्वारा किए जा रहे प्रयास अब सार्थक होते नजर आ रहे हैं। खंड स्तरीय समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव को पास कर जिला स्तरीय समिति को भेज दिया गया है।

इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ व अन्य पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि अब जिला स्तरीय समिति में प्रकरण की जांच के बाद शासन को प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा प्राप्त हो जाएगा। इधर, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाए जाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाए जाने की प्रक्रिया वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जिला स्तरीय समिति के कार्यालय में गतिमान है, और अब इसे मुख्यमंत्री की घोषणा में भी शामिल करवा दिया गया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, सचिव भुवन चंद्र भट्ट, कुंदन चुफाल, श्याम सिंह रावत, चंचल सिंह कोरंगा मौजूद रहे।

भट्ट को दोबारा प्रत्याशी बनाने पर मिठाई बांटी

संवाददाता भीमताल/नैनीताल/कालाढूंगी

अमृत विचार : नैनीताल ऊधम सिंह सीट से सांसद अजय भट्ट को दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने पर भीमताल नगर मंडल के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने मिठाई बांटी। इस दौरान केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए तिकोनिया में ढोल नगाड़े बजाकर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमला आर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, महामंत्री कमलेश रावत, योगेश तिवारी दीपक पांडे, दिनेश सांगुड़ी, भावना पांडे, संदीप पांडे, शिप्रा जोशी, गौतम मटियाली मौजूद रहे। नैनीताल में मल्लीताल पंत पार्क में एकत्रित होकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित किया। सांसद प्रतिनिधि गोपाल बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 सीटों पर चुनाव जीतेगी।

कालाढूंगी में अजय भट्ट को लोकसभा प्रत्याशी बनाने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कालाढूंगी के बैलपड़ाव में सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मंयक तिवारी, सुरेन्द्र बोहरा, ग्राम प्रधान रजविन्द्र कौर, तरसेन सिंह, हरीश कांडपाल, हेम पाठक, हर्षित छिम्वाल, हरी सिंह बोहरा, दीवान बिष्ट, धर्मानंद सती आदि मौजूद रहे।

भीमताल के तिकोनिया में मिठाई बांटते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आत्मनिर्भर बनने को आगे आएं महिलाएं

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : आत्मनिर्भर बने महिलाएं, इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। यह बात विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने महिला सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं इसलिए हर महिला आत्मसम्मान के साथ स्वरोजगार का विकल्प चुने। प्रगतिशील पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के मैदान में महिला मोर्चा अध्यक्ष नीमा मठपाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट, माया रावत, रुची गिरी शर्मा, नीमा मठपाल, किरन रावत ने संयुक्त रूप से किया। निधि मेहरा व मनप्रीत कौर संयुक्त संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली 70 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान मालधन मंडल अध्यक्ष दीपा भारती, ममता पांडे, आशा जोशी, आशा रावत, शांति बिष्टानिया, कनिका रौतेला, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, वीरेंद्र रावत, मनमोहन मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

रागों से जमाया बैठकी होली में रंग

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: शास्त्रीय संगीत के साथ बैठकी होली में होल्यारों ने अपने गायन से सबका दिल जीत लिया। रंगकर्मी कैलाश चन्द्र त्रिपाठी के आवास चित्रकूट चोरपानी में विभिन्न शास्त्रीय रागों में बैठकी होली का आयोजन किया गया। देर रात तक चली होली बैठक में प्रमुख होली गायकों में हल्द्वानी से आए देवकीनंदन जोशी, हेमंत त्रिवेदी, गिरिजा शंकर पंत, हरिद्वार से आए प्रकाश पांडे और काशीपुर से मोहित उपाध्याय, शरद पंत ने शिरकत की। तबला संगत में कमल जोशी, अभिषेक, चित्रेश त्रिपाठी, कन्नू उस्ताद आदि रहे।

उधर, नैनीताल में भी 10 मार्च को आयोजित होली कार्यक्रम को लेकर रविवार को लेक सिटी क्लब की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया। वहीं रानी शाह, दीपिका बिनवाल, प्रेम अधिकारी, सीमा सेठ, तनु सिंह, दीपा पांडे, हेमा भट्ट, रानी शाह, जीवंती भट्ट, अमिता शाह को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संचालन क्लब की सचिव रमा भट्ट ने किया। बैठक में ज्योति, सरिता त्रिपाठी, कविता, कंचन, तुलसी आदि मौजूद रहीं।

हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की बैठक हुई, जिसमें 9 मार्च को तिरुपति बैंकट हॉल में होली मिलन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने बताया कि कार्यक्रम श्री हरी शरणम जन के भाईजी के सौजन्य से किया जाएगा।

बैठक में प्रतिभाग करती लेक सिटी की महिलाएं। ● अमृत विचार

एक नजर

नहीं रहे 1962, 1965 और 1971 की लड़ाई लड़ने वाले गणेश रुमाल

खटीमा। भारत-चीन और भारत-पाक युद्ध में दुश्मन से लोहा लेने वाले चार कुमाऊं रेजीमेंट के 92 वर्षीय सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर गणेश सिंह रूमाल का बीते दिवस निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को बनबसा के शारदा घाट पर किया गया। मूलरूप से रूप सकुन पिथौरागढ़ निवासी सेवानिवृत सूबेदार मेजर गणेश सिंह रुमाल सपरिवार लंबे समय से यहां आकर अमाऊं के मयूर विहार कालोनी में निवास कर रहे हैं। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका राममूर्ति अस्पताल भोजीपुरा बरेली में चल रहा था। जिनका शनिवार को उपचार के दौरान निधन हो गया। सेवानिवृत्त रूमाल चार कुमाऊं रेजीमेंट में रहते हुए 1962 में चीन तथा 1965 और 1971 में पाक से हुए युद्ध में हिस्सा लेते हुए दुश्मन के छक्के छुड़ाए थे।

दिव्यांग बच्चों के बाल गृह का उद्घाटन

काशीपुर। चामुंडा मार्ग पर स्थित बाल देखभाल संस्थान/घर का रविवार को उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने फीता काटकर किया। इस दौरान जैन ने बताया कि वात्सल्य योजना के तहत अनमोल फाउंडेशन संस्था को 11 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए बाल गृह की संचालित करने की अनुमति दी है। फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीनाक्षी चौहान ने बताया कि सर्व सुविधायुक्त आवास होने से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समग्र सुविधा मिल सकेगी। इस मौके पर सतीश चौहान नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, अनमोल फाउंडेशन के चेयरमैन राम सिंह, शिवांगी आदि मौजूद रहे।

पहले दिन 20 हजार नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

विधायक अरोरा ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ, रुद्रपुर शहरी क्षेत्र में कुल 41274 को पिलायी जानी है ड्रॉप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऊधमसिंह नगर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हो गया है। इसके तहत जिला अस्पताल रुद्रपुर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर और नवजात शिशुओं को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। वहीं शहर में पहले दिन 20 हजार नौनिहालों को पोलियो ड्राप पिलायी गयी।

रविवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा पोलियो ड्राप नवजात शिशु के लिये वरदान है। इस अभियान की शुरुआत के बाद से हमने पोलियो जैसी बीमारी पर विजय प्राप्त की है। इसे एक अभियान के रूप में लेकर गांव से लेकर बस्ती और घर-घर तक बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर उनके जीवन को सुरक्षित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं को सभी माता पिता पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं।

नोडल अधिकारी पल्स पोलिया रुद्रपुर डॉ. आरडी भट्ट ने बताया कि रुद्रपुर शहरी क्षेत्र में शून्य से 5 वर्ष के 41274 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जानी है। इसके लिए 147 बूथ, 30 बूथ सुपरवाइजर, 109 घर-घर टीमें, 11 ट्रांजिट टीम और एक मोबाइल टीम बनायी गयी है। जो बच्चे आज ड्रॉप पीने से छूट गये हैं उन्हें यह टीम घर-घर जाकर ड्राप पिलाएगी।

इस अवसर पर पीएमएस डॉ.आरके सिंहा, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, डॉ. राजेश आर्या, डब्ल्यूएचओ डॉ. मिनाक्षी, डॉ. नागेंद्र चौधरी, डॉ. अजयवीर सिंह, डॉ. अजय नागर, डॉ. प्रेरणा पायल, डॉ. मनीष नेगी, नीलम डोगरा, प्रदीप महर, हेम चंद्र पंत, दीपा जोशी आदि मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

बाजपुर के उपजिला चिकित्सालय में बच्चों को ड्रॉप पिलाते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

पोलियो खुराक देते सीएमएस।

खटीमा में 128 बूथों पर पहुंचे नौनिहाल

खटीमा। नागरिक चिकित्सालय में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुषमा नेगी ने नन्हें बच्चे को पोलियो ड्राप पिलाकर की। अभियान के तहत रविवार को 13572 नौनिहालों को दो बूंद जिंदगी की पोलियो ड्राप पिलाई गई। नागरिक चिकित्सालय में अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ नेगी ने कहा कि लोगों को जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो बूथ पर आकर पोलियो खुराक दिलानी चाहिए। उन्होंने बताया कि पहले 128 पोलियो बूथों पर 13572 यानी लक्ष्य का 49 प्रतिशत नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। उन्होंने कहा कि सोमवार से घर घर जाकर बचे हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जायेगी।

खटीमा में ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ करतीं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेगी।

बच्चों को पोलियों ड्रॉप पिलातीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा चन्द्रा व अन्य।

पोलियो ऐसी बीमारी है जो कभी भी हो सकती है

बाजपुर। राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत रविवार को उपजिला चिकित्सालय में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते व प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.पीडी गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर की गई। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गित्ते ने कहा कि पोलियो लकवा की ऐसी बीमारी है जो कभी भी और किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है जिसमें बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण इससे ग्रस्त होने की संभावना अधिक रहती है। इसके जड़समूल के लिए यह राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए सभी लोगों से अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को 2 बूंद पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है। डा.पीडी गुप्ता ने कहा कि पोलियो ड्राप के साथ ही बच्चों को जरूरी संपूर्ण टीकाकरण भी करवाना चाहिए, जो उन्हें 12 जानलेवा बीमारियों से बचाए रखता है। बताया गया कि विकासखंड क्षेत्र में 9 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के तहत कुल 33205 बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई जानी है। इसके लिए 164 बूथ बनाए गए हैं। 94 टीमों का गठन किया गया है, जोकि सोमवार से घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी। इन टीमों की निगरानी के लिए 32 सुपरवाइजरों को नियुक्त किया गया है।

सुल्तानपुर पट्टी में पंचायत कार्यालय में दी गई ड्रॉप

सुल्तानपुर पट्टी। नगर में सात दिवसीय पल्स पोलियो अभियान शुरू हो गया है। इसमें जन्म से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गयी। पल्स पोलियो अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता व एएनएम के द्वारा नगर में जगह जगह 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। रविवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा चन्द्रा, एनजीओ कार्यकर्ता सत्यवती ने पल्स पोलियो अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय पहुंचीं। बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ : खालिद यूनुस ने बताया कि नगर मे 28 बूथ बनाये गए हैं जिसका उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा दवाई से बंचित न रहे और नगर के बूथों पर 2 हजार 930 बच्चो को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई।

काशीपुर में 106 बूथों पर 15725 नौनिहालों को पिलाई गई दवा

काशीपुर। काशीपुर में 15725 नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलाई गई। एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सीएमएस डॉ. खेमपाल, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश नेगी ने नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाकर बूथ का उद्घाटन किया। रविवार को सायं पांच बजे तक 106 बूथों पर पंजीकृत 15 हजार 725 के सापेक्ष आठ हजार 277 नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। सूपरवाइजर डीएन पांडे ने बताया कि चार से नौ मार्च तक 40 टीम घर-घर जाकर वंचित नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलाएगी। अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे तक पहुंचने की कोशिश है। मौके पर डॉ. राजीव पुनेठा, डॉ. कमलजीत सिंह, पीसी सनवाल, सचिन सक्सेना, किरण चौहान, अनुपमा, विशाल रूहेला आदि मौजूद रहे।

भदईपुरा में सीसी मार्ग का लोकार्पण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विधायक शिव अरोरा ने भदईपुरा क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत 120 मीटर सीसी रोड का लोकार्पण किया।

इस दौरान विधायक अरोरा का स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। रविवार को लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। प्राथमिकता के आधार पर लगातार रुद्रपुर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भदईपुरा क्षेत्र के लोगों का विधानसभा चुनाव में भरपूर आशीर्वाद मिला था और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिये लगातार हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और समग्र क्षेत्र के विकास को पूरी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार के मार्गदर्शन में हम रुद्रपुर को विकास के पथ पर आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर राजेश यादव, आशीष यादव, लल्ला यादव, सुमित यादव, प्रदीप थापा, रमेश रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

भदईपुरा में सीसी मार्ग का लोकार्पण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

पैसे नहीं देने पर बेटे ने मां को पीटा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: नशे के आदी बेटे ने मां की ओर से पैसे नहीं देने पर न केवल घर का फ्रिज, खिड़कियों के शीशे तोड़फोड़ दिए बल्कि अपनी मां की जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसका पैर टूटा गया। अब पिता ने पुत्र के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

देवरी निवासी चंचल सिंह टम्टा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उनका पुत्र मंजीत टम्टा नशे का आदी हो गया और आए दिन गांव में चोरियां और घर के सामान की तोड़ फोड़ करता है। तहरीर में बताया है कि एक मार्च शाम करीब पांच बजे की घटना है जब वह नशे के लिए अपनी मां से पैसे मांगने लगा और मना करने पर उसने घर का फ्रीज सहित खिड़की के शीशे तोड़ने लगा और जब उसकी मां ने रोकना चाहा तो उसने डंडे से अपनी मां की जमकर पिटाई कर दी, जिसमें उसका पैर फैक्चर हो गया। शोर शराबा होने पर बमुश्किल आसपास के लोगों ने आकर उसकी मां की जान बचाई। लोगों के आने पर उसने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पिता चंचल सिंह ने बेटे मंजीत के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के साथ-साथ परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार की है। पुलिस ने चंचल सिंह की तहरीर पर मंजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

शर्मनाक

▸▸ **महिला का पैर टूटा, घर का फ्रिज और खिड़कियों के शीशे भी तोड़े**

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरी पत्नी के समस्त दस्तावेजों में उसका नाम प्रतिभा PRATIBHA व जन्मतिथि 2/2/1980 दर्ज है जो सही है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम प्रतिभा देवी PRATIBHA DEVI व जन्मतिथि 2/2/1979 दर्ज है जो गलत है। - **सूबेदार राजेश आर्मीनं.JC4918511**

जीबी पंत विवि को मिली रनिंग ट्रॉफी

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने अंग्रेजी एवं हिन्दी में डिबेट के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में आयोजित अखिल भारतीय नंदलाल गादिया स्मृति डिबेट-2024 में प्रतिभाग किया। इसका विषय भारत में जाति जनगणना राष्ट्रीय हित में है।

मेवाड़ विश्वविद्यालय चित्तौड़गढ़ में आयोजित डिबेट में कई विश्वविद्यालयों के 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पंतनगर विश्वविद्यालय को अंग्रेजी डिबेट में पहला और हिन्दी डिबेट में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही विश्वविद्यालय को अंग्रेजी एवं हिंदी डिबेट के स्कोर को मिलाकर ओवरऑल रनिंग ट्रॉफी भी प्राप्त हुई। डिबेट में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार विश्वविद्यालय की बीएससी एजी (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष की छात्रा शंभवी को दिया गया। हिंदी डिबेट में विश्वविद्यालय की छात्रा शगुन एवं अनिशिखा दूसरे स्थान पर रहीं। विद्यार्थियों के इस सफल प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की।

ट्रॉफी के साथ विजेता विद्यार्थी और अतिथि। ● अमृत विचार

गेहूं के खेत में दिखा तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत का माहौल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: क्षेत्र में तेंदुआ की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। ग्राम दियोहरी फार्म के नजदीक तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है, जिसके चलते ग्रामीणों का देर-सबेर घर से खेतों पर जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुआ पकड़ने की गुहार लगाई है।

पिछले लंबे समय से विकासखंड क्षेत्र में वन्य जीव तेंदुआ की मौजूदगी बनी हुई है और अब यह वन्य जीव शिकार की तलाश में आबादी की ओर रुख कर गए हैं, जोकि अनेक पालतु कुत्तों आदि को अपना शिकार बना चुके हैं। शनिवार की देर रात दियोहरी फार्म के नजदीक गेहूं के खेत में तेंदुआ देखा गया। कुत्तों के भौंकने के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने लाइट इत्यादि जलाई तो तेंदुआ गेहूं की खेत से होता हुआ जंगल की ओर भाग गया। तेंदुआ दियोही फार्म में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गया है। इस घटना के बाद से ग्रामीण खासे दहशत में हैं और देर-सबेर घरों से खेतों की ओर नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुआ पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की है।

गेहूं के खेत में कैमरे में कैद तेंदुआ। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

प्रतियोगिता नरेश अरोरा ने 18 रन देकर चार विकेट लिए, हर्ष ने 40 बॉल पर 69 रन बनाए

अनहद सीड्स ने वोल्टास लिमिटेड को 127 रन से हराया

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: एमनिटी स्कूल के मैदान पर अनहद ग्रुप और वोल्टास लिमिटेड के बीच 20 ओवरों का क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें अनहद सीड्स ने वोल्टास लिमिटेड को 127 रन से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच अनहद सीड्स के कप्तान नरेश अरोरा रहे।

रविवार को एमनिटी स्कूल के खेल मैदान प्रथम कप कार्निवल क्लैश 2023-24 अनहद सीड्स और वोल्टास लिमिटेड के बीच खेले गए मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट ग्राउंड बन जाने से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अनहद सीड्स के डायरेक्टर लवली हुड़िया ने कहा स्वस्थ शरीर के लिए खेलना भी जरूरी है। अनहद ग्रुप के कप्तान नरेश अरोरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। अनहद की टीम ने तीन विकेट पर 196 रन बनाए, जिसमें हर्ष ने 40 गेंद पर 69 रन मुकेश ने 32 रन राहुल हड़िया ने 8 रन अनहद हुड़िया ने 5 रन गौरव ने 27 रन बनाए। इसके जवाब में वोल्टास लिमिटेड की टीम मात्र 11 ओवर में 69 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें अभिषेक ने 23 सानंद ने 14 रन बनाए अनहद सीड्स की तरफ से नरेश अरोरा ने चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट लिए, हर्ष ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट, ऋषि पाल ने एक ओवर पांच गेंद में 14 रन देखकर तीन विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच अनहद सीड्स के कप्तान नरेश अरोरा को दिया मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे और अनहद ग्रुप के एमडी लवली हुड़िया ने विजेता टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस मौके पर अनहद ग्रुप के एमडी लवली हुड़िया, रजत हुड़िया, राकेश भुड्डी, राहुल हुड़िया, सुभाष अरोड़ा शगुन बत्रा, नूर आलम, वीके सिंह, जितेंद्र सिंह, गौरव ग्रोवर, शिव शर्मा, विशाल राजपूत, सोनू सिंह, राजपूत मनीष टमटा आदि खेल प्रेमी मौजूद थे।

एमनिटी खेल मैदान पर मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडे विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी देते हुए। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

वाहन चालक के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज

खटीमा। जिला सूचना अधिकारी ने वाहन से भेजे गए प्रचार प्रसार हेतु कैलेंडर वर्ष 2024 को वितरित न कर खटीमा क्षेत्र में बेचने वाले के वहां चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिला सूचना अधिकारी जीएस बिष्ट ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड देहरादून से उत्तराखंड सरकार के द्वारा प्रचार प्रसार हेतु प्रकाशित वर्ष 2024 के कलेंडर जन सामान्य को वितरण करने हेतु वाहनों से जनपदों में भेजे गए थे, जिनके द्वारा इन कैलेंडरों को जन सामान्य को वितरित न कर खटीमा क्षेत्र में बेचकर अमानत में खयानत की गई है। जिला सूचना अधिकारी ने इन कैलेंडरों को बरामद कर दोषियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पिछले दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं को यह सूचना मिली कि एक कबाड़ी की दुकान पर उत्तराखंड सरकार द्वारा नववर्ष 2024 के कैलेंडर देखे गए।

दो वारंटी किये गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर अलग-अलग मामलों के दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित चल रहे वारंटी टांडा उज्जैन निवासी राजेश पुत्र मोतीराम को गिरफ्तार किया। वहीं कटोराताल चौकी पुलिस ने भी पक्का कोट नागनाथ मंदिर निवासी वारंटी मनोज पाल पुत्र जगदीश पाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस टीम में टांडा चौकी प्रभारी मनोज जोशी, कांस्टेबल जगत सिंह, देवानंद व कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी व कांस्टेबल गिरीश मठपाल शामिल रहे।

नौ दिन से लापता महिला को खोजने की गुहार

काशीपुर। नौ दिन से लापता महिला का सुराग न लगने पर पति ने पुलिस को तहरीर सौंपकर उसे खोजने की गुहार लगाई। मोहल्ला पक्काकोट निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 फरवरी से उसकी 36 वर्षीय पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गई, जिसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

कुमाऊं आयुक्त की जांच में मामला सही पाए जाने पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

भूमि बेचने के नाम पर एक करोड़ की धोखाधड़ी

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: जमीन बेचने के नाम पर एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। कुमाऊं आयुक्त द्वारा मामले की जांच किए जाने के बाद मामला सही पाए जाने पर कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

शांतिपुरी निवासी ललित मोहन जोशी पुत्र स्व. पुरुषोत्तम जोशी ने कहा कि भूमि खरीदने को लेकर उनका किच्छा निवासी महेंद्र पुत्र स्व. गोकुल दास से अनुबंध हुआ था जिसके तहत भूस्वामी महेंद्र द्वारा ग्राम सुनहरा तहसील किच्छा में अपने एवं अपने परिवार की संपत्ति 9.25 एकड़ भूमि का विक्रय 87 लाख 51 हजार

रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रार्थी के नाम विक्रय करने का अनुबंध किया था। पीड़ित ने बताया कि अनुबंध के समय प्रार्थी द्वारा 20 लाख की धनराशि भू स्वामी महेंद्र एवं उनके पुत्र दीपक को भुगतान कर दी तथा उसके बाद प्रार्थी द्वारा 80 लाख रुपये का भुगतान महेंद्र के पुत्र दीपक को किया गया। पीड़ित ने बताया कि शर्तों के अनुसार एक करोड़ रुपये की धनराशि देने के बावजूद आरोपियों ने भूमि का विक्रय पत्र नहीं बनाया। इसके बाद प्रार्थी द्वारा एसआईटी की जांच किए जाने का आवेदन किए जाने के बाद जांच शुरू हो गई।

उन्होंने बताया कि एसआईटी जांच के दौरान महेंद्र एवं उनके पुत्र दीपक द्वारा 20 लाख रुपये की धनराशि लेना स्वीकारते हुए 80 लाख रुपये प्राप्त करने से इनकार कर दिया तथा उस दौरान पीड़ित के पास दीपक द्वारा धनराशि प्राप्त करने की डायरी उपलब्ध न होने के चलते वह धनराशि देना साबित नहीं कर पाया और एसआईटी जांच को बंद कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि डायरी मिलने के बाद उसके द्वारा एसआईटी जांच अधिकारियों के सामने सबूत रखा गया तथा अन्य व्यक्ति से वार्ता के दौरान भी भू स्वामी महेंद्र ने 20 लाख तथा 80 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त करने की बात स्वीकार की है, जिसका ऑडियो भी उपलब्ध है। पीड़ित ने बताया कि एक तरफ भूस्वामी महेंद्र द्वारा विक्रय पत्र बनाने की सहमति एसआईटी के सामने की गई थी वहीं दूसरी तरफ उनके द्वारा किच्छा निवासी मनोज कुमार, राजेंद्र पाल, विशाल अग्रवाल एवं देवेंद्र कुमार सेतिया के नाम पर भूमि को कर दिया गया। इसके बाद जमीन नामांतरण वाद के विरुद्ध पीड़ित द्वारा लिखित शिकायत किए जाने के बाद विवाद तहसील किच्छा में विचाराधीन है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा दी गई एक करोड़ रुपये की धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दो लोगों से 10 लाख की ठगी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों से 10 लाख की ठगी हो गई, जिसमें दोनों लोगों की ओर से कोतवाली में साइबर क्राइम की धाराओं में मामला दर्ज कराया गया है।

नगर पालिका के वार्ड नंबर-4 मोहल्ला गांधीनगर निवासी अमरीक सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह को उनके रिश्तेदार रंगा सिंह के नाम से एक व्यक्ति ने फोन कर कहा कि वह कनाडा से बोल रहा है, यहां एजेंट राणा इजाज खान जोकि स्काई टूर एंड ट्रेवल्स में कार्य करता है ने मेरे पासपोर्ट व जरूरी दस्तावेज जब्त कर लिए हैं जिससे मुझे काफी परेशानी हो रही है और वह मुझसे पांच लाख रुपये मांग रहा है। रिश्तेदार होने के चलते उसकी बात पर भरोसा हो गया। इसके बाद

जांच शुरू

- दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों को लिया झांसे में, साइबर क्राइम की धारा में मामला दर्ज

तथाकथित रंगा सिंह द्वारा उन्हें इसी नंबर पर राणा इजाज खान से बात कर पैसा देन की अपील की गई। रिश्तेदार को मुसीबत में फंसा जान उसने खाता संख्या 42651705995 में पांच लाख रुपये अपने खाते से स्थानांतरित कर दी। इसके बाद उक्त रंगा सिंह को कई बार फोन किया तो वह फोन नहीं उठा रहा था जिससे उन्हें ठगी का ऐहसास हुआ। वहीं दूसरी घटना ग्राम बैंतखेड़ी बन्नाखेड़ा निवासी हरि सिंह पुत्र जागन सिंह के साथ हुई है। हरि सिंह ने कहा है कि उसका एक्सिस बैंक बाजपुर में खाता है, जिसमें कुछ माह पहले उसको फोन काल आई, जोकि अपना नाम नवीन बता रहा था और एक्सिस बैंक में कस्टमर केयर से बोलने की बात कही गई थी।

कहा गया कि क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कीजिए, जब उसने कहा कि मुझे अपना क्रेडिट कार्ड का प्रयोग नहीं करना है तो उसने कहा कि आपके नंबर पर एक ओटीपी आएगा, उससे आपका क्रेडिट कार्ड बंद हो जाएगा। बात पर विश्वास कर जैसे ही ओटीपी बताया तो केडिट कार्ड में 4,88,667 रुपये का लोन हो गया और उसके तुरंत बाद केडिट कार्ड से ऑनलाइन 4,98,000 रुपये ट्रांसफर हो गए तथा 4,88,667 लोन व 9,333 रुपये उसके खाते से कट गए। वापस उक्त व्यक्ति को काल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो नंबर बंद आया। पुलिस ने दोनों मामलों मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डबल मर्डर में तीन आरोपी धरे, एक की तलाश

मामूली कहासुनी में मारा था आकाश और अजय को चाकू, फरार आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी टीम

खुलासा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: आईटीआई थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात हुई चाकूबाजी की घटना में हुए डबल मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों ने मामूली कहासुनी में दो युवकों को चाकू मारा था। पुलिस ने तीनों का चालान कर उन्हे कोर्ट में पेश किया।

रविवार को मामले का खुलासा कर एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि दो गुटों में मामूली कहासुनी में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के कुमाऊं कॉलोनी निवासी आकाश व जसपुर खुर्द निवासी अजय कश्यप पर चाकू से प्रहार कर दिया था, जिसमें आकाश की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं अजय ने दूसरे दिन इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। मामले में पुलिस ने आकाश के भाई चमन सैनी की तहरीर पर आरोपी कार्तिक शर्मा, गर्व मेहरा, दीपक उर्फ हुड्डा व एक अन्य अज्ञात मुकदमा दर्ज कर लिया था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर नूरपुर (कुण्डेश्वरी) की तरफ से आते हुए एक मोटर साइकिल से जैतपुर मोड़ के पास से आरोपी विवेक कुमार पुत्र सतेन्द्र कुमार निवासी ढक्रिया नंबर-1 कुण्डेश्वरी व गर्व मेहरा पुत्र स्व. हरि मेहरा निवासी श्यामपुरम कॉलोनी गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक अन्य आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नजीबाबाद से काशीपुर आते हुए परमानंदपुर के पास से दीपक कुमार उर्फ हुड्डा निवासी पच्चा वाला बंगाली कॉलोनी, भीमनगर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना के दिन पहनी खून लगी कमीज व घटना में प्रयुक्त चाकू को उसके घर के स्टोर रूम से बरामद किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उधर एक आरोपी कार्तिक शर्मा निवासी ढकिया नंबर 1, कुंडेश्वरी अभी फरार चल रहा है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश किया।

पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसआई अनिल उपाध्याय, जीवन सिंह चुफाल, दीवान सिंह बिष्ट, सुशील कुमार, प्रकाश सिंह बिष्ट, मनोज जोशी, विनोद जोशी, एसओजी प्रभारी मनोज धौनी, एएसआई सोम सिंह सिंह, हेड कांस्टेबल हेमचन्द्र, कांस्टेबल नीरज शुक्ला, जितेन्द्र सिंह, गिरीश कांडपाल, अमित राणा, महेंद्र नयाल, सुरेन्द्र काम्बोज, गिरीश विद्यार्थी, रमेश बंग्याल, उमेश तोमक्याल, राजकुमार, एसओजी कांस्टेबल ललित कुमार, कैलाश तोमक्याल, राजेन्द्र कश्यप शामिल रहे।

गिरफ्तार आरोपियों व पुलिस टीम के साथ डबल मर्डर का खुलासा करते एसएसपी।

तीन दिन से छानबीन कर रही थी पुलिस

घटना के बाद से लगातार पुलिस की चार टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी और पिछले तीन दिन से आरोपियों के संभावित स्थानों पर छानबीन कर रही थी। दोहरे हत्याकांड के आरोपियों की तलाश में पुलिस ने पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में भी लिया था। वही आरोपियों की तलाश में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने काशीपुर शहर व आसपास के इलाके सहित यूपी के बागपत, मुरादाबाद व बिजनौर जिले में भी दबिश दी। जिसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों गर्व, दीपक व विवेक को गिरफ्तार कर लिया। वही एक आरोपी कार्तिक अभी फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

ये था मामला

कुमांऊ कॉलोनी निवासी चमन सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 फरवरी की रात करीब नौ बजे वह अपने साथी सुमित के साथ्ज्ञ चैती मोड़ स्थित नर्सरी से अपने घर की ओर जा रहा था। तभी चैती तिराहे पर पहुंचे, तो वहां गर्व मेहरा ने उनके साथ गाली गलौच करते हुए उन्हें रूकने को कहा, जिसका उन्होंने विरोध किया तो गर्व मेहरा मारपीट करने लगा। बाद में गर्व मेहरा वहां से चला गया। इस बीच चमन व उसका साथी वही रूककर अपने भाई आकाश का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद गर्व अपने दोस्तों कार्तिक शर्मा व दीपक कुमार उर्फ हुड्डा व एक अन्य को लेकर वहां आया और दोबारा मारपीट करने लगा। इस बीच चमन का भाई आकाश व उसका दोस्त अजय भी मौके पर आ गये और वह बीच बचाव करने लगे। जिस पर हमलावरों ने आकाश व अजय पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिये। जिसमें आकाश व अजय गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां आकाश को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया और अजय को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। दूसरे दिन अजय ने भी एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

फरार कार्तिक को इनामी घोषित करने की तैयारी

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि फरार आरोपी कार्तिक शर्मा अपराधिक किस्म का युवक है। जिस पर पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है। जिसके तलाश में पुलिस टीम लगी है और लगातार दबिश दे रही है। एसएसपी ने बताया कि फरार आरोपी कार्तिक को इनामी घोषित किया जाएगा।

फर्जी परचेज मैनेजर के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सिडकुल की एक कंपनी के लेखा प्रबंधक ने कंपनी के नाम के फर्जी और कूटरचित दस्तावेज बनाने वाले फर्जी परचेज मैनेजर पर अन्य कंपनियों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। साथ ही लेखा प्रबंधक ने सिडकुल चौकी में फर्जी परचेज मैनेजर के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिडकुल चौकी पुलिस को सौंपी तहरीर में सिडकुल 10 प्लॉट नंबर 15 स्थित बेल राइस इंडस्ट्रीज कंपनी के लेखा प्रबंधक का कहना है कि उनकी कंपनी का रजिस्टर्ड ऑफिस डी-39 एमआईडीसी वालुज शम्भाजी नगर औरंगाबाद महाराष्ट्र में है। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी को दो अज्ञात व्यक्ति उनकी कंपनी के गेट पर पहुंचे और अपने को सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजी कंपनी पलवल हरियाणा का कर्मचारी बताया और सिक्योरिटी गार्ड रवि कुमार पांडे से कंपनी में परचेज मैनेजर कुनाल शर्मा के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कंपनी ने फाइव जिंक एलॉय की डिमांड की थी एवज में कंपनी ने 32 लाख 87 हजार जारी कर दिया गया है, जिसके संबंध में दोनों ने कंपनी के नाम और फर्जी मोहर लगे हुए

सख्ती

- कंपनी के नाम फर्जी व कूटरचित दस्तावेज बनाने का आरोप
- कंपनी के लेखा प्रबंधक ने पुलिस से लगायी मदद की गुहार

कुछ दस्तावेजों की छाया प्रतियां भी दी। दस्तावेजों की जांच की तो फर्जी व कूटरचित तरीके से बनाये गये थे। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी मेटल ड्रीम कंपनी का एक दूसरा मामला संज्ञान में आया है। यहां भी फर्जी परचेज मैनेजर ने कंपनी के नाम पर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर दि नैनीताल बैंक 50 लाख 77 हजार 946 मेटल कंपनी को दिया। एवज में कंपनी ने उनकी कंपनी को भेज दिया। अंदेशा है कि कोई गिरोह योजनाबद्ध तरीके से षड्यंत्र कर फर्जी व कूटरचित दस्तावेज बनाकर और फर्जी परचेज आर्डर के माध्यम से अन्य कंपनियों से करोड़ों रुपयों के माल की ठगी करने की फिराक में है। उन्होंने कंपनी के नाम के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज बनाने वाले और अपने को परचेज मैनेजर बताने वाले कुनाल शर्मा नाम के व्यक्ति के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि कंपनी को किसी भी प्रकार नुकसान न हो। कंपनी के लेखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ठग गिरोह का सरगना दबोचा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना क्षेत्र में सरकारी जमीन को अपनी बताकर बेचने और करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को पुलभट्टा पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी द्वारा किच्छा, सितारगंज, पुलभट्टा एवं बहेड़ी आदि क्षेत्रों में करीब चार करोड़ रुपये की ठगी की गई है। पुलिस के मुताबिक विगत 10 नवम्बर को ग्राम कुरैय्या, कोतवाली किच्छा निवासी अकील अहमद एवं तौफीक अहमद पुत्र तज्जन ने पुलभट्टा थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए कहा कि मूल रूप से इस्लामनगर वार्ड नंबर 3, थाना सितारगंज तथा वर्तमान में वार्ड नंबर 20, इंदिरा नगर थाना पुलभट्टा निवासी मोहम्मद आरिफ

शिकंजा

- किच्छा, सितारगंज, पुलभट्टा एवं बहेड़ी आदि क्षेत्रों में करीब चार करोड़ रुपये की ठगी का आरोप

उर्फ बाबू एवं इंदिरा नगर सिरौली कला, कोतवाली किच्छा निवासी मोहम्मद अली द्वारा सिरौली कला तहसील किच्छा के खाता सं0-02097 के खसरा सं0-477, रकबा 0.230080 हेक्टेयर भूमि खाद के खड्डे में दर्ज सरकारी जमीन को अपनी जमीन बताकर बेचने के नाम पर 39 लाख रुपये ठगी कर ली गई। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इस्लामनगर, वार्ड नंबर 3, थाना सितारगंज निवासी आरोपी मोहम्मद आरिफ उर्फ बाबू को थाना अंतर्गत भंगा बिल्हौर-बहेड़ी बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा तथा कारतूस बरामद कर लिया। उसने साथी मोहम्मद अली के साथ सिरौली कला में सरकारी जमीन को अपनी जमीन बताकर अकील व तौफीक के साथ 39 लाख की ठगी की थी। पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया गया कि उनके गिरोह का सरगना आवास विकास किच्छा निवासी हाजी अबरार है तथा हाजी अबरार और उसका साला जावेद तथा सितारगंज निवासी वाहिद अवैध कालोनियां काटकर लोगों को स्टांप पेपर पर जमीन बेच देते हैं। पुलिस के अनुसार इन लोगों द्वारा किच्छा, सितारगंज, पुलभट्टा, बहेड़ी आदि स्थानों पर इसी तरह फर्जी काम कर लोगों से लगभग चार करोड रुपए की ठगी करने की बात प्रकाश में आई है।

दो आरोपियों की तलाश में दबिश

काशीपुर। बिना प्रपत्र एक घर में चल रही शुगर की आयुर्वेदिक दवाई बनाने के मामले में पुलिस ने एक संचालक को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन उसके दो साथी अभी भी फरार चल रहे है। जिनकी पुलिस तलाश में लगी है और उनकी तलाश में उत्तराखंड सहित यूपी में दबिश दे रही है।

बता दें कि शुक्रवार की शाम को जिलाधिकारी के निर्देश पर कुंडेश्वरी के धनपुरा स्थित एक घर में छापा मारा था, जहां टीम को घर में शुगर की मधुमेह निवारक चूर्ण के पाउडर के 270 डिब्बे और कच्चा माल भी बरामद किया था। मौके से पुलिस ने एक आरोपी कुंडेश्वरी निवासी विक्रांत सिंह को भी गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में दो आरोपी प्रशांत व सतेंद्र चौधरी फरार चल रहे हैं, जिनकी पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

जहूर को मिलेगा राष्ट्रपति पुरस्कार

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : नैनीताल में 1955 में जन्मे जहूर आलम की बचपन से ही नाटकों में रुचि रही। उन्होंने युवा अवस्था में डीएसबी कैंपस से स्नातक किया एवं इस दौरान कई हिन्दी नाटकों में कार्य करते रहे।

नाट्य संस्था युगमंच के संस्थापक सदस्य रहते हुए युगमंच नाट्य संस्था द्वारा कई उत्कृष्ट हिंदी नाटकों का जहूर आलम ने कुशल निर्देशन किया है, जिनका देश के विभिन्न राज्यों में प्रदर्शन किया गया। संस्था से जुड़े कई रंगकर्मी इनके सानिध्य में रहकर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली में चयनित होकर फ़िल्म जगत में अपनी छाप छोड़ रहे है। नई दिल्ली में सामान्य परिषद की बैठक में संगीत नाटक अकादमी के सचिव राजू दास की ओर से जारी सूची में

दिनेशपुर वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम के साथ क्षेत्र के रंगकर्मी। ● अमृत विचार

नैनीताल के वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम को नाट्य विधा के सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए वर्ष 2023 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम को छह मार्च को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से दिया जाएगा। क्षेत्र के युवा रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना ने भारत सरकार ने कर्मठ एवं समर्पित रंगकर्मी जहूर आलम को वर्ष 2023 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं कई वर्षों तक नाट्य संस्था युगमंच नैनीताल से जुड़े रहे। इस मौके पर रंगकर्मी सुबीर गोस्वामी, अनादिरंजन मंडल, हरिश चंद जोशी, रवि सरकार, राजू गाईन, सुबीर दास, रूपेश कुमार सिंह, शंभू प्रसाद जोशी आदि मौजूद थे।

फैक्ट्री कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

काशीपुर। फैक्ट्री में कार्यरत एक कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सहसपुरी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी 33 वर्षीय जितेंद्र कुमार पाल पुत्र हरिद्वारी सिंह पिछले कुछ समय से यहां महुआखेड़ा गंज स्थित कल्पतरु ऑटो पार्ट्स नामक फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद नाइट ड्यूटी करता था। उसने यहीं औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज में किराए का कमरा ले रखा था। हफ्ते में एक दिन वह पैतृक गांव चला जाता था। शुक्रवार को ड्यूटी से छूटने के बाद वह गांव सहसपुरी चला गया। शनिवार को अपराह्न वह गांव से महुआखेड़ा गंज काशीपुर के लिए निकला। देर रात फैक्ट्री कर्मी महुआ खेड़ा गंज स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके मौक़े पर ही मौत हो गई।

आरोप अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन

बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार महिला अपराध पर मौन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के आह्वान एवं प्रदेशध्यक्ष ज्योति रोतेला के निर्देश पर बाजपुर विधानसभा में ब्लाक एवं नगर महिला कांग्रेस के तत्वावधान में नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

नारी न्याय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में यहां पहुंची बाजपुर विधानसभा की प्रभारी पीसीसी सदस्य एवं उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार आज मणिपुर की घटना, बहन

बाजपुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ने की अपील करतीं बाजपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अलका पाल। ● अमृत विचार

अंकिता भंडारी हत्याकांड और जंतर मंतर पर यौन उत्पीड़न की शिकार बैठने वाली अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवानों सहित तमाम विषयों पर खामोश रहती है। शर्म का विषय है कि प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना पर लोकसभा में दो शब्द तक नहीं बोल पाते जो अफसोस का विषय है। अलका पाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में महिला हिंसा, महिला उत्पीड़न और महिला शोषण के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के लिए जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का समय है, भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उत्तराखंड की नारी शक्ति लोकसभा चुनाव में बदला लेगी। सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीके जोशी, ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की विधानसभा अध्यक्ष पार्वती देवी, भूपेंद्र कौर बेदी, शारदा, रखी, विमला, विद्या, संतोष, माया देवी, जानकी, कमलेश, राधा, जमुना, सुमन, रूपवती आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इससे पूर्व सम्मेलन में पहुंचने पर अलका पाल का कार्यकताओं ने स्वागत किया।

दो इंस्पेक्टर, छह दरोगा समेत 64 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने दो इंस्पेक्टर, छह दरोगा समेत 64 पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण के आदेश दिए हैं। इसमें निरीक्षक विक्रम राठौर को एक बार फिर से कुंडा थाने का थानाध्यक्ष बनाया है, जबकि संजय पाठक को एसओजी प्रभारी ऊधमसिंह नगर की जिम्मेदारी सौंपी है।

रविवार को एसएसपी के जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर को पीआरओ एसएसपी से हटाकर कुंडा का थानाध्यक्ष बनाया गया

व्यवस्था

- विक्रम राठौर थानाध्यक्ष कुंडा तो संजय पाठक एसओजी प्रभारी यूएसनगर बनाए गए

है, जबकि निरीक्षक संजय पाठक को पुलिस लाइन से हटाकर एसओजी प्रभारी ऊधमसिंह नगर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसी तरह उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद को सूर्या चौकी कुंडा प्रभारी से हटाकर कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी, उप निरीक्षक विनोद जोशी को कुंडेश्वरी चौकी से हटाकर एसओजी प्रभारी काशीपुर, उप निरीक्षक मनोज धोनी को एसओजी रुद्रपुर से सूर्या चौकी कुंडा प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह उप निरीक्षक सुरेंद्र रिंगवाल को शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी से एसओजी रुद्रपुर, उप निरीक्षक पंकज बेलवाल को पुलिस लाइन से थाना केलाखेड़ा और उप निरीक्षक राकेश राय को पुलिस लाइन से सीएम हेल्पलाइन व शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा एसएसपी ने 21 एएसआई, 37 हेड कांस्टेबल ओर कांस्टेबल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल नये तैनाती स्थल पर पहुंचने और ज्वाइन करने के निर्देश दिए हैं।

गदरपुर में बारिश से खेत में बिछी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

काशीपुर में रविवार को बारिश के बाद तिरछी हुई पीली सरसों। ● अमृत विचार

लगातार बारिश से फिर होने लगा ठंड का अहसास

तराई में अब तक 25 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड, मौसम वैज्ञानिक बोले- खेतों में पानी जमा होने से फसल पर पड़ सकता है असर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : तराई में पिछले दो दिन से हो रही बारिश से एक बार फिर मौसम में ठंड का अहसास होने लगा है। तराई में सुबह से 25 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। मौसम वैज्ञानिकों ने सोमवार को सुबह आंशिक बादल छाए रहने और दोपहर बाद मौसम साफ रहने की संभावना व्यक्त की है।

तराई में विगत दिवस सुबह से रुक-रुक बारिश का सिलसिला जारी रहा जो देर सायं तक बारिश होती रही। वहीं रविवार की सुबह भी आसमान में बादल छाये रहे। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गयी थी। दोपहर बाद तेज बारिश होने लगी। इससे मौसम में एक बार फिर ठंड महसूस होने लगी है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 21.5 और न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 84 फीसदी रही, जबकि उत्तर पश्चिम से 7.8 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि सोमवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। दोपहर के बाद मौसम साफ रहेगा। उन्होंने कहा कि बारिश फसलों के लिए काफी फायदेमंद होगी, लेकिन खेतों में पानी जमा होने से फसल खराब हो सकती है। उन्होंने सभी किसानों से खेतों में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने की अपील की है। ताकि फसलों को खराब होने से बचाया जा सके।

बारिश के बीच छाता लेकर निकलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

बारिश और हवा से गेहूं की फसल खेतों में बिछी

गदरपुर। क्षेत्र में रात्रि और दिन में बारिश होने से गेहूं की फसल बुरी तरह प्रभावित हो गई है खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बरसात और हवा चलने से खेत में बिछ गई है जिससे किसानों को नुकसान होने की आशंका है। बता दें कि शनिवार रात्रि और रविवार को दोपहर में बारिश होने से क्षेत्र में गेहूं की खड़ी फसल जमीन पर लेट गई। ब्लॉक क्षेत्र के कई गांव में खड़ी फसल जमीन पर लेट गई है। अगर रात्रि को इसी तरह बारिश होती रही तो गेहूं का बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी का कहना है बैंक फसल के नाम पर बीमा तो कर लेते हैं लेकिन जब किसान की गेहूं खराब हो जाती है तो क्षेत्र का हवाला देकर बीमा देने से बचते हैं। उन्होंने कहा कि जिस किसान की गेहूं खराब हुई है उसको बीमा मिलना चाहिए।

ओले भी पड़े

काशीपुर। पिछले दो दिन से हो रही तेज बारिश व हवा ने लोगों को एक बार फिर सर्दी का अहसास करा दिया है। जिससे लोग घरों में कैद नजर आये। तेज हवा व बारिश के कारण कुछ जगहों पर गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान मायूस नजर आ रहा है। उधर यह बारिश सब्जी व फलों के लिए मौसम वैज्ञानिक लाभदायक है। बताया जा रहा है कि कुछ स्थानों पर तेज बारिश के साथ ओले भी पड़े है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तेज बारिश व हवा चलने से गेहूं की फसल गिरने की संभावना है, जिससे फसल खराब होने के साथ किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है।

अप्रैल में शुरू हो सकता है बाजपुर रोड का आरओबी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बाजपुर रोड पर बन रहे आरओबी को अब निरीक्षण का इंतजार है। उसके बाद इस पर यातायात अप्रैल माह तक शुरू होने की उम्मीद है। जिससे शहर में चीमा चौराहा व टांडा तिराहे का यातायात कम होगा और लोगों को भी घंटो रेलवे क्रासिंग पर खड़े होकर फाटक खुलने के इंतजार से मुक्ति मिलेगी।

वर्ष 2017 में रेलवे क्रासिंग के जाम से निजात दिलाने के लिए बाजपुर रोड पर आरओबी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। करीब 56 करोड़ की लागत से बन रहे इस आरओपी को वर्ष 2019 तक यातायात के लिए तैयार होना था। लेकिन कभी कोरोना, कभी संबंधित निर्माणाधीन कंपनी और विभागों की अनुमति के चक्कर में लटके पुल के निर्माण को करीब सात वर्ष बीतने के बाद भी पुल अभी तक आम जनता को रेलवे क्रासिंग के जाम से निजात नहीं दिला पाया। बल्कि इस पुल ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी।

इस पुल के निर्माण से बाजपुर जाने के लिए एमपी चौक वाले रास्ते को बंद करना पड़ा। जिसके चलते शहर के यातायात का दबाव टांडा तिराहे व चीमा चौराहे पर पड़ गया। जहां रेलवे क्रासिंग पर लोगों को हर समय जाम की दिक्कत हो रही है। उधर पुलिस को भी इन जगहों पर जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

समयावधि पूर्ण होने के बाद भी निर्माण पूर्ण नहीं हो सका : जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ कंपनी से हुई कई दौर की वार्ता व कई बार निर्धारित समय अवधि पूर्ण होने के बाद भी आरओबी का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। अब आरओबी को संबंधित विभाग के निरीक्षण का इंतजार बस रह गया है, जिसमें लोड टेस्ट इत्यादि जांच की जाएगी। उसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि 15 अप्रैल के बाद से इस पर पूर्ण रूप से यातायात सुचारु हो जाएगा।

उम्मीद

- बीते सात सालों से चल रहा है आरओबी का निर्माण
- चीमा चौराहा और टांडा तिराहे का यातायात कम होगा

उनकी ओर से कुछ छोटे कार्य बचे हैं, जिसके पूर्ण होने में संबंधित विभागों का सहयोग मिला तो करीब एक माह का समय और लग सकता है। उसके बाद वह एनएच को हेंडओवर करेंगे। फिर एनएच अपनी कार्यवाही पूर्ण कर यातायात सुचारू कराएगा।

-अजय शर्मा, मैनेजर, दीपक बिल्डर्स, आरओबी निर्माणाधीन कंपनी

नेत्र सर्जन नहीं, ऑपरेशन बंद

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में लंबे समय से नेत्र सर्जन नहीं होने से आखों के मरीजो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गरीब लोगों को प्राइवेट अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना पड़ रहा है।

दरअसल करीब एक साल पहले तक सरकारी अस्पताल में नेत्र सर्जन डॉ. कैमाश राणा आंखों के मरीजों की जांच कर निशुल्क मोतियाबिंद का इलाज करते थे। लेकिन 31 जनवरी 2023 को नेत्र सर्जन डॉ. कैमाश राणा के बीआरएस लेने के बाद नेत्र सर्जन का पद रिक्त चल रहा है। ऐसे में जहां पहले रोजाना 50 से 60 मरीज आंखों की जांच कराने अस्पताल आते थे। वहीं अब यह संख्या ना मात्र की रह गई है। वहीं प्रतिवर्ष करीब 800 से लेकर 1000 तक मरीजों के मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन होते थे। लेकिन अब वह पूरी तरह से बंद हो गए हैं। ऐसे में गरीब लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने के लिए मोटी रकम में प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

काशीपुर में नेत्र विभाग के ओटी के बाहर लटका ताला। ● अमृत विचार

नेत्र सर्जन नहीं होने से मोतियाबिंद के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। नेत्र सर्जन की उपलब्धता के लिए विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। **-डॉ. खेमपाल,** सीएमएस, एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल

केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताईं

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी संपर्क अभियान चलाकर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों और उपलब्धियों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

शनिवार को विकासखंड काशीपुर के ग्राम ढकिया के अनुसूचित जाति बाहुल्य मोहल्ला शिवनगर में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देने का काम अटल बिहारी वाजपेई की एनडीए सरकार ने किया था। बाबा साहब के जीवन से जुड़ी यादों को संजोये रखने के लिए पंचतीर्थ का निर्माण हुआ है। हर गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं को आज आत्मनिर्भर बनाने का काम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने समान नागरिकता का कानून लागू किया है। साथ ही नकल विरोधी अध्यादेश जैसे निर्णय लेकर अलग मानचित्र में उभारने का काम किया। मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित सिंह, राहुल कदम, सुमित जायसवाल, बबलू सिंह, अमन, विकास सिंह, ऋतिक कुमार, विनय कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

टाउन वेंडिंग जोन का शिलान्यास

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : रविवार को नगर के वार्ड- पांच में एएनयएलएम उपघटक शहरी 'फेरी व्यवस्था' के अंतर्गत 66.10 लाख की लागत से निर्मित टाउन वेंडिंग जोन का विधायक अरविंद पांडेय ने शिलान्यास किया।

पांडेय ने कहा कि भाजपा ही मात्र एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास की सोच रखती है। उन्होंने लोगों से विपक्ष पार्टियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी सांसद भट्ट के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सांसद अजय भट्ट भारी मतों से विजयी होंगे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल ने किया। इस मौके पर नपं अधिशासी अधिकारी सरोज गौतम, पूर्व ईओ हरिचरन सिंह, पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, चंद्रकांत मंडल, सुभाष सरकार, विजय मंडल, हिमांशु सरकार, डॉ सुधीर राय, आनंदिता सरकार, प्रभा राय, अशोक कालड़ा, प्रयाग दत्त कांडपाल, भोला शर्मा आदि सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।

दिनेशपुर में टाउन वेंडिंग जोन का शिलान्यास करते विधायक अरविंद पांडेय।

बाजपुर में टाइल्स रोड का शिलान्यास करते मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी।

हाईवे से कर्बला तक 150 मीटर टाइल्स रोड का शिलान्यास

बाजपुर। सुलतानपुर पट्टी राज्य वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पिपलिया में मेन हाईवे से कर्बला तक 150 मीटर टाइल्स रोड शिलान्यास मोहर्रम कमेटी संरक्षक डा .अहमद अली, मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष जुम्मा भारती व जमा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद जान द्वारा किया गया। बताते चलें कि राज्य वित्त योजना के अंतर्गत 990000 की लागत से टाइल्स रोड का निर्माण होना है जिसमें सभी मोहर्रम कमेटी व जमा मस्जिद कमेटी के अध्यक्षों एवं जामा मस्जिद इमाम साहब सैयद रेहान मियां एवं सदस्यों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मौके पर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व समाजसेवी साजिद हुसैन, पूर्व सभासद जाहिद हुसैन, दीपक मिश्रा, वीरेंद्र मौर्य, मुजफ्फर हुसैन, मेहंदी हसन, इमरान सैफी, फरोज, इस्लाम, युसूफ आदि मौजूद रहे।

अनुबंध समाप्त होने से खेल गतिविधियों पर ब्रेक

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: खेल प्रशिक्षकों का अनुबंध समाप्त होने के बाद खेल गतिविधियों में दो महीने के लिए ब्रेक लग गया है। अब अप्रैल माह के अंत तक खेल प्रशिक्षण शुरू होने की संभावना है।

काशीपुर स्टेडियम में हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, जूडो कराटे, एथलिटिस्क, ताइक्वांडो समेत करीब 11 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। खेल प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों को अनुबंधों में रखा जाता है। बताया जाता है कि प्रशिक्षकों का अनुबंध 15 फरवरी को समाप्त हो चुका है। ऐसे में खेल प्रशिक्षणों में दो माह का ब्रेक लग गया है। खेल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पूरे प्रदेश में संचालित हो रहे सभी स्टेडियम और इंडोर स्टेडियम के करीब 210 प्रशिक्षक इस व्यवस्था से प्रभावित हुए हैं। सभी जिलों में क्रीड़ा अधिकारियों को आचार संहिता लागू होने से पहले विज्ञप्ति निकालकर नई तैनाती के लिए प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। प्रक्रिया पूरी कर अप्रैल से स्टेडियम में नए प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

15 फरवरी को अनुबंध से भर्ती सभी प्रशिक्षकों का अनुबंध समाप्त हो चुका है। अब भर्ती के लिए नई प्रक्रिया चल रही है। संभवत : अप्रैल तक नए प्रशिक्षक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने लगे। **-मोहित सिंह,** प्रभारी, स्टेडियम

नवनिर्मित तीन मंदिरों में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

बाजपुर। रविवार को ग्राम भट्टपुरी स्थित नवनिर्मित तीन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधिवत पूजा अर्चना व हवन-यज्ञ के साथ संपन्न हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आहूतियां अर्पित कीं। मुख्य यजमान गोपाल कोछड़ व उनकी धर्मपत्नी रेनू कोछड़ रहीं। मुख्य पंडित आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पिछले पांच दिनों से धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चाधरण के साथ मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई गई। दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पं.बंसीलाल शास्त्री, रिंकू शास्त्री, दीपक शास्त्री, यजमान नकुल कोछड़, रूबी कोछड़, यजमान नितिन कोछड़, प्रियंका कोछड़, चमन शर्मा, मदन मोहन आजाद, किरन शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

जसपुर में योजनाओं की जानकारी देते संगठन के प्रदेश मंत्री कमलेश कुमार।

ओबीसी मोर्चा ने आयोजित किया सामाजिक सम्मेलन

जसपुर। भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संगठन के प्रदेश मंत्री कमलेश कुमार ने और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया और आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार लाने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, भाजपा जिला महामंत्री डा . सुदेश चौहान, भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, अशोक खन्ना, महेश सिंह, उमा विशनोई, अवतार सिंह, विशाल कश्यप, रोहित तोमर, नरेश कश्यप, कृष्ण कुमार, हरकेश राणा, मोहिनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

असम राइफल्स का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनेगा

खटीमा। असम राइफल्स पूर्व सैनिक संगठन की एक बैठक तहसील परिसर में हुई। बैठक में असम राइफल्स के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में संगठन अध्यक्ष रूप सिंह मनोला ने बताया कि 24 मार्च को असम राइफल्स का स्थापना दिवस है। इस स्थापना दिवस को हम बड़े हर्ष उल्लास से मनायेंगे। सचिव हयात गिरी गोस्वामी ने बताया कि असम राइफल्स बहुत पुरानी फोर्स है जिसका जन्म सन 1835 में हुआ हैं। उन्होंने असम राइफल्स के पूर्व सैनिकों और आश्रितों से स्थापना दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

तैयारी विधायक अरविंद पांडेय की मध्यस्था पर दोनों पक्ष हुए शांत, पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ आठ मार्च से होगा

शिवरात्रि पर्व पर नई अस्थाई कमेटी करेगी मेले का आयोजन

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में शिवरात्रि पर्व पर बुक्सा जनजाति कल्याण समिति के नेतृत्व में नई अस्थाई कमेटी करेगी मेले का आयोजन। मेले के उपरांत नई कमेटी गठन करने का निर्णय लिया।

रविवार को रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में शिवरात्रि पर्व पर पांच दिवसीय मेले के आयोजन के लिए आदिवासी बुक्सा जनजाति के लोगों ने महापंचायत रखी थी। मेले के आयोजन लेकर दो पक्षों में चल रहे विवाद पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने दोनों कमेटियों को शिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए जलाभिषेक करने की अनुमति दी। उन्होंने कहा जिसकी व्यवस्था प्रशासन स्वयं करेगा, लेकिन मेला आयोजन नहीं किया जाएगा। प्रशासन का कड़क रुख देखकर विधायक अरविंद पांडेय ने दोनों पक्षों को अपने कैम्प कार्यालय बुलाकर दोनों कमेटियों को समझा बुझाकर निर्णय दिया कि पांच दिवसीय मेला बुक्सा जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह तोमर की देखरेख में होगा। मेले का आयोजन की व्यवस्था भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह व वरिष्ठ समाजसेवी मृत्युंजय मंडल उर्फ नित्यानंद के करेंगे। दोनों पूर्व समितियों के पदाधिकारी व सदस्य मेले के आयोजन में अपना सहयोग करेंगे। जिस पर दोनों समितियों के सदस्यों की सहमति हुई। मेले का आयोजन 8 से 12 मार्च तक रखा गया है।

बैठक में पूर्व प्रधान सोमल सिंह, किशोर मलिक, भूपेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, करम सिंह, विकास राय, लक्ष्मण सिंह, विभूति सरकार, वीर सिंह, श्याम सिंह आदि सहित दोनों समितियां के सदस्य मौजूद थे।

नानकमत्ता में कांवड़ियों का स्वागत करते ब्लॉक प्रमुख नामधारी। ● अमृत विचार

शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार रवाना

नानकमत्ता। महा शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक हेतु डाक कांवड़ लेने हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों का ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने स्वागत कर जलपान कराने बाद रवाना किया। रविवार को प्रतापपुर खटीमा से हरिद्वार गंगा जल लेने कई शिवभक्त रवाना हुए।

कांवड़ियों के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग

काशीपुर। धर्मयात्र महासंघ ने महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगा जल लाने वाले कांवड़ियों के व्यवस्थाओं को बनाने की मांग की है। महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में हरिद्वार और ऋषिकेश के होटल-भोजनालयों में कांवड़ियों से किसी भी प्रकार का अनुचित शुल्क न वसूलने, सड़े गले फल, मांस मदिरा व अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। कहा स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से दवाइयों का छिड़काव और कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों पर अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए। साथ ही यात्रा मार्ग में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पेट्रोलिंग के साथ समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। महाशिवरात्रि के दिन पूरे राज्य में शिवालयों की ओर जाने वाले मार्गों पर किसी भी छोटे बड़े चौपहिया वाहनों के चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

महिला की मौत, पति ने दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: शनिवार को श्रीपुर बिछुआ गोठ में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पति ने कुमरहा गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में छूट गई है।

श्रीपुर बिछवा गोठ निवासी छोटू सिंह राणा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह अल्मोड़ा में रहकर राजमिस्त्री का काम करता है और वर्तमान में भी वहीं था। तहरीर में बताया है कि गांव के लोगों द्वारा फोन पर बताया गया कि उसकी पत्नी की मौत हो गई है। सूचना पर जब वह घर आया तो उसकी पत्नी का शव नागरिक अस्पताल में पढ़ा था। जिसका सिर फटा हुआ था। पीड़ित ने बताया है कि उसकी अनुपस्थिति में कुमरहा निवासी श्याम सिंह राणा मेरे घर में आकर मेरी पत्नी के साथ रहता था। उसी के द्वारा मेरी पत्नी की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। पीड़ित ने कहा है कि वह अपनी पत्नी के संस्कार में व्यस्त था इसलिए आज रिपोर्ट दर्ज करने आया है। पुलिस ने छोटू सिंह राणा की तहरीर पर कुमरहा निवासी श्याम सिंह राणा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आसपास के लोगों ने छोटू सिंह राणा की पत्नी माया देवी को घर में जमीन पर पड़ा देखा था।

अजय भट्ट को दोबारा टिकट मिलने पर आतिशबाजी

दीनदयाल चौक पर एकत्रित हुए कार्यकर्ता, मिष्ठान वितरण कर किया खुशी का इजहार, उत्साही समर्थकों ने समर्थन में की नारेबाजी

नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट को दोबारा टिकट मिलने पर किच्छा में खुशी जाहिर करते भाजपा कार्यकर्ता।

गदरपुर में अजय भट्ट को फिर से टिकट दिए जाने की खुशी में मिष्ठान वितरण करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से ऊधम सिंह नगर-नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट को दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपाइयों में हर्ष है। भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना के नेतृत्व में भाजपाई दीनदयाल चौक पर एकत्रित हुए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने अजय भट्ट को दोबारा प्रत्याशी बनाकर सही मायने में लोकसभा क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान किया है।

उन्होंने कहा कि विगत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने साढ़े 3 लाख वोटों से जीत दर्ज की थी लेकिन इस चुनाव में 5 लाख से अधिक वोटों से उनकी जीत होगी। भाजपा नेता लवी सहगल ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री सहित तमाम दायित्वों का सांसद भट्ट ने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन किया है। इस मौके पर भाजपा नेत्री शैली फुटेला, पूनम अग्रवाल, दिनेश भाटिया, श्रीकांत राठौर, लवी सहगल, दया डसीला, अभिषेक सक्सेना, मीरा तिवारी, आरती दुबे, विवेक राय, सुजाहत यार खान, रेणुका तिवारी, प्रेमलता चौहान, शरीफ मलिक, विशाल चौहान, मुकेश राठौर, माधुरी विसेन आदि मौजूद रहे।

भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों की गैर मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद किच्छा क्षेत्र में भाजपाइयों ने अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर खुशी का इजहार किया। वहीं किच्छा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है। चर्चा है कि पूर्व विधायक को प्रत्याशी न बनाए जाने की नाराजगी के चलते नगर मंडल के पदाधिकारियों ने सभी कार्यक्रम से दूरी बनाते हुए शिरकत नहीं की है।

बाजपुर के भगत सिंह चौक पर समर्थन में नारेबाजी

बाजपुर। नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट को पुन: प्रत्याशी बनाए जाने की खुशी में भगत सिंह चौक पर जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान मिठाई भी बांटी गई। रविवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमल भट्ट, कुलविंदर सिंह किंदा, राजेश कुमार की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की जिसमें कहा गया- क्यूं पड़े हो चक्कर में कोई नहीं है टक्कर में...। इस मौके पर कमल भट्ट ने कहा भाजपा पूरे जिले के हर बूथ पर इतनी मजबूत है कि अस्सी प्रतिशत मतदाता भाजपा के पक्ष में है। अजय भट्ट इस बार रिकार्ड मतों से जीतने वाले हैं। गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा भट्ट की कार्यशैली उन्हें शिखर पर लेकर जाएगी। इस मौके पर राजेश कुमार, बिट्टू चौहान, विकास गुप्ता, प्रमोद भट्ट, महेंद्र सिंह, हरदेव सिंह, बीड़ी कांडपाल, गुरुमुख सिंह, जगदीशख् वीरेंद्र बिष्ट, सतनाम सिंह बल, सर्वजीत सिंह, सुखवंत सिंह, विक्रम, हैप्पी, सुरजन सिंह आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में भगत सिंह चौक पर मिष्ठान वितरित कर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

400 पार का नारा पूरा होगा

संवाददाता, खटीमा/शांतिपुरी

अमृत विचार : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट के वर्तमान सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट को भाजपा ने लगातार इस सीट पर दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। इस पर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार कर मिष्ठान वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार का नारा अवश्य ही पूरा होगा।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी, अमित कुमार पांडे, विवेक गुप्ता, नीता सक्सेना, विमला मुंडेला, विश्वनाथ यादव, अनुपमा शर्मा, रेनू भण्डारी, संतोष अग्रवाल, हिमांशू अग्रवाल, महेंद्र ठाकुर, तरूण ठाकुर, किशन बिष्ट, नवल वाल्मीकि, प्रमोद गहतोड़ी आदि उपस्थित थे। वहीं शातिंपुरी में भी अजय भट्ट को प्रत्याशी घोषित करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व पूर्व सैनिकों ने शांतिपुरी नंबर दो मुख्य बाजार में खुशी में नारेबाजी व मिष्ठान वितरण किया गया। रविवार को मिष्ठान वितरण के दौरान नव निर्वाचित डायरेक्टर दुग्ध संघ इंदर मेहता ने हर्ष व्यक्त कर कहा कि भाजपा हाईकमान ने पुनः नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट पर सांसद अजय भट्ट पर एक बार फिर विश्वास जताकर ऊर्जावान भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को आशीष प्रदान किया है। इस दौरान नव निर्वाचित डायरेक्टर दूध संघ इंदर मेहता, मंडल महामंत्री तारा सिंह कोरंगा, दिगम्बर प्रसाद जोशी, कै० देवेन्द्र सिंह कोरंगा, कमलेश जोशी, विजेंद्र जोशी, शेखर कोरंगा, नवीन टाकुली, तारा सिंह कोरंगा, गोकुल कार्की, हेमंत पाठक, इंद्र, कुंदन दानू, तेजू, मोहन सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

खटीमा में अजय भट्ट को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते भाजपाई।

शांतिपुरी मुख्य बाजार में मिष्ठान वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता व पूर्व सैनिक।

जमरानी बांध के लिए विशेष प्रयास किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को दोबारा नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किये जाने पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सांसद अजय भट्ट को बधाई दी।

रविवार को निवर्तमान मेयर रामपाल ने कहा कि अजय भट्ट जमीन से जुड़े सहज और सरल लोकप्रिय जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में विकास के नये आयाम भी स्थापित किये हैं। हाल ही में जमरानी बांध, अमृतसर तक ट्रेन चलाने की जो स्वीकृति मिली है उसमें केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट का विशेष प्रयास रहा है।

अजय भट्ट को बधाई देते निवर्तमान मेयर।

उन्होंने कहा कि नैनीताल-ऊधमसिंह सिंह नगर सीट के साथ ही प्रदेश की पांचों सीटें इस बार भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी। वहीं सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा ने भी भट्ट को दोबारा टिकट मिलने पर बधाई दी।

गदरपुर में भी कार्यकर्ताओं में खुशी

गदरपुर। लोकसभा चुनाव की पहली लिस्ट में अजय भट्ट का नाम आने से भाजपा कार्यकर्ता झूम उठे और उन्होंने मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की। नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट पर रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट को पुन: प्रत्याशी बनाए जाने पर विधानसभा प्रभारी कमलेंद्र सेमवाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष के कार्यालय पर मुख्य बाजार में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर आतिशबाजी की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महिला मोर्चा की मंडल नगर अध्यक्ष ज्योति अरोरा, महामंत्री अभिषेक वर्मा, मनोज गुंबर, परमजीत पम्मा, पंकज सेतिया, अशोक छाबड़ा, कुलबीरी चौधरी, राजबाला चौहान, कंचन सिंह, चंद्रिका फोगाट, हरलोक नामधारी, अभिषेक वर्मा, संदीप बत्रा, जगदीश दिवाकर, जसवीर सिंह चीमा, अरविंद पाल, संदीप कंबोज, गुरदयाल सिंह, सूर्यभान गुप्ता, कपिल अरोरा, सतीश मिड्ढा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर मिष्ठान वितरण

काशीपुर। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से अजय भट्ट को प्रत्याशी घोषित करने पर भाजपा नगर मंडल ने महाराणा प्रताप चौक पर मिष्ठान वितरण किया। रविवार को एमपी चौक पर मिष्ठान वितरण के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने खुशी जताते हुए कहा कि भाजपा हाईकमान ने दोबारा नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर सांसद अजय भट्ट पर एक बार फिर विश्वास जताकर ऊर्जावान भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को आशीष प्रदान किया है। यहां भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली, विधानसभा विस्तारक संदीप भोज, मोहन बिष्ट, निवर्तमान महापौर उषा चौधरी, इंतजार हुसैन, लवीश अरोरा, डॉ. गिरीश तिवारी, प्रशांत पंडित, रवि अरोरा, रवि पाल, बंटी अग्रवाल, समरपाल, आशीष, रवि प्रजापति, अशोक कुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता।

मृतका के पति को दिया दो लाख रुपये का चेक

- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में किया गया था शामिल
- अधिकारियों ने दी संचालित योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित उत्तराखंड ग्रामीण बैंक सुयालबाड़ी के शाखा प्रबंधक ने खाताधारक मृतका के पति को दो लाख रुपये का चैक सौंपा। शाखा प्रबंधक विवेक सिंह के अनुसार मृतका का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा किया गया था। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को बैंक से संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

सुयालबाड़ी मुख्य बाजार में स्थित उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम हुआ। क्षेत्र के बाशिंदों को बैंक से संचालित तमाम योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। समीपवर्ती गांव के मोहन राम को दो लाख रुपये का चेक सौंपा गया। मोहन राम की पत्नी कमला देवी का बीते दिनों निधन हो चुका है। बैंक अधिकारियों के अनुसार मृतका कमला देवी का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा किया गया था। मृतका के पति मोहन राम को नामिनी बनाया गया। बीते दिनों कमला देवी के निधन की सूचना के बाद बैंक अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई कर मृतका के पति को योजना के क्लेम की दो लाख रुपये की धनराशि का चैक सौंपा। शाखा प्रबंधक विवेक सिंह ने खाताधारकों से बैंक की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

11 मार्च को मुंबई जाएंगे यूनियन नेता

बरेली। रबड़ फैक्ट्री के 1432 कर्मचारियों के मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए कर्मचारी नेता 11 मार्च को बॉम्बे हाईकोर्ट के ऑफिशियल लिक्विडेटर के कार्यालय पहुंचेंगे। पिछले दिनों लिक्विडेटर की ओर से इसके लिए नोटिस जारी किया था जिसके बाद यूनियन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है।

मुंबई जाने से पहले सीएंडसी कर्मचारी यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा ने रविवार शाम रामपुर बाग के अग्रसेन पार्क में आमसभा बुलाकर कर्मचारियों को आए नोटिस की जानकारी दी। अशोक मिश्रा ने बताया ऑफिशियल लिक्विडेटर ने 27 फरवरी को एक नोटिस यूनियन और यूनियन के लीगल कन्सलटेंट अकबर निहाल रिजवी को भेजा है। इससे पहले 16 जनवरी 2023 को सभी कर्मचारियों के दावों संबंधी दस्तावेज, सभी साक्ष्य और सीए की ओर से तैयार किए गए भुगतान के मूल प्रपत्रों की जांच डिप्टी लिक्विडेटर से कराई जा चुकी है।

देखरेख के अभाव में पार्क की हो रही दुर्दशा

- पार्क में दिनभर लगा रहता है नशेड़ियों का आना जाना, आवारा जानवर भी घूमते नजर आते हैं

काशीपुर। अंबेडकर पार्क की दुर्दशा होने से यह पार्क नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। इतना ही नहीं पार्क में आवारा जानवर घूमते नजर आते हैं।

दरअसल कुंडेश्वरी स्थित तिलक नगर में तीन बीघा जमीन पर अंबेडकर पार्क का निर्माण किया गया था। पार्क में निर्माण के लिए ठेकेदार ने पार्क की सुरक्षा दीवार तोड़ दी थी। जिससे पार्क में मिट्टी का भरान किया जा सके। पार्क में मिट्टी भरान किए हुए लगभग एक साल बीत चुका है। ठेकेदार द्वारा तोड़ी गई दीवार को अभी तक नहीं बनवाया गया है। पार्क की टूटी हुई दीवार से आवारा जानवर पार्क में घुसकर नुकसान कर रहे हैं। इतना ही नहीं पार्क में दिनभर नशेड़ियों का आना जाना लगा रहता है। यह नशेड़ी शाम को पार्क में बैठकर विभिन्न प्रकार का नशा करते हैं। नशेड़ी नशे की हालत में शोर शराबा और गाली गलौज करते हैं, जिससे पार्क में लोगों का आना और आसपास रह रहे लोगों का रहना दूभर हो गया है।

अंबेडकर पार्क की टूटी दीवार।

सपाई बोले, सांसद डिंपल को बनाएं उत्तराखंड प्रभारी

संवाददाता, रुद्रपुर/ बाजपुर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की एक महत्त्वपूर्ण बैठक लोकसभा चुनाव के संबंध में लखनऊ समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मौजूद रहे। वहीं उत्तराखंड से राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड अरविंद यादव शामिल हुए।

बैठक में राष्ट्रीय महासचिव यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तराखंड में एक वैचारिक विकल्प के रूप में उतर कर खड़ी हो चुकी है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तराखंड से हृदय लगाव है, जब भी कोई विपत्ति आयी तो हमेशा मदद की। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव को उत्तराखंड का प्रभारी बनाये जाने की मांग की। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की मांग पर हामी भरी है।

जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तराखंड की सभी लोकसभा सीटों में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की बात कही है।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देते राष्ट्रीय महासचिव यादव। ● अमृत विचार

अभियान | स्वास्थ्य मंत्री के जिला प्रतिनिधि एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

साढ़े छियालीस हजार बच्चों को ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : नगर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन सप्ताह का उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना ने संयुक्त रूप से कर नवजात शिशुओं को पोलियो ड्राप पिलाई।

इस दौरान जीरो से 5 वर्ष आयु के तमाम बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरके दुबे ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 214 बूथ बनाए गए हैं जिनमें 428 कर्मचारी एवं 43 सुपरवाइजर की तैनाती कर वर्तमान में 46557 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाने का है तथा भारत को पोलियो मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। सक्सेना ने कहा कि उनके पदभार ग्रहण करने के बाद उधम सिंह नगर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ ही चिकित्सकों की कमी को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य के साथ प्रदेश सरकार लगातार जनहित में कार्य कर रही है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता का फर्ज है कि वह अपने जीरो से 5 वर्ष की आयु वाले बच्चों को पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो ड्राप जरूर पिलाएं, ताकि भविष्य में पोलियो जैसी संक्रामक बीमारी से बच्चों को बचाया जा सके। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक आर के दुबे एवं डॉ ए के गुप्ता के अलावा डॉ जी बी पंगरिया, डॉ वाई एस देउपा, रुद्र प्रताप सिंह, प्रियंका, सुनीता रानी, तारी देवी आदि मौजूद रहे।

किच्छा में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाते अतिथि एवं चिकित्सक। ● अमृत विचार

शांतिभंग के आरोप में मेडिकल स्टोर का संचालक गिरफ्तार

काशीपुर। मोहल्ला घास मंडी शिव डेयरी के पास एक व्यक्ति मेडिकल स्टोर का संचालन करता है। रविवार की शाम लगभग पौने आठ बजे मोहल्लेवासी एकत्र होकर मेडिकल स्टोर पर पहुंच गए और सड़क पर धरना देकर बैठ गए। मोहल्लेवासियों का आरोप था कि यहां पर दिनभर नशे के कैप्सूल व इंजेक्शन बेचे जाते हैं, जिसके चलते दिनभर नशेड़ियों की आवाजाही बनी रहती है।

इससे क्षेत्र में चोरी व अराजकता का माहौल बना रहता है। हंगामा की सूचना मिलने पर कटोराताल पुलिस चौकी प्रभारी विपुल जोशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मोहल्लेवासियों से वार्ता की। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

अजय टेनी को प्रत्याशी घोषित करने की निंदा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक एवं तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर खीरी में चार किसानों व एक पत्रकार की सामूहिक नृशंस हत्या हो गयी थी। बावजूद भाजपा ने मुख्य साजिशकर्ता अजय मिश्रा टेनी को लखीमपुर खीरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। उन्होंने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है।

रविवार को जारी एक बयान में तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विर्क ने बताया कि प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार कितनी किसान हितैषी है यह स्पष्ट हो गया है। जहां केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय टेनी के बेटे ने थार से किसानों को कुचला था। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने टेनी को टिकट देकर देश के करोड़ों किसानों की भावनाओं को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ किसानों की हत्या में धारा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। एसकेएम की प्रमुख मांगों में अजय मिश्रा टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर मुकदमा चलाने और जेल भेजने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देश भर में किसान आंदोलन कर यह मांग उठा रहे हैं। बावजूद भाजपा द्वारा अपनी पहली ही सूची में उन्हें टिकट दिया जाना और मंत्रिमंडल में बनाए रखना प्रधानमंत्री और उनकी भाजपा के किसान विरोधी होने को दर्शाता है।

तजिंदर सिंह विर्क।

ग्राम गढ़ीनेगी में रक्तदान करते लोग।

शिविर में 63 लोगों ने किया रक्तदान

काशीपुर। गढ़ीनेगी में रविवार को संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मिशन के लगभग 63 भक्तों द्वारा निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। रक्त संग्रहित करने के लिए एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम मौजूद रही। वहां पर स्थानीय मुखी विजय सुधा, राज कपूर, राजेंद्र अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह, जसवीर सिंह छावड़ा, जगन्नाथ, विकी, मनोज सचदेवा, दीवान सिंह राणा मौजूद रहे।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगाः ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

संपादकीय

देश की मजबूती के लिए

राष्ट्र की मजबूती के लिए उसका रक्षा क्षेत्र में मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता उसे और मजबूत करती है। एक समय भारत रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है, भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार ने कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं। इसके तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किए गए हैं। इससे देश में रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार सेना को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए अभियानरत है। स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा खरीद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम देश की सेना को मजबूत करेगा। देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करना है। पहल का उद्देश्य डिफेंस स्टार्टअप्स के साथ नियमित रूप से जुड़ने की रणनीति को जारी रखना है। यह अवसर स्टार्टअप्स के लिए निवेश प्राप्त करने और भविष्य के परिचालनों का नेतृत्व करने को लेकर लाभ उठाने के लिए है। दुनिया में बहुत सी चीजें भारत को प्रभावित कर रही हैं। भारत के पास इस विश्व व्यवस्था में बदलाव के बीच खुद को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रक्षा, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बनें।

विज्ञान लोकप्रियकरण के प्रति आमजन का दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इम्पैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी की जानकारी के तकनीकी पक्षों और वैज्ञानिक जानकारी को प्रयोगशालों और संस्थानों से बाहर निकालकर इसके लोकप्रिय संस्करण को देश के लोगों से इनकी ही भाषा में साझा करने की भी जरूरत होती है। ताकि समावेशी विकास में आमजन की भागीदारी बनी रहे। खेदजनक है कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति भारत के लोगों का दृष्टिकोण और पसंद क्या हैं, इस बारे में एक-दो बार के रैंडम सर्वेक्षणों के अलावा अखिल भारत स्तर का सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

जापान ने अपने यहां किए गए एक सर्वेक्षण में पाया कि लोगों के मुताबिक उनका सर्वाधिक रुझान मेडिकल ट्रीटमेंट्स, फिर क्रम से टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों, बेसिक साइंसेज, मिलिट्री, इकोनॉमी, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ सबसे कम पॉलिटिक्स में है। 87 प्रतिशत जापानी लोग चाहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार ही साइंटिफिक रिसर्च में सर्वाधिक खर्चा करे। भारत में यह क्रम बदल सकता है। वाशिंगटन डीसी से ऑपरेट करने वाली स्वतंत्र संस्थी 'पेव रिसर्च सेंटर' के डेटा के अनुसार भारत में क्रम से यह पैटर्न कि हम लोग मिलिट्री, वैज्ञानिक उपलब्धियों, मेडिकल ट्रीटमेंट, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन, टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट्स, पॉलिटिकल अचीवमिनट्स के बाद इकोनॉमी को तरजीह देने वाले लोग हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लोकप्रियकरण कार्यक्रम अधिकांश तौर से भारतीय पैटर्न पर ही आधारित हैं। यहां सोसाइटी फॉर द पॉपुलराइजेशन ऑफ साइंस सन् 2001 में स्थापित किए जाने के बाद से अच्छा काम कर चुकी है।

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इंपैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के अलावा चीन और जापान में आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए जो तरीके उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में अपनाए गए थे अब उनसे वे लोग बहुत आगे निकल चुके हैं। जबकि हमारे यहां आयोजित

विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए।

होने वाले विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी अभी परोक्ष और दर्शक जैसी ही बनी हुई है। सक्रिय भागीदारी के लिए इनोवेशन दिखाई नहीं देती। विज्ञान लोकप्रियकरण के सभी उपायों के मद्देनजर भारत की स्थिति को हम जिस मानकीकृत, खास तरीके से जान सकते हैं वह है देश में उन संस्थानों और संगठनों की 'ट्रांसपेरेंट रैंकिंग' के बारे में जानना जिनकी गतिविधियों को आंकने का तरीका 'गूगल स्कॉलर साइटेशंस' अर्थात् ऐसे शोधपत्रों का उद्धरण दिए जाने की बारंबारता जिन्हें हमारे उन वैज्ञानिकों ने प्रकाशित किया है, जो टॉप 429 इंस्टिट्यूशंस में काम करते हैं। उनकी लोकेशंस विभिन्न बड़े शहरों में है।

तिरुवनंतपुरम (केरल) में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत इनफार्मेशन साइंटिस्ट गंगन प्रताप द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से मालूम हुआ है कि हमारे टॉप 439 संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जो शोधपत्र लिखे उन्हें कुल मिलाकर एक करोड़ बाईस लाख 80 हज़ार और 756 की संख्या में उद्धृत किया गया था। ये संस्थान भारत में 188 शहरों में ही कंद्रित हैं जबकि 22 प्रांतों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नगरों की कुल संख्या 4 हज़ार है। इससे यह प्रश्नमूलक संकेत मिलता है कि जिन नगरों में अधिक वैज्ञानिक संस्थान मौजूद हैं क्या वहां के लोगों में बाकी के नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या के मुकाबले में वैज्ञानिक अभिरुचि का स्तर ऊंचा है, अर्थात यह मालूम करना है कि इन संस्थानों की गतिविधि का इनके परिसर के 50 किलोमीटर के व्यास में अर्थात 196 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर क्या असर हुआ है? इस बारे में निश्चित रूप से तो नहीं लेकिन अनुमान से कहा जा सकता है कि 'शायद' यह स्तर ऊंचा होता है। इस जाहिरा असमानता को दूर करके समानता के स्तर पर लाना असंभव है लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। अपने तौर से सर्वे के जो प्रयास मैंने ऑनलाइन किए इन्हें चालीस साल के अपने अनुभव को मिलाकर देखता हूं कि नॉन-कमर्शियल पॉपुलर साइंस पब्लिकेशन्स और इनके वितरण के मामले में शासकीय वित्त पोषण से चलने वाली रूस (सोवियत काल) की 'मीर', 'रादुगा' और 'प्रोग्रेस' एजेंसीज़ के प्रकाशन दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ हैं। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों के लोग एक नया कांसेप्ट 'सिटीजन्स साइंस' लेकर आए हैं इस बाबत करीब एक दशक से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनका ख्याल है कि इस कार्यक्रम में विज्ञान पढ़ने वाले युवजनों और स्थानीय आमजन को कुछ ट्रेनिंग देकर प्रकृति संरक्षण, यथा -बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन, जैसे काम में पेशेवर वैज्ञानिकों के साथ काम करने हेतु लगाया जा सकता है। लेकिन इस बारे में उनके ही कुछ विद्वज्जनों का विचार है कि सिटीजन साइंटिस्ट्स द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले डेटा की विश्वसनीयता, संचालित कार्यक्रमों में 'रिस्क' से उनका सामना होने के अलावा 'नैतिक मुद्दे' भी जुड़े हुए हो सकते हैं।

'एनवायरनमेंटल साइंस एंड पालिसी जर्नल' के दिसंबर 2015 के अंक में प्रकाशित एक समीक्षा पत्र में जो लिखा गया है उसका भाव यह कि 'आम लोगों और पेशेवर वैज्ञानिकों के बीच सहयोग-अनुसंधान एक महत्वपूर्ण नवोन्मेषी प्रवृत्ति है। नागरिकों ने पेशेवर वैज्ञानिकों को जानवरों और पौधों की आबादी, कैनाइन व्यवहार, आकाशीय वस्तुओं, पर्यावरण प्रदूषकों, मत्स्य पालन, व्हेल ध्वनियां, मौसम विज्ञान और आक्रामक प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मदद की है।' आपत्तियों के बावजूद वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच होने वाले सहयोग, विज्ञान और समाज के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे नैतिक प्रश्न और चिंताएं भी उठा सकते हैं। देखा जाय तो हमारे देश में विज्ञान लोकप्रियकरण आंदोलनों और अन्य अवसरों से पेशेवर वैज्ञानिकों के जुड़ने के दौरान अनेक युवजनों ने मौसम, फसलों, कीट-पतंगों, कृषि-सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र की स्थापना जैसे कि 'किसान संचार', प्राकृतिक आपदा के समय सूचना तंत्र को कायम रखने के लिए 'हैम-रेडिओ', पुरातत्व और कला के वैज्ञानिक पक्षों की विवेचना और विमर्श, पर्यावरण और प्रकृति की जानकारी देने और संरक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए कई वर्ष पहले ही एनजीओ बनाने और यू-ट्यूब चैनल्स चालू करने जैसे काम शुरू कर लिए थे। विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज़ रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए। यह गुण सहज होता है और स्वतःस्फूर्त भी। जिन बालकों और युवजनों में ऐसा स्फुरित हो जाए तो प्रारंभिक दौर में तो वे इसमें ही रुझान बनाए रखते हैं। अगर मैथड ऑफ़ साइंस बाद में नहीं अपनाया गया तो ये अन्वेषक नहीं बन पाते। बचपन के दिनों में कुछ बच्चे लचर, ढीले और मंद दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में कुछ ऐसा घटता है जिसके कारण या स्वतःस्फुरित आंतरिक परिवर्तन की वजह से इनमें अचानक से प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है और टॉमस अल्वा एडिसन की तरह, आइन्स्टाइन की तरह वह निखरता है। श्रीनिवास रामानुजन की तरह वह जन्म से ही अगर एक किशोर वय का बालक प्रतिभावान है और गणित में गूढ़ ज्ञान के प्रतिपादन से एक अर्से से लंबित पड़ी जटिल समस्याओं को सुलझाता है, तो निश्चय ही वह रामानुजन की नस्ल का व्यक्ति है। एक राष्ट्र की उत्पादक क्षमता उस देश के लोगों की वैज्ञानिक नए ज्ञान के सृजन और पुराने को नए सिरे से व्याख्यायित करने के कौशल पर निर्भर करती है। मेरे ख्याल से हमारे प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की जो बात बहुत पहले कही थी उसका आशय इसके अलावा और क्या हो सकता है? विज्ञान दिवस जैसे अवसरों पर अखिल भारत स्तर पर संस्थानों में अनेक तरीके से विविध कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें आत्मगौरव का भाव तो बहुत होता है, लेकिन पारंपरिक दिखावे की भी कमी नहीं होती।

प्रसंगवश

दूरसंचार का उत्थान-पतन

पिछले दिनों सरकारी फोन विभागीय कार्मिकों के साथ था। व्यथा-गाथा सुनी। मुझे अपनी तरुणावस्था का दौर याद आया। काला चोगा होता था। आठ इंच लंबा-चौड़ा यह भाष्य यंत्र जिस घर में रहता था उसकी प्रतिष्ठा मोहल्ले में ऊंची होती थी।

मेरे स्मृति पटल पर सनातन फोन रिसीवर (चोगा) उभर आता है। उसके साथ लगभग दो-तीन फीट का तार जुड़ा रहता था। चोगा उठाकर लोग बात करते थे। रिसीवर का एक हिस्सा कान में तथा दूसरा हिस्सा मुंह के पास रखा जाता था। टेलीफोन की घंटी जब पूरे घर में गूंजती थी तो खुशी की लहर दौड़ जाती थी। अगर दो-चार मेहमान बैठे हुए हैं और उनके सामने टेलीफोन की घंटी बज जाए तो इसका अर्थ बहुत शुभ सूचक माना जाता था। गर्व से गृह स्वामी की आंखें चौड़ी हो जाती थीं कि देखो हमारे घर टेलीफोन की घंटी बज रही है। फिर आया मोबाइल का दौर। बीएसएनएल और एमटीएमएल बुलंदी पर रहे। मगर गिरावट आ गई जब निजी व्यापारी भी प्रतिस्पर्धा में आ गए। नतीजन आज सरकारी मोबाइल साढ़े नौ करोड़ पर गिरे। निजी तो सवा सौ करोड़ छू रहीं हैं। निजी कंपनियां भी हैं। आज लैंडलाइन फोन के करीब सवा दो करोड़ ग्राहक हैं। निजी के तो कई गुना हैं। सरकारी कार्मिक लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाली एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी, संचार कंपनी रही। भारत में सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में थी। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया। दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। सरकारी फोन कंपनी से कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ी थी। तब हिमाचल के पं. सुखराम शर्मा संचार मंत्री थे। भारत में पहली मोबाइल बात मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल की माकपा मुख्यमंत्री ज्योति बसु से 3 जुलाई 1995 में (कलकत्ता से नई दिल्ली) की थी। करिश्मा लगता था। फिर आया दुर्भाग्य का दौर। इस सार्वजनिक उपक्रम का घाटा करोड़ नहीं, अरबों रुपयों में होने लगा। तब

टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे।

संप्रग सरकार (मनमोहन सिंह) के मंत्री थे तमिलनाडु के द्रमुक के ए. राजा और मारन आदि। कुछ शीर्ष पत्रकारों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया। लाइसेंस की लूट मची थी। नतीजन अब बीएसएनएल अपने पौने दो लाख कार्मिकों को वेतन नहीं दे पा रही है।

अचरज की बात है कि बीएसएनएल तो बंदी की कगार पर है, मगर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। कभी सबसे प्रतिष्ठित टेलिकॉम कंपनी मानी जाने वाली बीएसएनल के आज देश में 11.5 करोड़ मोबाइल यूजर हैं। देश में उसका मार्केट शेयर केवल 9.7 फीसदी है। एक कार्मिक ने उसे दौर का किस्सा बताया। बीएसएनएल के एक अधिकारी गुजरात गए थे। तब शाम को उनकी तबीयत गड़बड़ाई तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस पर कर्मचारी यूनियन के महासचिव बताते हैं : "डॉक्टर ने मुझसे कहा आप पहले मेरी मदद करिए, तब मैं आपकी मदद करूंगा। मेरे पास बीएसएनएल का मोबाइल है। कॉल सुनने के लिए मुझे सड़क पर जाना पड़ता है। चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। आप पहले मेरी समस्या का समाधान करिए।" एक्सपर्ट बताते हैं कि इस दौर में मंत्रालय से भी सहमति आने में भी वक्त लग रहा था। टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे। जब 2014 में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था कि बीएसएनएल ने "ऑपरेटिंग" मुनाफा कमाया है तो आशा बंधी थी। मगर अब मोदी की गारंटी की प्रतीक्षा है कार्मिकों को।

विकास व समृद्धि के लिए अहम है महिलाओं का स्वास्थ्य

महिलाओं का स्वास्थ्य व पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है। इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने, बीमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते हैं, लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तंबाकू उगाते हैं, क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं। जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं। गरीबी रेखा का सबसे ज्यादा कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो, महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है, क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात् वे सबसे अंत में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी

डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है।

का दर्जा नहीं मिलता है। इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ्य में वृद्धि कर सकते हैं और जब लोगों का पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना, मानसिक स्थिति का स्थिर होना और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है, उन्हें रोगों से बचाता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है, बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है। संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। स्वास्थ्य और पोषण की सही देखभाल न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खासकर उन वर्षों में जब वे गर्भवती होती हैं और मां बनती हैं, उस समय सही पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्था न केवल उनके लिए, बल्कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक समस्याएं हैं। गर्भावस्था में पोषण संबंधी जानकारी की कमी, अनाधिकृत आहार, उपयुक्त देखभाल की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी और महिलाओं के शिक्षा से जुड़ी समस्याएं इनमें से कुछ हैं। समाज को इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने और सही आहार लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। साथ ही सरकार को भी समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए उचित योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इस प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखकर हम एक समृद्ध, स्वस्थ और समान मानव समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं।

सोशल फोरम

पृथ्वी प्लेटफार्म

लोगों को इस प्लेटफार्म से जाते हुए देखते हैं। सोचते हैं कि अभी कौन-सा जाना है। अभी कहां? दुबारा जन्म होगा। ऊपर स्वर्ग-नरक होगा। कहानियां, धारणा, विचार। सब है। कुछ नहीं है। अमीरी-ग़रीबी, सुख-दुख, हर्ष-शोक, सफलता-असफलता कुछ नहीं। हम और आप बस यूं ही गुजर कर चले जाते हैं। संसार में वो पहला इंसान कौन होगा जिसने जमीन पर एक लकीर खींची होगी, कहा होगा ये टुकड़ा मेरा।

संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कैसे? कोई मालिक हो ही कैसे सकता है? किस पहले ने कहा होगा कि ये मेरा। दूसरे ने माना क्यों? 'मेरी' ही माया है। भ्रम। कौन है सदा के लिए? कितना छोटा है जीवन। दीदी एक कुत्ता पाले बैठी थी। दस-बारह साल वो दीदी के साथ रहा। मर गया तो दीदी रोने लगी। मैंने उसे समझाया था, कुत्ता इतने ही साल ही जीता है।

'दुख तो होगा न?' मैंने दीदी से कहा, "तुम खुश होने के लिए कुत्ता नहीं पालती हो। दुखी होने के लिए पालती हो। जीवन के बारह साल उसके साथ अच्छे गुजरे। इसका जश्न नहीं? जीवन यात्रा है। जश्नदार यात्रा। मिलने का जश्न मनाइए। बिछड़ने का गम नहीं। आदमी अकेला आता है, अकेला जाता है। वो अकेला ही है। यात्रा में मुसाफिर मिलते हैं। अपनी यात्रा सुखद बनाइए। खुश रहते हुए गुजर जाइए। बाबा लोग रोज सुबह-सुबह प्रवचन देते हैं। मुझसे तमाम परिजन प्रश्न पूछते हैं। ये समस्या है, क्या करें?

मैं कहानियों से समस्या का हल बताता हूं। सोचता हूं कि संदेश कई लोगों तक पहुंच जाए। ये सच पहुंच जाए कि जीवन सच में कुछ नहीं। कुत्ता बारह-तेरह। आदमी सत्तर -पचहत्तर। कछुआ ढाई-तीन सौ साल। बहुत मत सोचिए। कुछ हासिल नहीं होगा। किसी को हासिल नहीं हुआ। न ज्ञानी को, न भक्त को। न तर्क से। न अंधविश्वास से। जितने दिन हैं लोगों के साथ रहिए। दीजिए। संग्रह में मत फंसिए। कोई टुकड़ा किसी का न हुआ है, न होगा। जीवन ही एक टुकड़ा है। बहुत बड़े किसी अज्ञात जीवन का। स्टेशन किसी का नहीं। ये सिर्फ एक प्लेटफार्म है। हम सब इंतज़ार कर रहे हैं अगली ट्रेन का। किसी यात्रा में कोई दुबारा कहां मिलता है? कोई नहीं मिलता। कभी नहीं मिलता।

- फेसबुक वॉल से

लगातार कम होता आदमी बने रहने का सलीका और तमीज

अशोक पांडे
हल्द्वानी

कुमाऊं में एक जगह है जागेश्वर। अल्मोड़ा से कोई चालीस किलोमाटर दूर। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको आरतोला नाम की एक छोटी सी बसावट से मुख्य मार्ग छोड़कर एक छोटी सड़क पकड़नी होती है जिस में प्रवेश करते ही एक दुर्लभ घनी हरियाली आपको अपने आगोश में भर लेती है। दुर्लभ इसलिए कि यह हरियाली देवदार के सैकड़ों बरस पुराने पेड़ों से बनी है।

इन शानदार पेड़ों के बीच से गुजरती हुई पांच-सात किलोमीटर लंबी घुमावदार सड़क आपको अंदर तक हरा कर देती है। आदमी होने का जरा भी सलीका बचा होगा तो आप खुद उस हरे का हिस्सा बन जाएंगे। भीतर से केवल खूबसूरत भावनाएं उमड़ेंगी। आप हैरत, खुशी और शांति से भर जाएंगे। यकीन कीजिए यह रास्ता ऐसा ही है। इसीलिए मुझे इसका एक-एक मोड़ रटा हुआ है। बहुत सारे पेड़ों को पहचानता भी हूं। जागेश्वर पहुंचते ही पहला अहसास यह होता है कि ध्यान या योग करने के अलावा शिव जैसे बीहड़ देवता का मंदिर बनाने के लिए इससे बेहतर जगह ढूंढे से नहीं मिलेगी। पुराणों में इस जगह और इस इलाके के बारे में खूब विस्तार से लिखा गया है। मानसखंड के उनसठवें अध्याय की शुरुआत में ऋषि वेदव्यास इस जंगल के बारे में बताते हैं कि यहां आकर ही शिव ने अपने योगी रूप को प्राप्त किया। यह अद्वितीय जंगल सिद्ध पुरुषों, विद्वानों, ऋषियों और देवताओं को तो प्रिय था ही, ब्रह्मा-विष्णु-महेश की देवत्रयी ने उसे अपना घर भी बना रखा था। यही वजह रही होगी कि यहां उगने वाले शानदार वृक्षों को देवदारु कहा गया। देवदारु यानी देवताओं का वृक्ष। देवदारु के इसी सघन प्रांतर के बीच अपना रास्ता बनाती जटागंगा नाम की एक छोटी सी धारा बहती है। योगीश्वर शिव की तपस्थली होने के कारण इसे जागेश्वर नाम मिला।

ऐसी दिव्य जगह पर हजार-पंद्रह सौ बरस पहले कोई सवा सौ मंदिरों को एक छोटे से परिसर में बनाया गया। प्रमाण हैं कि स्थानीय पत्थरों की मदद से इन मंदिरों को बनाने के लिए तत्कालीन राजाओं ने उड़ीसा और गुजरात के संगतराश बुलवाए थे। इस परिसर और इसके आसपास शिव के बहुत सारे अलग-अलग रूपों को समर्पित कई मंदिर हैं। किसी में शिव नृत्य कर रहे हैं, किसी में वीणा बजा रहे हैं। किसी में उनकी तरुण छवि की उपासना होती है किसी में वे वृद्ध रूप में विराजमान हैं। उनका एक मंदिर तो ऐसा भी है, जहां पूजा करने से किसी भी तरह के उधार से मुक्ति मिल जाती है। शुरुआती बचपन अल्मोड़ा में बीता। तभी से जागेश्वर जाता रहा हूं। मंदिर का शिल्प बहुत आकर्षित करता है। उसमें हर बार कुछ नया देखने को मिल जाता है, लेकिन वहां जाने का सबसे बड़ा आकर्षण अब भी देवदार के आलीशान पेड़ों से घिरी वही घुमावदार सड़क है। उस से गुजरने का कोई भी मौका मैं नहीं छोड़ता।

इन सब पेड़ों को काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

देवदार के इन पुरातन पेड़ों तले टहलता आदमी आज भी एक बेहद पवित्र, बेहद आदिम इमेज की तरह दिखाई देता है। कभी मुख्य जागेश्वर से डंडेश्वर की तरफ नदी-नदी चलते हुए आएं। इन ऊंचे पेड़ों के पास एक ऐसा चरित्र है, जो इंसान को उसकी क्षुद्रता और प्रकृति के वैराट्य का अहसास कराता है। ये पेड़ अपने आसपास की धरती को भी अपने जैसा उदात्त बनाते हैं। देवदार की सूखी भूरी सुइयों से ढकी उस जमीन पर पैर रखने जैसी मामूली क्रिया भी खुद को पहचानने की शुरुआत की सूरत ले सकती है। बशर्ते आपके पास आदमी बने रहने का सलीका बचा हो और तमीज भी। यह और बात कि ये दोनों चीजें हमारे आसपास लगातार कम और अर्थहीन होती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक महापुरुष के जागेश्वर दौरे के बाद नीति-निर्माताओं के मन में आया है कि हजार बरसों से आदमी को जागेश्वर पहुंचा रहा वह रास्ता बहुत संकरा है। नए जमाने की तेज-रफ्तार गाड़ियां आगे-पीछे करने में दिक्कत होती है। समय भी बहुत लगता है। सड़क को चौड़ा करना होगा ताकि जो रास्ता पंद्रह मिनट लेता था अब दस मिनट में पार हो जाए। सारी दुनिया जागेश्वर पहुंच जाए। सबको मोक्ष मिले।

इक्कीसवीं सदी के भारत का सबसे बड़ा सपना यह है कि एक-एक सड़क को इतना चौड़ा बना दिया जाए कि उस पर टैंक चलाए जा सकें। सबको रफ्तार चाहिए। टाइम किसी के पास नहीं है। जागेश्वर वाली सड़क पर मौजूद देवदार के वे एक हजार से ज्यादा पेड़ क्या करें जिन पर चूने से निशान लगा दिए हैं ताकि जब आरियां चलाई जाएं तो उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो। इन सबको काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

बर्फबारी से लकदक हुई चोटियां, कई जगह ओलावृष्टि

जागेश्वर, बिनसर और दूनागिरी की ऊंची पहाड़ियों पर बिछी बर्फ की सफेद चादर, बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

कपकोट के उच्च हिमालयी क्षेत्र में हुआ हिमपात। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जनपद में मौसम के बिगड़े मिजाज से रविवार को भी लोगों को राहत नहीं मिल पाई। दिनभर बारिश के बाद देर शाम जागेश्वर, बिनसर और दूनागिरी की ऊंची पहाड़ियों पर जमकर बर्फबारी हुई। बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में भारी गिरावट आई है। जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

बीते शुक्रवार की रात से बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को आकाशीय बिजली और गर्जन के साथ जमकर बारिश और ओलावृष्टि हुई। इससे एकाएक तापमान गिर गया और कड़ाके की ठंड पड़ रही है। खराब मौसम के कारण लोग दिनभर घरों में दुबके रहे। केवल जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। साप्ताहिक बंदी के कारण बाजार भी सुनसान रहा। इससे संडे मार्केट में फड़ और दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहा तो जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी हो सकती है।

वहीं, रानीखेत में लगातार हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है। रविवार की सुबह आधे घंटे लगातार बारिश और ओलावृष्टि होने से ठंड बढ़ गई है। जिसके चलते बाजार में दिनभर सन्नाटा छाया रहा। लोग घरों में दुबके रहे और अंगेठी व हीटर का सहारा लेते नजर आये। इधर, बारिश से इस वर्ष अच्छी फसल होने के आसार हैं, लेकिन हिमपात न होने से लोग मायूस हैं। लगातार हो रही बारिश से हिमपात होने के कयास लगाए जा रहे हैं। ठंड के चलते जिला प्रशासन ने बाजार में राहगीरों के लिए जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की है।

अल्मोड़ा में रविवार को सुनसान पड़ी माल रोड। ● अमृत विचार

जिले में कहां कितनी बारिश

अल्मोड़ा	11.8 मिमी
रानीखेत	13.0 मिमी
चौखुटिया	34.0 मिमी
सोमेश्वर	16.00 मिमी
भिकियासैंण	32.0 मिमी
जैंती	17.0 मिमी
शीतलाखेत	13.5 मिमी
मासी	35.0 मिमी
सल्ट	25.6 मिमी

बारिश से रिचार्ज हुए कई पेयजल स्रोत

बागेश्वर, अमृत विचार : दो दिन से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात होने से ठंड बढ़ गई है। वहीं कई पेयजल स्रोत रिचार्ज हो गए हैं। सोमवार को बारिश से राहत मिलने की संभावना है। जिले में बीते शुक्रवार की रात से जारी बारिश रविवार को भी जारी रही। बारिश से सड़कों के गड्ढे पानी से भर गये। जिस कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। लोग दिनभर घरों में दुबके रहे और ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेते नजर आए। इधर, बारिश से कुछ किसानों के चेहरे खिले तो किसी के चेहरे पर मायूसी नजर आई। सहायक उद्यान अधिकारी कुलदीप जोशी ने बताया कि बारिश कहीं लाभदायक तो कहीं नुकसानदायक साबित हुई है। भिंडी, लौकी, कद्दू की फसल के लिए यह नुकसानदायक है। ऐसे किसानों को दोबारा बीज बोने होंगे। वहीं किवी, पुलम, आड़ू की नई पौध के लिए यह लाभदायक है।

मौसम में बदलाव से सेहत पर असर

बारिश और ठंड से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। जनपद के निजी क्लीनिक और जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बुखार व पेट दर्द के मरीज बढ़ गए हैं। डॉ. राजीव उपाध्याय का कहना है कि बारिश से पेयजल स्रोत में गंदगी अधिक हो गई है। दूषित पानी पीने से सेहत खराब हो रही है। उन्होंने लोगों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी है।

सल्ट में तीसरे दिन भी अंधेरा, संचार सेवा ठप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बारिश के कारण जिले के अनेक इलाकों में बिजली की आपूर्ति बाधित है। रविवार को जिला मुख्यालय में विद्युत लाइनों में फाल्ट के कारण जहां दिनभर बिजली की आंख मिचौली रही। वहीं जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की ठंड से जूझ रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिले के विकास खंड सल्ट में रविवार को भी बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र के लोग अंधेरे में हैं। धौलादेवी, लमगड़ा, भैंसियाछाना, चौखुटिया, स्याल्दे, मानिला, द्वाराहाट व सोमेश्वर के अनेक गांवों में भी बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। बिजली न होने के कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने मोबाइल फोन तक चार्ज नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उनका एक-दूसरे से संपर्क कट गया है। बिजली न होने के कारण कई मोबाइल टावर भी ठप हो गए हैं। इधर, बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लाइनों को ठीक करने का काम चल रहा है, लेकिन बीच-बीच में बारिश होने से काम करने में दिक्कत आ रही है।

टू फेसिंग से फुंके इलेक्ट्रानिक उपकरण

अल्मोड़ा : रविवार को कुछ देर बारिश थमने के बाद जब बिजली विभाग के अधिकारियों ने लाइनों को ठीक करने की कोशिश की तो कई जगहों पर तारों के आपस में टकराने से टू फेसिंग की समस्या पैदा हो गई। जिससे कई घरों में टीवी, फ्रिज, इनवर्टर, इंडक्शन, मोबाइल फोन, लैपटॉप, हीटर समेत अनेक उपकरण फुंक गए। इससे लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। शिकायत मिलने के बाद ऐसे क्षेत्रों में विभाग ने बिजली फिर से बंद कर दी।

पानी की आपूर्ति भी ठप

अल्मोड़ा : बिजली की आपूर्ति न होने का असर पेयजल योजनाओं पर पड़ने लगा है। जिले के चौखुटिया, भिकियासैंण और सल्ट विकास खंड में बिजली न होने से पंपिंग पेयजल योजनाएं ठप हैं। चौखुटिया और भिकियासैंण में रामगंगा से अनेक पंपिंग पेयजल योजनाओं का निर्माण किया गया है, जो पिछले दो-तीन दिनों से बिजली न होने के कारण ठप हैं। सल्ट में भी कोटेश्वर-शशीखाल और मानिला-बरकिंडा पंपिंग पेजयल योजनाओं पर विद्युत आपूर्ति भंग होने का असर पड़ा है। जिस कारण इन क्षेत्रों के हजारों लोग ब्लैक आउट के साथ ही पेयजल की समस्या से भी जूझ रहे हैं।

सल्ट और सराईखेत क्षेत्र में ओलावृष्टि से नष्ट पौध। ● अमृत विचार

सरसों और गेहूं की फसल को नुकसान, काश्तकार मायूस

अल्मोड़ा, अमृत विचार : बारिश और ओलावृष्टि से सरसों और गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं सब्जी और फलों की खेती भी बबार्द हुई है। इससे किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई है। जिले के सल्ट, मानिला, स्याल्दे, सराईखेत, लमगड़ा, धौलादेवी और चौखुटिया आदि क्षेत्रों में जमकर ओलावृष्टि हुई। जिस कारण सरसों और गेहूं की फसलों की नुकसान पहुंचा। वहीं खेतों में हो रही सब्जियों और फलों पर भी इसका असर पड़ा है। काश्तकार हरीश आगरी का कहना है कि ओलावृष्टि के कारण फलों में आ रहे बौर नष्ट हो गये हैं। जबकि सब्जियों को भी भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही मौसम की मार से जूझ रहे थे। ऊपर से अब बैमौसम हो रही ओलावृष्टि ने कमर तोड़ कर रख दी है। जिले के कृषि बाहुल्य क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वह अपने उत्पादन से ही जैसे तैसे आजीविका चलाते थे, लेकिन इस बार मौसम की मार से उनके उत्पादन में भारी कमी हो सकती है। इधर, मौसम विभाग की और बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी से किसानों के चेहरे की रौनक पूरी तरह खत्म हो गई है।

बारिश के बाद ओलों से पटी अल्मोड़ा के ग्रामीण इलाके की सड़क।

पल्स पोलियो अभियान पर बारिश का असर

अल्मोड़ा, अमृत विचार : पिछले तीन दिन से लगातार हो रही बारिश का असर रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान पर दिखाई दिया। जिसके चलते काफी कम संख्या लोग बूथों तक पहुंच पाए। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाने के लिए जनपद में 653 पोलियो बूथ बनाए गए थे, जिनमें 49280 बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई जानी थी। लेकिन सुबह से बारिश होने के कारण कम लोग ही बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने बूथों तक ला पाये। जिन लोगों के बूथ नजदीक थे उन्होंने बारिश कम होने पर बूथ पहुंचकर बच्चों को ड्राप पिलाई। लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिए कम लोग ही घरों से बाहर निकले। सीएमओ डॉ. आरसी पंत ने बताया कि खराब मौसम के कारण लक्ष्य के अनुरूप बच्चों को पोलियो ड्राप नहीं पिलाई जा सकी है। अब सोमवार और मंगलवार को कर्मचारी घर-घर जाकर पोलियो ड्राप पिलाएंगे।

बनबसा में दुकानदार ने किया नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, बनबसा

कार्रवाई

- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा आज मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज होंगे बयान
- बीती 23 फरवरी को दुकान में सामान लेने गई थी बच्ची शनिवार को मां ने दी तहरीर

अमृत विचार : बनबसा में एक दुकानदार ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को सौंप दी है।

क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसकी 13 वर्षीय बेटी बीती 23 फरवरी की सुबह 8:30 बजे हीरा चंद की दुकान में सामान लेने गई थी। आरोप है कि दुकानदार उसकी बेटी को दूसरे कमरे में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। डर से नाबालिग के चिल्लाने पर दुकानदार ने उसे छोड़ दिया और किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी।

नाबालिग ने घर आकर सारी बातें अपनी मां को बताईं, लेकिन बच्ची की जान के डर से उसने उस समय पुलिस को कुछ नहीं बताया। शनिवार को महिला ने थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया।

चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक संतोषी आर्य ने पीड़ित किशोरी और उसकी मां से पूछताछ की है। सीओ शिवराज सिंह राणा ने बताया कि नाबालिग का मेडिकल करा दिया गया है। सोमवार को मजिस्ट्रेट के सामने नाबालिग के बयान दर्ज होंगे। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेसुध मिले बुजुर्ग की मौत

टनकपुर, अमृत विचार : टनकपुर रेलवे स्टेशन में बेसुध अवस्था में पड़े एक व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार सुबह रेलवे पुलिस ने स्टेशन के पास एक बुजुर्ग को बेहोशी की हालत में पाया। उसे उपचार के लिए उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल जीआरपी कैलाश नाथ ने बताया कि मृतक की शिनाख्त राम सिंह (70) पुत्र स्वॅ. कल्लू सिंह, निवासी ग्राम रामपुर थाना हाफिजगंज बरेली के रूप में हुई है। वह मजदूरी का कार्य करता था। शव का पीएम करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

रीड्स प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में किया प्रतिभाग

टनकपुर, अमृत विचार : लंबे समय से भारत-नेपाल सीमा में हो रही मानव तस्करी को रोकने के लिए सामाजिक संस्था रीड्स ने विशेष पहल की है। राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल संस्थान नई दिल्ली की ओर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में रुरल एन्वायरमेंटल एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी रीड्स टनकपुर की प्रतिनिधि अर्चना लोहनी एवं सहयोगी संस्था की किरन गहतोड़ी ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में अवैध रूप से हो रहे मानव व्यापार को रोकने के गुर सिखाए गए। अर्चना लोहनी एवं किरन गहतोड़ी ने बताया कि कार्यशाला में भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने अवैध रूप से हो रहे मानव व्यापार को रोकने के लिए दिशा निर्देश दिए। साथ ही आपस में समन्वय के साथ इस प्रथा को समाप्त करने का निर्णय लिया।

वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की मची धूम

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार : प्रभात लाल गोयल सरस्वती शिशु मन्दिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसे देख अतिथि और अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार व विशिष्ट अतिथि आशीष ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय के सहयोग के लिए हरसमय तत्पर रहने की बात कही। प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. जनक चन्द ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत भंडारी व संचालन भुवन पंत ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कुंडल सिंह कार्की, शंकर लाल वर्मा, अभिषेक गोयल, हर्षित गोयल, जगदीश कलौनी, चन्द्रशेखर भट्ट, भूदेव प्रसाद भट्ट, रुकमणि उनियाल, सुनीता मुरारी, जतिन देऊपा आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-361

बाएं से दाएं

1.1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4.1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5.1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7.1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9.1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

ऊपर से नीचे

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3.1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6.1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7.1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।



वर्ग पहेली - 360 का हल

1 का	म	का	2 जी	■	3 ठु
ज	■	■	4 व	सी	म
■	5 गा	6 ट	र	■	की
■	■	7 म	सा	नी	■
8 चुं	9 ब	की	य	■	10 सं
■	ढ़	■	न	■	घा
11 वि	त	त	■	12 सृ	त

सुडोकू-78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		9		1		2
		5					7	
8				1		4		
6			4	2			5	
9		2				6		3
	4			5	6			
		1		3				9
	6					8		
2		4		6		5		

सुडोकू - 77 का हल

9	3	8	6	7	5	1	4	2
7	5	1	9	4	2	3	6	8
6	4	2	1	8	3	9	7	5
3	2	5	7	1	8	6	9	4
8	6	4	3	2	9	7	5	1
1	7	9	4	5	6	8	2	3
5	1	7	8	9	4	2	3	6
4	9	6	2	3	1	5	8	7
2	8	3	5	6	7	4	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 08.49 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 16.21 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज अति उत्साह पर नियंत्रण रखें। दांपत्य संबंधों में गलतफहमी न होने दें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से रखें। कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। अत्यधिक क्रोध आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

वृष — आज जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवादित मामले सुलझा सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। शरीर में आलस्य न रखें। परिवार के मामलों में परेशानी खड़ी हो सकती है। दिनचर्या अच्छी रखने का प्रयास करें।

मिथुन — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। पुराने रोगों के दोबारा उभरने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

कर्क — आज प्रेम रिश्ते में तनाव हो सकता है। छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन असंतुष्ट रहेगा। दोस्तों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिलेगा।

सिंह — आज अपने स्वभाव में अहंकार न आने दें। दिनचर्या से थोड़ा फुर्सत लें और खुद को समय दें। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परिस्थितियां आपके विरुद्ध हो सकती हैं। कुछ लोगों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है।

कन्या — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। आपके ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आपका समय अच्छा बीतेगा। परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज कानूनी दांव-पेंच में उलझ सकते हैं। कड़वे वचन बोलने से बचें। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। शरीर में थकावट रहेगी। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। पड़ोसियों के साथ झड़प हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

वृश्चिक — आज घर का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन काफी अच्छी तरह बीतेगा। समस्त कार्यों में सफलता मिलेगी। भूमि-संपत्ति के कार्यों में लाभ मिलेगा।

धनु — आज दूसरों के बहकावे में आकर कोई कार्य न करें। लेन-देन करते समय पेपरवर्क में सावधानी रखें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लोग आपकी अवज्ञा कर सकते हैं। समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद हो सकता है।

मकर — आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा। घर में मेहमान आ सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में दिन बीतेगा।

कुंभ — आज पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। तकनीक संबंधी प्रोजेक्ट्स को लेकर नई रणनीति बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

मीन — आज लोग आपकी बातों का गलत अर्थ न निकालें इसका ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। जॉब बदलने का विचार बनेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय उत्तम नहीं है। लोग आपकी भावनाओं का ज्यादा सम्मान नहीं करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आखरी गुलाम — सुबह : 09.44
- अलीबाबा मरजीना — रात : 07.11

StarGold SELECT
- चरित्रहीन — सुबह : 11.00
- द गाजी अटैक — रात : 09.00

SONY PIX
- जुमांजी — सुबह : 09.46
- घोस्टबस्टर्स — रात : 08.50

ZEE CINEMA
- कॉर्पोरेट — सुबह : 10.30
- मौसम — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- जानी दुश्मन — सुबह : 10.58
- एसीपी शिवा — रात : 07.57

आज की सुपरहिट फिल्म

स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात-09.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं न।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं।
लड़की-सोशल वर्कर हो?
लड़का-नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

डंगूला में सड़क से 100 मीटर नीचे गिरी ट्रैक्टर ट्राली, चालक की मौत

बारिश के दौरान हुआ हादसा, दो नेपाली श्रमिक भी गंभीर घायल, हायर सेंटर रेफर

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सल्ट विकास खंड के डंगूला गांव में एक ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवायल लाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

बीते शनिवार की देर शाम एक ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली शशीखाल से चमकना गांव की ओर जा रही थी। जैसै ही ट्रैक्टर ट्राली डंगूला गांव के पास पहुंची थी तो चालक संतुलन खो बैठा और ट्राली सड़क से करीब सौ मीटर नीचे जाकर एक ग्रामीण के आवास की दीवार पर टकरा गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक चंदन सिंह निवासी सोली और दो नेपाली श्रमिक राजन व प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर एकत्र लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। चंदन की हालत अधिक गंभीर होने पर उसे रामनगर ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं श्रमिक राजन और प्रदीप को सीएचसी देवालय में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रामनगर रेफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। बताया जाता है कि इन दिनों चमकना गांव के लिए सड़क मार्ग का निर्माण हो रहा है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली काम करा रहे ठेकेदार देवेंद्र बिष्ट की थी। अंदेशा लगाया जा रहा है कि खराब मौसम के कारण चालक ने ट्रैक्टर ट्राली से संतुलन खो दिया और हादसा हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। इस मामले में अभी तक किसी ने कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है।

बाराकोट के पास दो वाहनों की भिड़ंत, पांच घायल

लोहाघाट, अमृत विचार : टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में छीड़ा लीसा डिपो के समीप दो वाहनों की भिडंत में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट में किया गया। जबकि दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। रविवार को दिल्ली से पिथौरागढ़ जा रहे अर्टिका वाहन संख्या-यूके 04 टीबी- 2624 की पिथौरागढ़ से बनबसा आ रही स्विफ्ट कार संख्या-आरजे 21सी- 8877 से भारतोली से आगे छीड़ा लीसा डिपो के पास जोरदार भिडंत हो गई। जिसमें अर्टिका वाहन में बैठे चालक नीरज कुमार पुत्र हरि राम निवासी पांडा पिथौरागढ़, संजय सिंह पुत्र भैरव सिंह, माया खत्री पत्नी संजय सिंह निवासी अल्मोड़ा और स्विफ्ट वाहन में बैठे अशोक सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी आर्मी कैंट बनबसा और सुभाष पांडेय पुत्र केशव दत्त पांडेय निवासी सैलानीगोठ टनकपुर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे बाराकोट चौकी प्रभारी नरेश कुमार ने सभी घायलों को 108 आपातकालीन वाहन से उप जिला अस्पताल लोहाघाट भेजा। अस्पताल की चिकित्सक डॉ. बीना मेलकानी ने बताया कि चालक नीरज कुमार के पैर और माया के सिर पर गंभीर चोट लगी है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल चंपावत भेजा गया है। बताया कि सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

चरस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर व महिला गिरफ्तार

चंपावत/लोहाघाट, अमृत विचार : पुलिस ने चरस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर व एक महिला को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक किलो 240 ग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की टीम टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में चेकिंग कर रही थी तभी पिथौरागढ़ की ओर से एक कार आती दिखाई दी। कार में एक महिला व पुरुष सवार थे। तलाशी लेने पर टीम को कार से चरस बरामद हुई।

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम पुष्कर सिंह रावल निवासी बौतड़ी लोहाघाट बताया। जिसके पास से 800 ग्राम चरस मिली। वहीं महिला ने अपना नाम कमला जुकारिया निवासी गूंठ गरसाड़ी चंपावत बताया। जिसके पास से 440 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस के अनुसार पुष्कर रावत हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ तीन अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

वेतन को लेकर कार्य बहिष्कार जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : वेतन व अन्य विभिन्न मांगों को लेकर अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के उपनल और आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी है। रविवार को कर्मचारियों ने बेस अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है, जिसे किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रविवार को अवकाश और तेज बारिश होने के बाद भी मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी बेस परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह कोरोना काल से लगातार विभाग को ईमानदारी से अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित करने के बजाय सरकार उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने की साजिश कर रही है। दो माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया है। जिस कारण उनके सामने रोजी रोटी की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार को मेडिकल कॉलेज में तैनात कर्मचारियों के पद सृजित कर उन्हें नियमित करना चाहिए। साथ ही उन्हें उनके रूके हुए वेतन का भुगतान भी शीघ्र करना चाहिए। ताकि वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

धरना-प्रदर्शन के दौरान सुशील, सूरज कुमार, सागर सिंह, विवेक लोहनी, पंकज टम्टा, रजत भारती, भरत, सुनीता, चंदन बोरा, लीला, रेखा कनवाल, भावना, नरेंद्र सिंह, महेंद्र कनवाल, रीता देवी, नीमा, दया, सूरज आर्या, मनोज मेहरा, पंकज, कपिल, सुनीता, सपना शैली, भूपेंद्र शैली, मोहित, पूरन, संदीप, सूरज बहादुर, विनोद कनवाल शामिल रहे।

मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

राज्य आंदोलनकारी 5 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज राज्य आंदोलनकारियों ने अब पांच मार्च को अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि आंदोलनकारियों को उचित सम्मान दिए जाने, आश्रितों को पेंशन दिए जाने, वंचित रह गए आंदोलनकारियों के चिन्हिकरण व अन्य मांगों पर लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिस कारण संगठन ने पांच मार्च को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। शिवराज बनौला ने कहा है कि इसके बाद भी उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

मई में बजट आते ही बन जाएगा सीसी मार्ग

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : राजस्व गांव बिचपुरी के कई परिवारों ने विधायक भुवन कापड़ी को ज्ञापन भेजकर इन परिवारों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सौ मीटर सीसी मार्ग निर्माण करने की मांग की है। विधायक कापड़ी ने कहा कि आगामी बजट आते ही उन्हें मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सीसी मार्ग का निर्माण करा दिया जाएगा।

बिचपुरी गांव के लोगों ने विधायक कापड़ी को भेजे ज्ञापन में कहा है कि गांव के हम परिवार को बिचपुरी-हल्दु-नौगवां नाथ मार्ग से जोड़ने के लिए सौ मीटर सीसी मार्ग की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि उन्हें घर तक पहुंचने में बरसात के दिनों में भारी परेशानी होती है। यह भी कहा है कि उन्होंने इस बाबत विभिन्न माध्यमों से मांग की गई लेकिन किसी ने सुध नहीं ली है। यह भी कहा है कि हमें उम्मीद है कि आपके द्वारा कुछ किया जाएगा। उन्होंने विधायक कोटे से सौ मीटर सीसी मार्ग दिए जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में ईश्वर सिंह राणा, अमर सिंह राणा, कुंवर सिंह राना, वीरेंद्र सिंह राणा, अमित सिंह राणा, संजीत सिंह राणा, महेंद्र सिंह राणा आदि शामिल हैं। इस संबंध में विधायक कापड़ी ने कहा कि आगामी मई माह में बजट आने के साथ ही उन्हें सीसी मार्ग बनवा दिया जाएगा।

मांग

- बिचपुरी के कई परिवारों ने विधायक को भेजा ज्ञापन
- बरसात में घर पहुंचने में होती है काफी परेशानी

58 फीसदी बच्चों ने पी पोलियो ड्राप

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

अमृत विचार : पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में रविवार को 58 फीसदी बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई गई। चंपावत में सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न बूथों में 24,990 शिशुओं को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष 16,673 को ड्राप पिलाई गई।

चंपावत में 6,144 के सापेक्ष 4,485 बच्चों को दवा पिलाई गई। लोहाघाट में निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा ने अभियान का शुभारंभ किया। चिकित्सा अधीक्षक डा. सोनाली मंडल ने बताया कि लोहाघाट के 54 बूथों में शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई गई। बताया कि 6398 बच्चों को ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मौसम के अनूकूल न होने के कारण पहले दिन 70 फीसदी बच्चों को ही पोलियो ड्राप पिलाई जा सकी। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 216 वैक्सीनेटर और 19 पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। इस मौके पर एलडी जोशी, उमेश जोशी, राकेश पंत आदि मौजूद रहे।

उधर, टनकपुर व बनबसा में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। उप जिला चिकित्सालय बूथ में सीएमएस डा. जीएस तिवारी ने शिशु को पोलियो दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत टनकपुर व बनबसा क्षेत्र में 7202 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 78 बूथ बनाए गए है। वहीं पहले दिन 10 फीसदी से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। उन्होंने बताया कि घर-घर अभियान के लिए 21 टीमें गठित की गई हैं। जिसमें 37 ट्रांजिट कैंप पर बनाए गए हैं।

चम्पावत में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करते सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल।

जल स्त्रोतों व जंगलों को आग से बचाने पर जोर

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : शीतलाखेत में जंगल बचाओ-जीवन बचाओ अभियान के तहत यूकॉस्ट व ग्रोमोद्योग विकास संस्थान के सहयोग से जंगल के दोस्त समूह की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्राकृतिक जल स्त्रोतों व जंगलों को आग से बचाने पर जोर दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को बीमा कवच देने और फायर लाइन बिछाने की मांग भी की गई।

रविवार को स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र में संपन्न बैठक में नौला, खरकिया, सल्ला रौतेला, स्याहीदेवी, सड़का, चंपाखाली और शीतलाखेत की महिलाओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने सूखते प्राकृतिक जल स्त्रोतों, जैव विविधता को हो रहे नुकसान और जंगलों में लग रही आग पर चिंता व्यक्त की। साथ ही मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए जंगलों को बचाने की वकालत की। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं ओण जलाने की कार्रवाई 31 मार्च तक पूरी कर लें। बैठक में वनाग्नि नियंत्रण में सहयोग कर रहे ग्रामीणों को 15 लाख का बीमा कवच देने और जंगलों के बीच फायर लाइन बनाने की भी मांग की गई। इस दौरान आरडी जोशी, नरेंद्र, प्राचार्य एलपी वर्मा, गणेश पाठक, रणजीत सिंह, मनीषा सुप्याल, देवेंद्र प्रसाद, कविता मेहता, रेनू देवी, तुलसी देवी, कविता परिहार, मंजू जीना आदि मौजूद रहे।

पहल

- शीतलाखेत में हुई जंगल के दोस्त समूह की बैठक
- ओण जलाने की कार्रवाई 31 मार्च तक पूरी करें महिलाएं

गेवाड़ समिति ने सौंपा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : विकास खंड चौखुटिया की विभिन्न समस्याओं को लेकर गेवाड़ विकास समिति का एक शिष्टमंडल बीते दिवस देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री को 27 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर शीघ्र मांगों के निराकरण की मांग उठाई।

समिति के पदाधिकारियों की सीएम धामी से चौखुटिया में पर्यटक आवास गृह निर्माण, बीएसी व बीकाम विषयों के साथ ही महाविद्यालय को पीजी का दर्जा देने, तड़ागताल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने, गैरसैंण चौखुटिया को मिलाकर स्मार्ट सीटी बनाने, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना समेत अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। सीएम धामी ने समिति सदस्यों की सभी समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी, हीरा सिंह विष्ट, दिनेश मनराल शामिल रहे।

किसानों को वैज्ञानिक जानकारी देतीं डॉ. दीपाली। ● अमृत विचार

किसानों को दी सब्जी उत्पादन की वैज्ञानिक जानकारी

टनकपुर, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र ने आत्मा परियोजना के तहत जिले के झालाकुड़ी गांव में किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। जिसमें प्रभारी अधिकारी डॉ. दीपाली तिवारी ने किसानों को सब्जी उत्पादन के तरीकों की वैज्ञानिक जानकारी दी। साथ ही मृदा के शौर्यकरण करने से भूमि में हानिकारक जीवाणु को समाप्त करने के उपाय बताए। इसके अलावा डॉ. सचिन पंत, कार्यक्रम सहायक फकीर चंद ने किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी और निशुल्क फ्रेंच वीन, मडुवा व सब्जी बीजों के मिनी किट भी उपलब्ध कराए। इस दौरान कई किसान मौजूद रहे।

गोशाला में लगी आग छह मवेशियों की मौत

टनकपुर, अमृत विचार : राकड़ी फुलारा गांव में एक नशेड़ी की वजह से गोशाला में आग लग गई। जिससे एक गाय समेत छह मवेशियों की मौत हो गई। बीते शनिवार की रात जिला मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूर दुधपोखरा के राकड़ी फुलारा गांव में गीता देवी की गोशाला आग लगने से स्वाहा हो गई। साथ ही गौशाला में बंधी एक गाय और पांच बकरियों की भी दम घुटने से मौत हो गई।

आग लगने की सूचना मिलते ही लोहाघाट और चंपावत से दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बमुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। बताया जा रहा है कि गोशाला स्वामी गीता देवी का भतीजा नशे में था। उसने गोशाला में रखी सूखी घास पर आग लगा दी, जिसने पूरी गोशाला को लपटों में ले लिया।

संकुल स्तरीय ज्ञान प्रतियोगिता में चंदन अव्वल

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : ताड़ीखेत विकासखंड के अंतर्गत समस्त राजकीय प्राथमिक विद्यालयों एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संकुल स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 12 संकुलों के 72 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राम सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख ताड़ीखेत हीरा रावत, नैनीताल बैंक लिमिटेड के परिचालन अधिकारी डॉ. दीपक पंत व शाखा प्रबंधक चेतन तिवारी, विमल सती ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्ला विसवा के छात्र चंदन कुमार प्रथम, राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय डौड़ाखाल के छात्र दीक्षित रावत द्वितीय व ललिता बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सौला के हर्षित मेहरा प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय टाना रैली की योगिता तिवारी द्वितीय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय जैना के योगेश रावत तृतीय रहे। कार्यक्रम के दौरान सामान्य ज्ञान पत्रिका 2024 का भी विमोचन किया गया। संचालन सहायक अध्यापक एमपी सिंह बिष्ट ने किया। इस अवसर पर दीपक शर्मा, दामोदर पांडे, पंकज बिष्ट, रेखा बिष्ट, मोहिन्दर खाती, सुधांशु जौहरी, अरविंद कुमार, सुशील मौर्य, कुबेर सिंह बिष्ट, कृष्ण सिंह खाती, राधा अधिकारी, अशोक कुमार, अमित शर्मा, मदन फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

संकुल स्तरीय ज्ञान प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते अतिथि।

खुशी की लहर अल्मोड़ा, बागेश्वर और लोहाघाट में हुआ मिष्ठान वितरण, रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करने का दावा

अजय टम्टा को टिकट मिलने से कार्यकर्ताओं में उत्साह

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से अजय टम्टा को तीसरी बार टिकट दिए जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। रविवार को कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि अजय टम्टा ने अपने मधुर व्यवहार और विकास कार्यों की बदौलत टिकट पाने में सफलता हासिल की है। इसलिए कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। दावा किया कि टम्टा इस लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, कैलाश शर्मा, गोविंद सिंह पिलख्वाल, गिरिश खोलिया ,ललित लटवाल, कैलाश गुरुरानी, मीना भैसोड़ा, प्रकाश भट्ट, धर्मेंद्र बिष्ट, महेश बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, तसनीम अंसारी, राजेंद्र जोशी, चंदन बहुगुणा, कन्हैया बिष्ट, ललित खोलिया, सुरेश लोहनी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इधर, बागेश्वर में भी अल्मोड़ा संसदीय सीट से अजय टम्टा को तीसरी बार टिकट मिलने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। प्रदेश लोकसभा विस्तारक प्रमुख एडवोकेट कुंदन परिहार ने कहा कि देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी। साथ ही प्रदेश की पांचों सीटें भाजपा की झोली में आएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी व प्रदेश में सीएम धामी के नेतृत्व में विकास कार्य किए जा रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में पांचों सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी विजयी होंगे। भाजपा नेता व दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह बुटोला, राजकुमार, मनोज ओली, खड़क टंगणियां, नैना तिवारी लोहुमी, भावना रावत, रूपा रौतेला, गोविंद दानू, डॉ. राजेंद्र परिहार, आदर्श कठायत, नवीन तिवारी, मुन्ना तिवारी, गिरीश बिष्ट, नंदाबल्लभ आदि ने टम्टा को टिकट मिलने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया।

वहीं लोहाघाट में सांसद अजय टम्टा को तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बनाने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे ने कहा कि टम्टा की सादगी और कार्यकर्ताओं में पैठ ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर टम्टा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, मोहित पाठक, सचिन जोशी, मुकेश कलखुडिया, पूरन मेहरा, जगदीश जोशी, नवल कलखुडिया मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में अजय टम्टा को लोकसभा का टिकट मिलने पर खुशी मनाते भाजपाई।

जैविक शहद ने घोली मिठास

संवाददाता, चम्पावत/लोहाघाट

अमृत विचार : देहरादून राजभवन में चल रहे बसंतोत्सव में चंपावत जिले के जैविक शहद की मिठास घुल गई है। जिस किसी ने शहद का स्वाद लिया, उसके मुंह का जायका ही बदल गया है। जिला उद्यान अधिकारी टीएन पांडे के नेतृत्व में गए दो दर्जन से अधिक पुष्प एवं शहद उत्पादकों के अलावा उद्यान विशेषज्ञों ने प्रदर्शित हिमालय हनी की एपिस सेराना, वाइल्ड फॉरेस्ट हनी एवं मोनोफ्लोरल हनी ने अपने स्वाद एवं सुगंध से धूम मचा रखी है। जिसने भी जैविक शहद चखा उसके मुंह का जायका ही बदल गया है। शहद की तीनों किस्मों को सर्वश्रेष्ठ स्थान मिलने से शहद उत्पादकों का मनोबल भी बड़ा है। स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत के जैविक शहद का आनंद लेकर डीएचओ समेत सभी उत्पादकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई है।

मालूम हो कि जिला चम्पावत में मौन पालन का कार्यक्रम मुख्यमंत्री की ड्रीम योजना में शामिल है। इस टीम में चम्पावत, बाराकोट, लोहाघाट एवं पाटी के शहद उत्पादकों के अलावा पुष्प उत्पादक भी मौजूद रहे। टीम में गए एडीओ आशीष रंजन खर्कवाल, प्रदीप पचौली के अनुसार बसंतोत्सव में शामिल चंपावत जिले के उत्पादकों को नई प्रेरणा मिली है। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बसंतोत्सव में चंपावत के उत्पादकों के बेहतर प्रदर्शन के लिए डीएचओ एवं पूरी टीम को बधाई दी है।

चम्पावत जिले के जैविक शहद का स्वाद लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

गांवों के विकास को समर्पित भाव से करें कार्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायती राज विभाग के 350 कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति-पत्र, शुभकामनाएं दीं

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में पंचायती राज विभाग के 8 सहायक लेखाकारों तथा 342 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। सहायक लेखाकारों का चयन लोक सेवा आयोग तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों का चयन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से किया गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित कार्मिकों को शुभकामना देते हुए कहा कि नियुक्ति पाने वाले लेखाकार एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्राथमिक इकाई ही नहीं इसकी नींव के समान हैं। पंचायती राज व्यवस्था जितनी सशक्त होगी हमारा लोकतंत्र भी उतना ही मजबूत होगा। तभी सुराज की परिकल्पना भी साकार हो सकेगी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की परेशानी, उसकी शिकायत को सरकार तक पहुंचाने और सरकार द्वारा किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ पंचायती राज विभाग के नवनियुक्त कार्मिक। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार खुद चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है, उसको सशक्त बना कर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिला रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में चलने वाली सरकार में वंचितों की आवश्यकताएं पूर्ण करना ही हमारी प्राथमिकता हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांवों के विकास के लिए हर वह कार्य कर रही है, जो पूर्व में इच्छाशक्ति के अभाव में नहीं हो पाए। उन्होंने युवा अधिकारी-कर्मचारियों से गांवों के विकास के लिए समर्पित भाव से काम करने को कहा।

कहा कि अगर हमारे युवा अपने गांवों के उत्थान की भावना के साथ गांवों के विकास के लिए समर्पित रहेंगे, तो गांवों के विकास में कोई भी बाधा नहीं आ सकती है। उन्होंने कार्मिकों से अपील की कि आप गांवों को अपना घर समझकर कार्य करें, ताकि गांवों के विकास को पंख लग सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आगे बढ़ कर जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। आज उत्तराखंड विकास के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। विकसित उत्तराखंड का लक्ष्य हम सभी का सामूहिक लक्ष्य है और इसे सामूहिक प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर निदेशक पंचायती राज निधि यादव ने पंचायती राज विभाग की कार्ययोजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश्वर लाल, अपर सचिव पंचायती राज आलोक कुमार पाण्डेय, संयुक्त निदेशक आरकेएन त्रिपाठी, उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी, नोडल अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, नवनियुक्त कार्मिकों सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नशे की हालत में विद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित

गरमपानी, अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के नैनीचैक गांव में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। विद्यालय में आवश्यक सुविधाएं जुटाने पर जोर दिया गया। विद्यालय में मादक पदार्थों का सेवन कर प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। तय हुआ की यदि किसी ने भी विद्यालय में नशे की हालत में प्रवेश किया तो पुलिस प्रशासन से कार्रवाई के लिए कहा जाएगा।

विद्यालय सभागार में एसएमसी अध्यक्ष सुरेश सिंह जैडा की अध्यक्षता में प्रबंधन समिति की बैठक हुई। प्रभारी प्रधानाचार्य एसके शर्मा ने विद्यालय में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। मध्यान्ह भोजन की समीक्षा की गई। विद्यालय परिसर के शहीद बलवंत सिंह भुजान- बर्धो मोटर मार्ग से सटे होने से विद्यालय की चारदीवारी व मुख्य गेट के समीप सुरक्षा के ठोस उपाय किए जाने पर चर्चा हुई। विद्यालय परिसर में निष्प्रयोज्य सामग्री हटाए जाने पर भी सहमति बनी।

आशा-आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सीएम के समक्ष रखीं मांगें

देहरादून में सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाएं।

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखण्ड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन तथा उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन के पदाधिकारियों ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास स्थित कैम्प कार्यालय में मुलाकात की।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष शिव दुबे, महामंत्री लोकेश देवी, कोषाध्यक्ष कलावती चन्दोला, जिलाध्यक्ष सुनीता चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन से चित्रकला, लक्ष्मी पन्त, रंजना गुलेरिया, मनीषा राणा तथा सुनीता रावत, उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन से मोनिका आदि उपस्थित रहे।

अनदेखी के चलते गांवों के पैदल रास्ते हैं बदहाल

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : सूदूर गांवो में आवाजाही को बने पैदल रास्तों की सुध न लिए जाने से रास्तों का आस्तित्व समाप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। खस्ताहाल हालत में पहुंच चुके रास्तों पर बड़ी बड़ी झाड़ियां राह रोक रही है। आवाजाही खत्म होने से रास्ते विरान हो चुके हैं जबकि पहले इन पैदल रास्तों पर खूब चहल पहल हुआ करती थी। किसान रास्तों से खेत तथा बच्चे स्कूल को आवाजाही करते थे पर आज अनदेखी का शिकार हो चुके गांवों के रास्ते बदहाल हो चुके हैं।

गांवो में पैदल रास्तों का आज भी काफी महत्व है पर लगातार अनदेखी होने से रास्तों का आस्तित्व समाप्त होते जा रहा है। गांवो के पैदल रास्तों की बदहाली से लोग रास्तों का इस्तेमाल करने से कतराने लगे हैं। कुछ ऐसी ही हकीकत बयां कर रही है समीपवर्ती चापड़ गांव से कमान, पातली तथा बचौडी गांव को जोड़ने वाला पैदल मार्ग। कभी इस रास्ते का इस्तेमाल कास्तकार खेतों तक पहुंचने तथा स्कूली बच्चे विद्यालय को आवाजाही के लिए करते। दूसरे गांवों के बाशिंदे भी इसी पैदल रास्ते से चापड़ गांव पहुंचते। तमाम शादी बारात भी इसी मार्ग से आवाजाही करती पर आज महत्वपूर्ण रास्ते विरान हो चुके हैं। जिम्मेदारों के सुध न लिए जाने से रास्ते बदहाली का दंश झेल रहे हैं। बड़ी बड़ी झाड़ियां रास्ता रोके हुए हैं। मजबूरी में गांवो के बाशिंदे बामुश्किल आवाजाही कर रहे हैं। बड़ी बड़ी झाड़ियों से जंगली जानवरों का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है।

शराब की दुकान का स्टाक व रजिस्टर जांचा

बाजपुर। रविवार की सायं करीब चार बजे तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट व आबकारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में गठित राजस्व एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम हल्द्वानी बस अड्डा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर पहुंची। औचक निरीक्षण कर दुकान में मौजूद माल की गिनती की। जिसका मिलान स्टाक रजिस्टर व डे बिक्री बुक से किया गया। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जो रेट लिस्ट दुकान के बार लगा रखी है वह अपडेट नहीं थी। जिसे तुरंत सही करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्केन मशीन उपलब्ध नहीं है। शराब खरीदने पहुंचे ग्राहकों से भी रेट के बारे में पूछताछ की गई। उन्होंने पूरी रिपोर्ट तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने की बात कही है। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, कानूनगो सुनीतिपाल, पटवारी विक्रम सिंह रहे।

क्षतिग्रस्त झूला पुल पर बढ़ा हादसों का खतरा

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से एक दर्जन से भी अधिक गांवों को जोड़ने के लिए कोसी नदी पर बने झूला पुल पर दुर्घटना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। पुल पर आवाजाही को बने रैप पर लगी सीमेंट की स्लैब क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीण व स्कूली बच्चे जान जोखिम में डाल आवाजाही को मजबूर हो चुके हैं। बावजूद सुध नहीं ली जा रही। क्षेत्रवासियों ने पुल की मरम्मत को ठोस उपाय किए जाने की मांग उठाई है।

हाइवे पर स्थित नैनीपुल बाजार क्षेत्र से सैंज, सरना, डोबा, रैंगल, डटवाल गांव, पतलिया, सिद्धपुर, जूड़कफून, ढाट समेत एक दर्जन से भी अधिक गांवों के सैकड़ों बाशिंदे कोसी नदी पर बनी झूला पुल से आवाजाही करते हैं। हाइवे से सटे कूल, चोपड़ा, नैनीपुल व आसपास के गांवों के नौनिहालों भी इसी पुल से रैंगल गांव स्थित जीआइसी में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। किसान भी झूला पुल से ही उपज को हाइवे तक पहुंचाते हैं पर पिछले लंबे समय से महत्वपूर्ण झूला पुल बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पूल पर आवाजाही को लगाए गए सीमेंट के स्लैब जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। स्लैब के टूटने से आवाजाही खतरनाक होती जा रही हो। पुल के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। रात के वक्त आवाजाही ज्ञेय में जोखिम कई गुना बढ़ जा रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, पंकज सिंह नेगी, धर्म सिंह, सुरेश सिंह, बालमुकुंद जीना, नवीन तिवारी ने पुल मरम्मत की मांग उठाई है।

संदिग्धों के सत्यापन के लिए दून पुलिस ने चलाया अभियान

सख्ती

- 324 मकान मालिकों से वसूले रु 32 लाख 40 हजार
- नगर तथा देहात क्षेत्रों में दून पुलिस ने चलाया अभियान

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : देहरादून पुलिस द्वारा संदिग्धों के सत्यापन को वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी नगर व देहात क्षेत्रों में रविवार को चलाए गए अभियान में किरायेदारों का सत्यापन न कराने वालों 324 मकान मालिकों के चालान कर रु 32 लाख 40 हज़ार रुपये जुर्माना वसूला गया।

एसएसपी के निर्देशों पर जिले भर में सत्यापन अभियान चलाया गया। अलग- अलग पुलिस टीमों ने डोर टू डोर जाकर कुल 3064 लोगों का सत्यापन कर उनकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित की। पुलिस अधिनियम के तहत 168 व्यक्तियों के चालान कर रु 49250/- का जुर्माना वसूला गया। मौके पर कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर 215 संधिक्त व्यक्तियों को संबंधित थाने/चौकी में लाकर पूछताछ की गई।पुलिस टीमों ने पीएसी को साथ लेकर थाना क्षेत्रों में निवासरत किरायेदारों, बाहरी जनपदों से कार्य करने आने वाले लोगों, रेहडी/ ठेली वालों, स्क्रैप डीलर/ कबाड़ियों व अन्य संधिक्त व्यक्तियों का सत्यापन किया।

देहरादून में घर-घर जाकर लोगों का सत्यापन करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

उत्तर प्रदेश

सार-संक्षेप

दबंगों ने दी धमकी, पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी

बदायूं : सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी वाल्मीकि परिवार की दो बेटियों की शादी तय हुई थी। एक की शादी तीन और दूसरी की शादी छह मार्च को निर्धारित है। गांव के दबंगों गांव में दूल्हे के बुग्गी पर बैठकर आने और बैंडबाजा बजने का विरोध किया और धमकाया। बेटियों के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्ष का समझौता कराया। पुलिस की मौजूदगी में पहली शादी हुई। गांव में पुलिस बल तैनात है। गांव चंदेसी निवासी अनुसूचित जाति के रमेश और वीरेश ने लगभग एक सप्ताह पहले एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके परिवार में दो बेटियों की तीन और छह मार्च को शादी होनी है। बरात बग्गी से चढ़ेगी। कहा कि गांव के कुछ दबंग गांव से बरात चढ़ाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कह रहे हैं कि वह गांव में बैंडबाजा नहीं बजने देंगे। न ही दूल्हा बुग्गी पर आएगा। उन्होंने एसडीएम से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और बरात चढ़ने के दौरान सुरक्षा देने की मांग की। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने दोनों पक्ष को बैठाकर समझौता कराया लेकिन पुलिस भी अलर्ट थी।

दो दिन में डाटा अपलोड नहीं करने पर कॉलेज में प्रवेश पर लगेगी रोक

बरेली : अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के पोर्टल पर शिक्षकों का डाटा अपलोड न करने वाले कॉलेजों में प्रवेश के साथ परीक्षा पर भी रोक लगाई जा सकती है। शासन की सख्ती के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने संबद्ध महाविद्यालयों को दो दिन में डाटा अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए हैं। कुलसचिव ने महाविद्यालयों के प्राचार्य और प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण ने 6 फरवरी को आदेश दिया था कि पोर्टल पर 15 फरवरी तक डीसीएफ (डाटा कैप्चर फार्मेट) और टीआईएफ (टीचर इन्फॉरमेशन फार्म) डाटा अपलोड कर दिया जाए।

बेकरी मालिक को फंसाने वाली किशोरी पकड़ी चौकी इंचार्ज फरार

बरेली : बेकरी कारोबारी को होटल में बुलाकर दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर 7 लाख रुपये मांगने के मामले में पुलिस ने किशोरी को किला पुलिस ने पकड़ लिया है। वहीं गिरोह में शामिल किला चौकी इंचार्ज रहे सौरभ कुमार, सिपाही कोलेंद्र, फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अलवी और आजाद अभी फरार हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं। किशोरी को किला पुलिस ने बारादरी क्षेत्र के उसके घर से पकड़ा है। किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह आरोपियों से लगातार संपर्क में थी। आरोपी उसे रुपये देकर बुलाते थे। इसके बाद वह लोग आरोप लगाकर थानों में तहरीर दिलाते थे। उसके बाद वसूली करते थे।

अब तक सिर्फ 23 अपात्र महिलाओं से हुई वसूली

बरेली : रामनगर के गोठा खंडुआ गांव में कागजों में पतियों को मारकर विधवा पेंशन का लाभ लेने के मामले में अब तक सिर्फ 23 अपात्र महिलाओं से वसूली की जा सकी है। अभी 23 महिलाओं से वसूली बाकी है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही अन्य अपात्रों से भी वसूली की जाएगी। गोठा खंडुआ गांव में अफसरों की मिलीभगत से 25 से 30 साल की महिलाएं पतियों के जिंदा होने के बावजूद विधवा पेंशन ले रही थीं। डीएम रविंद्र कुमार की ओर से जांच कराने पर कई अधिकारियों की मिलीभगत उजागर हो गई थी। सितंबर-अक्टूबर में मामले का भंडाफोड़ होने के बाद भी वसूली की प्रक्रिया काफी सुस्त रही। पिछले महीने कमिश्नर ने डीएम से वसूली और कानूनी कार्रवाई की जानकारी मांगी थी। इसके बाद वसूली प्रक्रिया में तेजी लाई गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने बताया कि हाल में 20 महिलाओं से 14 हजार रुपये के हिसाब से तीन लाख से ज्यादा की वसूली की गई है।

सिलईबड़ा कांड की हो सीबीआई जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और डा. नूतन ठाकुर ने रविवार को सिलईबड़ा गांव में हुई दलित छात्र की मौत के मामले में मृतक के परिवार वालों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस घटना की सीबीआई जांच होना जरूरी है। इससे पहले उन्होंने पूर्व मंत्री आजम खां के परिवार से मुलाकात की। कहा कि आजम खां को राजनीतिक द्वेष के चलते मुकदमों में फंसाया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सिलईबड़ा के लोगों से बात करने पर स्पष्ट हुआ कि मौके पर ऐसी कोई स्थिति नहीं थी, जिसमें फायरिंग की जाए। इसके बाद भी मौके पर मौजूद एसडीम ने फायरिंग के आदेश दिए, जिसमें बच्चे की मौत हुई और एक व्यक्ति को पांव में गोली लगी। ग्रामीणों ने अब तक की कार्रवाई को असंतोषजनक बताया। अमिताभ ठाकुर ने मृतक के परिवार को दो करोड़ रुपए मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की।

मृतक के परिजनों से बातचीत करते अमिताभ ठाकुर और डा. नूतन ठाकुर।

इससे पहले अमिताभ ठाकुर और डॉ. नूतन ठाकुर ने पूर्व मंत्री आजम खां के आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात की। आजम खां के परिवार वालों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उन्हें अनावश्यक रूप से फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। बताया कि जिन मामलों में आजम खां दोष सिद्ध किए गए हैं, उन मामलों में भी तमाम ऐसे तथ्य हैं जिन पर जब अपीलीय कोर्ट द्वारा विचार किया जाएगा तो आजम खां की बेगुनाही सामने आ जाएगी। परिजनों ने बताया कि उनके लड़के अब्दुल्ला आजम का जेल प्रशासन द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है।

दुल्हन की तबीयत बिगड़ी दूल्हे का शादी से इनकार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में बरात पहुंचने पर स्वागत हुआ। बरात चढ़त के बाद दावत हुई और फिर जयमाला का कार्यक्रम शुरू हो गया। इस बीच दुल्हन की तबीयत बिगड़ने से दूल्हा पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। जिसे लेकर हंगामा हुआ तो पुलिस भी पहुंची। मामले को लेकर पंचायत चली लेकिन कोई हल नहीं निकल सका।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देवरा भूरा में शनिवार को गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी से बरात आई थी। बरात के स्वागत के बाद चढ़त हुई। चढ़त के बाद दावत और जयमाला का कार्यक्रम शुरू हो गया। इसी दौरान दुल्हन की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी।

विवाद

- स्वागत के बाद हो गई बरात चढ़त, दावत के बाद हो रही थी जयमाला की रस्म

जिसकी जानकारी होने पर दूल्हा पक्ष के लोगों ने शादी से इनकार कर दिया। दुल्हन पक्ष के लोग और ग्रामीण दूल्हा पक्ष के लोगों को मनाने में जुट गए। नौबत टकराव तक पहुंच गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी की। बाद में दुल्हन और दूल्हा पक्ष के लोग थाने पहुंचे। पंचायत हुई लेकिन हल नहीं निकला। दुल्हन पक्ष के लोगों का कहना रहा कि शादी की तैयारी, रस्मों और दावत में जो खर्च हुआ है, वह वापस कर दिया जाए लेकिन इस बात पर दूल्हा पक्ष के लोग सहमत नहीं हुए।

शिक्षिका की मौत पर पति व सास जेल भेजे

बरेली, अमृत विचार : शिक्षिका की मौत के मामले में बारादरी पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने रविवार को पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिक्षिका की मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है।

बारादरी के अग्रसेन नगर निवासी हरीश कुमार गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी प्रिया एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। उसकी शादी 29 नवंबर 2022 को पवन विहार निवासी संदीप रस्तोगी के बेटे शिवांशु रस्तोगी के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने 25 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन प्रिया का पति शिवांशु, सास अंजली रस्तोगी, ससुर संदीप रस्तोगी और देवर वरुण इससे खुश नहीं थे। ये लोग 10 लाख रुपये और कार की मांग कर रहे थे।

अखिलेश नरम हिंदुत्व की राह पर : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुसलमानों के कंधों पर सवार होकर वोट बैंक की राजनीति करने वाली पार्टियां मुसलमानों को उनकी आबादी के हिसाब से लोकसभा में टिकट दें।

कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव इन बातों का ध्यान रखते थे। हर आबादी के हिसाब से चुनाव में टिकटों का वितरण करते थे, मगर जबसे नेतृत्व अखिलेश यादव करने लगे हैं, तब से सपा ने अपनी सोच में काफी हद तक बदलाव पैदा किया है। अखिलेश यादव नरम हिंदुत्व की लाइन पकड़ कर चल रहे हैं।

मंदिर में माना पत्नी, शारीरिक संबंध बनाकर छोड़ दिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग चार साल पहले उसकी मुलाकात गांव निजामुद्दीनपुर शाह निवासी प्रेमपाल मौर्य पुत्र रामरक्षपाल मौर्य से हुई थी। उसने युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया।

शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। युवक उसे मंदिर में ले गया, जहां भगवान की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर बोला कि वह युवती को अपनी पत्नी मानता है। कहा कि कुछ दिनों के बाद वह शादी कर लेंगे। जिसके बाद युवती को उस पर विश्वास हो गया। जिसके बाद चार साल तक कई बार युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। 20 फरवरी को दोपहर डेढ़ बजे प्रेमपाल युवती के घर आया। उस दौरान युवती घर पर अकेली थी। उसने युवती के साथ फिर से शारीरिक संबंध बनाए। युवती से बोला कि उसके परिजनों ने उसकी बिरादरी की किसी युवती से शादी तय कर दी है। वह दूसरी बिरादरी की है इसलिए उसके साथ शादी नहीं कर सकता। युवती की तहरीर पर आरोपी प्रेमपाल के खिलाफ घर में जबरन घुसने, धोखे सेसंबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

13 घंटे 19 मिनट का होगा पहला रोजा

बरेली, अमृत विचार : पवित्र माह रमजान की शुरुआत 12 या 13 मार्च से होगी। मस्जिदों में रमजान को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

दरगाह आला हजरत प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने सहरी और इफ्तार की समय सारिणी (जंत्री) के साथ कैलेंडर जारी कर दिया है। इस बार पहली सहरी सुबह 5 बजकर 4 मिनट और पहला इफ्तार 6 बजकर 23 मिनट पर होगा। इस तरह पहला रोजा 13 घंटे 19 मिनट का और आखिरी रोजा रोजा 14 घंटे 14 मिनट का होगा। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि कैलेंडर अकीदतमंदों को सोशल मीडिया और डाक के माध्यम से भेजा जा रहा है।

टैंकर की टक्कर से ट्राली सवार 12 कांवड़िये घायल

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव माननगर के पास शनिवार देर रात मुरादाबाद से हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्राली में टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और 12 कांवड़िये घायल हो गए। हादसे में तीन घायलों की हालत गंभीर है। जिन्हें मुरादाबाद के जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शनिवार को मुरादाबाद व रामपुर जिले के 24 कांवड़ियों सहित 30 लोग हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से निकले थे। रात करीब 12 बजे जैसे ही उनकी ट्रैक्टर-ट्राली गांव माननगर के पास पहुंची तो हाईवे पर टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर ट्राली में बैठे रामपाल सिंह 45 वर्ष, बृजपाल सिंह 36 वर्ष, संगीता 30 वर्ष पत्नी सुनील कुमार निवासी गांव निवाड़ खास थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद, राजू 33 वर्ष निवासी गांव मितरपुर अरोरा थाना शाहबाद जिला रामपुर, अनिकेत 17 वर्ष निवासी कस्बा गदरपुर उत्तराखंड, महेंद्र सिंह 30 वर्ष, अंकित 15 वर्ष, संदीप 14 वर्ष, कंचल 19 वर्ष पुत्री राजेंद्र सिंह, मनीषा 16 वर्ष पुत्री धर्मपाल सिंह आदि घायल हो गए।

महात्मा गांधी की पोशाक पहने एक व्यक्ति रविवार को कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर सिख समुदाय के धरना मंच में हिस्सा लेता हुआ। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उस व्यक्ति की प्रशंसा की। ● एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत मंगलवार को देंगे इस्तीफा

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

● गृह मंत्री बोले-नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग



'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा-इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा-हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास दिया जा रहा है।

नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी: राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार भारतीय रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा-किराए में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी, मांग के अनुसार घटता-बढ़ता किराया, बढ़ते रद्दीकरण शुल्क और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के जरिए लूट की जा रही है। लोगों को 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर लुभाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर भी नहीं रख सकते।

एक नजर

मणिपुर हिंसा: सीबीआई ने 7 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा, कोंथौजम रोमोजीत मेइती और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

जयपुर। जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार, तीन व्यक्तियों की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि बदरपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को देर रात 12.48 बजे होंडा शोरूम के पास बदरपुर फ्लाईओवर पर एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी।

मामले को एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार : सिद्धारमैया

चिकमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

कर्नाटक के कैफे में हुए विस्फोट का मामला

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा-हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि 'ब्रांड बेंगलुरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, तो इस पर सिद्धारमैया ने कहा-जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए?

सदमे के चलते आत्महत्या से उकसावे का मामला नहीं बनता

मुंबई, एजेंसी

● प्रेम संबंध के मामले में अदालत ने की टिप्पणी

मुंबई की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना ''नैतिक रूप से'' गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ये टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, ''नैतिक रूप से...प्रेमी/प्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय नहीं है, जिसके/जिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो।'' उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए।

अदालत ने कहा-कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसका/उसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा।'' अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

विकसित भारत के लिए दृष्टि पत्र पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता

● सूत्रों ने बताया-100 दिवसीय एजेंडे पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ''विकसित भारत : 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों,

नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा-विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

पूर्व सांसद आनंद मोहन से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है।

आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 100-105 मसूरी 87-98 बासमती 147-160, **दाल दलहन**-काला चना 98-110 साबुत चना दाल 97 मूंग साबुत 125 राजमा 154 दाल उड़द 148 साबुत मसूर दाल 110 मसूर दाल 113 उड़द साबुत 138 काबुली चना 185 अरहर दाल 161 लोबिया/करमानी 132 सोयाबीन 90 मूंगफली 130-135 मटर (सूखी) 60-70 मक्का 32 रुपये।

एक नजर

जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में जीएसटी अपवंचना रोकने, मौजूदा चुनौतियों की समीक्षा और केंद्रीय और राज्य कर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अपनाए गए सफल तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में जाली इन्वॉयस, बेहतर व्यवहार को साझा करने, तालमेल को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी और आंकड़ों का लाभ उठाने के प्रभावी तरीकों पर भी रणनीति बनाई जाएगी।

एक दशक में नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा

नई दिल्ली। पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है।

चिप विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेंगे

प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच साल में भारत के लिए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। वैष्णव ने साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा-बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियों डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता: वैष्णव

वैष्णव ने समझाते हुए कहा-किसी भी विकासशील देश के लिए, हमारे आकार की अर्थव्यवस्था के लिए, देश के भीतर सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता है। डिजायन क्षमताओं के साथ हमारे पास विनिर्माण क्षमता भी होनी चाहिए, तभी इसमें और मूल्य जोड़ा जा सकता है। वैष्णव का मानना है कि सेमीकंडक्टर योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगी, अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों पर गुणक प्रभाव डालेगी, रोजगार पैदा करेंगी और आजीविका को बढ़ावा देंगी। हाल में की गई घोषणा के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि. ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भागीदारी में गुजरात के धोलेरा विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,302 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने

को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया।

एफपीआई ने बाजार में 1,539 करोड़ डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

सरकार चौथा कानून लाती तो किसान फिर प्रदर्शन नहीं करते : हुड्डा

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे की दर पर खरीदने को अपराध बनाने के लिए चौथा कानून लाती तो किसानों को फिर से सरकार से जंग नहीं लड़नी पड़ती। सरकार 2020 में तीन विवादास्पद कृषि-विपणन कानून लेकर आयी थी जिसे सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए आवश्यक बताया था। हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों के लंबे चले आंदोलन के बाद नवंबर 2021 में इन कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

भारत-यूएई के बीच व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

अबू धाबी, एजेंसी

● सीआईआई अध्यक्ष आर दिनेश बोले-यह हासिल किया जा सकता

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश

में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा-भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर के पार

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े जारी किए गए हैं।

बढ़ती ब्याज दरों के कारण बढ़ा सावधि जमाओं का आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से हुआ खुलासा

बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 57.2 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि ही, उसमें सावधि जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 97.6 प्रतिशत थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। आरबीआई ने अपनी 'तिमाही आधारभूत सांख्यिकी विवरणियां (बीएसआर)-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाएं - दिसंबर 2023' में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। कुल जमाओं में सावधि जमा की हिस्सेदारी मार्च, 2023 के 57.2 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 60.3 प्रतिशत हो गई।

शार्दुल का शतक, मुंबई ने 207 रन की हासिल की बढ़त

रणजी सेमीफाइनल: ठाकुर की 109 की शतकीय और तनुष की नाबाद 74 रन की पारी तमिलनाडु पर पड़ी भारी

मुंबई, एजेंसी

- मुंबई ने 9 विकेट पर 353 रन बनाए, साई किशोर ने मुंबई के 5 विकेट झटके

शार्दुल ठाकुर की 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आरसाई किशोर के 6 विकेट के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई, जिससे मुंबई ने रविवार को रणजी ट्राफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली।

मुंबई ने एक समय 106 रन पर 7 विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद ठाकुर ने 104 गेंद में 13 चौके और 4 छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने 9 विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे, जिसमें साई किशोर ने उसके बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह 2 विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर 6 विकेट) ने मुंबई के 5 विकेट झटके दिए। अय्यर (3) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए, जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी, लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के हर गेंदबाज पर दबाव बनाया और मुंबई को बढ़त दिलाई।

ठाकुर ने हार्दिक तमोर (35 रन) के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी के बाद कोटियान के साथ नौवें विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। हालांकि वह इस दौरान टखने संबंधित समस्या से परेशान रहे और अंत में तीसरे सत्र में कुलदीप सेन (65 रन देकर 2 विकेट) का शिकार हुए। कोटियान और तुषार देशपांडे की जोड़ी फिर से एक साथ क्रीज पर मौजूद थी। पिछले मैच में 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी निभाने वाले कोटियान और देशपांडे ने फिर 10वें विकेट के लिए नाबाद 63 रन जोड़ लिए हैं। देशपांडे 17 रन और कोटियान 109 गेंद में 10 चौके से 74 रन बनाकर क्रीज पर हैं। बीकेसी मैदान पर साई किशोर का तेज गेंदबाजों के मुफीद पिच पर खुद गेंदबाजी का फैसला हैरानी भरा लग, लेकिन तमिलनाडु के कप्तान और इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले साई किशोर ने मुंबई के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। उन्होंने पहले सत्र में 17 ओवर में 6 मेडन से 28 रन देकर 4 विकेट लिए। रात्रिप्रहरी मोहित अवस्थी (2) को स्टंप आउट कराने के बाद साई किशोर ने अजिंक्य रहाणे (19) को पहली स्लिप में कैच आउट कराया।

हिमांशु की शतकीय पारी से मप्र मजबूत

नागपुर, एजेंसी

हिमांशु मंत्री ने रणजी सेमीफाइनल के दूसरे दिन विदर्भ के खिलाफ शतक जड़ा, जिससे मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाए। हिमांशु ने 265 गेंद में 13 चौके और 1 छक्के की मदद से 126 रन बनाए। उनके शतक से मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 82 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी में 170 रन बनाने वाले विदर्भ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में अथर्व तायडे का विकेट गंवाकर 13 रन बना लिए हैं।

विदर्भ की टीम 69 रन पीछे है। हिमांशु के बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर 30 रन सारांश जैन के नाम था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 47 रन से आगे से की। कल के नाबाद बल्लेबाज हिमांशु और हर्ष गवली ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 1 विकेट पर 81 रन तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज यश ठाकुर (51 रन पर 3 विकेट) ने गवली की 25 रन की पारी को खत्म किया। मध्यप्रदेश ने 12 रन के अंदर 2 और विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज उमेश यादव (40 रन पर 3 विकेट) ने कप्तान शुभम शर्मा को बोल्ड किया जबकि ठाकुर ने वेंकटेश अय्यर (0) को पगबाधा किया। हिमांशु को सागर सोलंकी (25) और जैन का अच्छा साथ मिला। हिमांशु ने पांचवें विकेट के लिए सोलंकी के साथ 42 जबकि छठे विकेट के लिए जैन के साथ 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवते और ऑफ स्पिनर अक्षय वाखरे (68 रन पर 2 विकेट) ने मप्र के बल्लेबाजों को परेशान किया। ठाकुर ने वाखरे की गेंद पर 1 रन के साथ शतक पूरा किया। वाखरे ने अपनी गेंद पर कैच लपक कर उनकी शतकीय पारी को खत्म किया।

खेल डायरी

मार्टा कोस्ट्युक और केटी बौल्टर फाइनल में

सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट

सैन डिएगो, एजेंसी। यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की जिनका कोस्ट्युक ने पूरा फायदा उठाया। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

विश्व चैंपियनशिप में अदिति 21वें स्थान पर

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

मिनौर ने मैक्सिको ओपन का खिताब दूसरी बार जीता

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के फाइनल में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

टाइगर वुड्स को मिला बॉब जोन्स पुरस्कार

फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।

वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने कहा कि बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर पहुंचा भारत

भारत के 64.28 % अंक, अब तक आठ मैच में से पांच जीते, दो हारे और एक ड्रॉ कराया

दुबई, एजेंसी

दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

स्थान	टीम	मैच	जीते	हारे	ड्रॉ	अंक	अंक%
1	भारत	8	5	2	1	62	64.58
2	न्यूजीलैंड	5	3	2	0	36	60.00
3	ऑस्ट्रेलिया	11	7	3	1	78	59.09
4	बांग्लादेश	2	1	1	0	12	50.00
5	पाकिस्तान	5	2	3	0	22	36.66
6	वेस्टइंडीज	4	1	2	1	16	33.33
7	दक्षिण अफ्रीका	4	1	3	0	12	25.00
8	इंग्लैंड	9	3	5	1	21	19.44
9	श्रीलंका	2	0	2	0	0	0.00

लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जीता

वेलिंगटन, एजेंसी

टेस्ट श्रृंखला

ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह दूसरी पारी 3 विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और उसकी कुल बढ़त 368 रन थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का पहला विकेट लिया। रविंद्र ने कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (1) को पगबाधा किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लिया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (7) भी पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

लिवरपूल ने 4 अंक की बनाई बढ़त

इंग्लिश प्रीमियर लीग

लंदन, एजेंसी। लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के 'इंजरी टाइम' के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फ़ॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फ़ुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर 4 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

वेलिंगटन, एजेंसी

तेज गेंदबाज विल ओ' रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। द. अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 8 मार्च से खेला जाएगा। साउथी ने कहा कि हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अब तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जाएगी।

पैसा वसूल फिल्म है योद्धा: राशि

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी। मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और फिल्म योद्धा एक फुल पैकेज की तरह थी। फिल्म योद्धा एक्शन फिल्म है जिसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

रिया का गीत मिले मत आवा जानू होली में रिलीज

मुंबई। गायिका पुनीता प्रिया और अभिनेत्री रिया प्रजापति का होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गीत में रिया प्रजापति अपने प्रेमी के हरकतों से परेशान हो गई है। उसकी वजह से घर पर रिया को डाट भी मिली है। जिससे होली में मिलने आने से प्रेमी को मना कर रही हैं। वह कहती है कि... 'होली खेले गँउवा के बहरी बुलाइला, रंग से बदनिया के कुल्हि लेटाइला... अइसन जगहा लगाइले जानू, गारी देले बिया हमर माई ये जानू...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस होली गीत को पुनीता प्रिया ने गाया है। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार दीपक दिलकश ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा

मुंबई। बिहार की मनीषा रानी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन की विजेता बन गई हैं। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर झलक दिखला जा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मनीषा रानी की एंट्री वाइल्ड कार्ड के माध्यम से हुई थी। मनीषा को विजेता ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये तथा उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। साथ ही दोनों को आइलैंड का ट्रिप भी मिला है। 'झलक दिखला जा 11' की ट्रॉफी जीतने पर मनीषा रानी ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहती हूं कि मुझे अपने फैंस पर बहुत भरोसा है और एक बार फिर मेरे फैंस ने इस बात को साबित कर दिया है। मेरी जीत का श्रेय मेरे कोरियोग्राफर, मेरी मेहनत और मेरे प्रशंसकों को जाता है। शो में मेरे सामने जो लोग थे, उनके बहुत बड़े-बड़े लोग सपोर्टर थे, सभी अच्छे डांसर और कलाकार हैं। लोगों का इतना प्यार किस्मत वाले लोगों को ही मिलता है। मेरी कोशिश हमेशा अपना बेस्ट देने की होगी। मैंने आज तक जो भी सपना देखा है, वो पूरा हुआ है, तो मुझे भरोसा है कि मेरा यह भी सपना पूरा होगा। भले ही उसे पूरा होने में थोड़ा समय लगे।

फराह-मलाइका और अरशद ने दी बधाई

मनीषा रानी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, के 11वें सीजन की विजेता बनने पर जज फराह खान, मलाइका अरोड़ा और अरशद वारसी ने बधाई दी है। फराह खान ने कहा, मनीषा ने डांस के प्रति अपनी जबर्दस्त योग्यता से मंच पर आग लगा दी है और उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक थी। उन्होंने खुद को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है और डांस शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को सुंदरता और सटीकता के साथ प्रदर्शित किया है। डांस के प्रति उनका जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्होंने खुद को एक योग्य चैंपियन साबित किया है।

'हनुमान' की भूमिका निभाकर खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे निर्भय



मुंबई। अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। निर्भय वाधवा ने कहा, मैंने अब तक श्रीमद् रामायण के एपिसोड देखने का आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

अंकुश और शिल्पी का गाना ना ऐ जीजा 2.0 जारी

मुंबई। अंकुश राजा और शिल्पी राज का नया गाना ना ऐ जीजा 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है और अब तक इसे 1,606,823 व्यूज मिल चुके हैं। अंकुश राजा ने इस गाने को अपने फैंस को समर्पित किया है। अंकुश ने कहा कि लोगों को यह गाना पसंद आ रहा है और लोग इसे खूब प्यार भी दे रहे हैं इसके लिए हम समूह का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही हम उनसे अपील भी करते हैं कि इस गाने को और बड़ा बनाएं ताकि हमें प्रोत्साहन मिलता रहे और हम आपके लिए और भी अच्छे-अच्छे गाने लेकर आते रहे। अंकुश राजा होली के नए-नए गीत लेकर आ रहे हैं और जो लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है जिस पर बहुत सारे व्यूज मिल रहे हैं। ना ऐ जीजा 2.0 गाना के संगीतकार विकी वोक्स हैं। लेखक बोस रामपुरी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

किसी की जुबां पर गांधी तो कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता

भारत की दावेदारी कर रहीं सिनी शेट्टी

भारत की दावेदारी पेश कर रहीं सिनी शेट्टी ने कहा कि हम आज ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसके सामने साझा चुनौतियां हैं और साझी महत्वाकांक्षाएं हैं। शेट्टी ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों के लिए सतत विकास लक्ष्य होने चाहिए।

मुंबई। मिस वर्ल्ड खिताब की दौड़ में शामिल दुनियाभर की प्रतिभागियों ने रविवार को अपने दिल की बात कही, जो गरीबी, भुखमरी, जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा और सेहत जैसे बुनियादी सरोकारों से सराबोर थे। इस बार 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का भारत प्रतिनिधित्व कर रहा है। समारोह में किसी ने गांधीजी की बात की, तो किसी ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कुछ ने लैंगिक समानता और बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मुद्दे पर भी राय दी।

बर्फबारी और बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई राज्यों में शनिवार और रविवार को मौसम खराब रहा। हिमाचल में बर्फबारी बारिश से नेशनल हाइवे समेत 507 सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली- सोलंगनाला के बीच नेहरू कुंड के पास रविवार को 5 वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य, प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात समेत 9 राज्यों में बारिश हुई। इससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो गया है। राजमार्ग के बाधित होने पर यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रामबन प्रशासन ने एक नई पहल की शुरुआत की है। रामबन प्रशासन ने यात्रियों के मनोरंजन के लिए बैंड बाजे का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई जिलों में बारिश हो रही है।



जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे वाहन।

15 मार्च से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है 14 मार्च तक हिमालयी क्षेत्र में लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं, पर मार्च खत्म होने तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आएगा। 15 मार्च के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। एलनीनो परिस्थितियों के घटने का ट्रेंड बना हुआ है लेकिन इसके जुलाई में ही न्यूट्रल में आने की संभावना है। 10 दिन में तेलंगाना, तटीय आंध्र, उत्तरी कर्नाटक

एक नजर

पाकिस्तानी सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर, चार घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि, चार अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को कहा कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा, भारी मात्रा में हथियार गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

छत्तीसगढ़: एसबीआई में सेंधमारी दस्तावेजों को जलाया, बदमाश फरार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से बदमाशों ने दस्तावेजों को आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

गाजा: मदद का इंतजार कर रहे पीड़ितों पर गोलीबारी, 115 की मौत

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में सहायता काफिले पर भोजन के लिए संघर्ष कर रहे फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजराइली सैनिकों ने हमला कर दिया। हमले में 115 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 750 से अधिक घायल हो गए। गाजा में अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने शुक्रवार को गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल में कुछ घायलों से मुलाकात की और 'बड़ी संख्या में बंदूक की गोली के घावदेखे।

मुंबई पुलिस ने गैरलाइसेंसी हथियार मालिकों के विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

मुंबई। शिवसेना गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार रखने वालों और सुरक्षा सेवाएं मुहैया कराने वालों के लाइसेंसों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गैर लाइसेंसी हथियार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत दस दिन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम ने कहा, बिल्डर, नेताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और निजी अंगरक्षक जांच के दायरे में हैं, उनके हथियार लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।

हाईब्रिड सरकार के हाथ में पाकिस्तान की डोर

पीएमएल-एन और पीपीपी ने सर्वसम्मति से चुना नेता, शपथ ग्रहण समारोह आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर कवायद तेज हो गई है। लगभग एक माह बाद रविवार को हाईब्रिड सरकार को लेकर हुई बैठक में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री (वजीर-ए-आजम) चुन लिया गया है। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे।

प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज ने अपने पहले संबोधन में कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कोई समय सीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। शहबाज ने यह भी सवाल किया कि इमरान खान ने अंतर्राष्ट्री मुद्रा कोष को पत्र क्यों लिखा। इसे उन्होंने देश के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के समान बताया।

शहबाज शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज (72) पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं।

नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी।

पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था। बता दें कि पाकिस्तानी संसद में रविवार को पीएम के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हुई। शहबाज ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर 100 वोटों से अधिक की बढ़त हासिल की।



शहबाज का सियासी सफर

1988	1990	विधायक
1990	1993	सांसद
1993	1996	विस में विपक्ष के नेता
1997	1999	पंजाब सीएम
2008	2013	पंजाब सीएम
2013	2018	पंजाब सीएम
2018	2022	संसद में विपक्ष के नेता
2022	2023	प्रधानमंत्री

3 मार्च 2024 को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए

चुनाव धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रहे 100 से ज्यादा इमरान समर्थित नेता गिरफ्तार

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पार्टी कार्यकर्ता हालिया आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ रैलियां निकाल रहे थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में आठ फरवरी को नेशनल असेंबली के चुनाव हुए थे। जिसके बाद त्रिशंकु नतीजे सामने आए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते रहे हैं। इमरान खान के आह्वान पर पीटीआई समर्थकों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन किया। ज्यादातर गिरफ्तारियां लाहौर में हुईं, जहां पंजाब की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रदर्शन कर रहे पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीटीआई के प्रवक्ता के मुताबिक, पुलिस ने लाहौर में अस्सी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात शहर में बीस से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब और इस्लामाबाद के 38 शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया।

मिशिगन, इडाहो और मिजुरी में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दावेदारी पुख्ता, चुनाव में बाइडन बनाम ट्रंप होना लगभग तय

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली से काफी आगे निकल गए हैं। शनिवार को ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन में भी कॉक्स चुनाव में जीत दर्ज की। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है, जबकि निक्की हेली को सिर्फ 24 डेलिगेट्स ने ही अभी तक सपोर्ट किया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। इससे साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुने जाने की रेस में डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे निकल गए हैं। रविवार को कोलंबिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं और इसके दो दिन बाद सुपर मंगलवार है, जिसमें 16 राज्यों में प्राइमरी इलेक्शन होने हैं।

नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सबसे बड़ा मतदान होगा और उस मतदान के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि निक्की हेली राष्ट्रपति पद की रेस में रहेंगी या फिर नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन होना तय है। मिशिगन में तो ट्रंप ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सभी 39 डेलिगेट्स का समर्थन हासिल किया। पांच मार्च को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं।

अब तक ट्रंप आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, दक्षिण कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली अपने समर्थन में पर्याप्त लोगों को जुटाने में असफल हो रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में अवैध प्रवासियों के मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठा रहे हैं।

जिंदगी कांटों जैसी दर्दनाक रही... अनंत का भावुक स्पीच

मार्क जुकरबर्ग के साथ अनंत अंबानी और राधिका

ईशा अंबानी

जामनगर : अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी के इवेंट में अनंत अंबानी ने बेहद भावुक स्पीच दी है। अनंत ने अपने परिवार और राधिका के परिवार को धन्यवाद दिया। अनंत ने कहा, 'थैंक्यू मम्मा। ये सब मेरी मां ने किया है। चार महीने से रोज 18-19 घंटे इस समारोह की तैयारी में लगी थीं। मेरा जीवन हमेशा गुलाब के फूल की तरह सहज नहीं रहा है, मैंने गुलाब के कांटों की तरह कई दुख झेले हैं, मुझे बचपन से ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं रही हैं, लेकिन मेरे माता- पिता ने मुझे कभी एहसास नहीं होने दिया कि में बीमार हूं। अनंत बोले, जामनगर मेरी प्रेरणा का स्रोत हैं। ● एजेंसी

नाटु-नाटु पर थिरके तीनों खान शाहरुख बोले-जय श्रीराम

समारोह के अंतिम दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके। शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम का नारा लगाया। तीनों खान तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर पहुंचे।

पत्नी अंजली के साथ सचिन तेंदुलकर

चीन-पाकिस्तान कर रहे फेक रिसर्च, भारत बेहतर: अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी

- पैसे और प्रमोशन के लिए कर रहे फ्रॉड, अमेरिका की संस्था क्रॉस रीफ ने तैयार किया डेटा

चीन- पाकिस्तान के वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। वे दूसरों की रिसर्च के डेटा में जोड़- तोड़ कर अपना रिसर्च पेपर पब्लिश करा रहे हैं, या फिर पहले पब्लिश रिसर्च पेपर के कुछ चैप्टर्स बदलकर नाम दे रहे हैं।

यही वजह है कि चीन के वैज्ञानिकों की रिसर्च छपने के बाद भी कई शोध जर्नल ने खारिज कर दिए और उन्हें रिट्रैक्ट (वापस लिया) किया। अमेरिका की गैर लाभकारी संस्था क्रॉस रीफ ने 50 हजार फेक रिसर्च पेपर का डेटाबेस तैयार किया है। इसमें से 46 फीसदी अकेले चीन के हैं। पैसे व प्रमोशन के लिए वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। दरअसल चीन में रिसर्च पेपर की क्वालिटी की बजाय संख्या गिनी जाती है।

चीन के रिसर्च पर समीक्षा से मना कर रहे वैज्ञानिक

दुनिया के कई वैज्ञानिक चीन के वैज्ञानिकों के रिसर्च पेपर की समीक्षा करने से मना कर रहे हैं। रिसर्च पर काम कर रही माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कहा, कई रिसर्च पेपर तो पैसे लेकर तैयार किए जाते हैं। कई में प्लैगरिज्म ही होता है। एक चीनी पेपर में प्रोस्टेट कैंसर पर रिसर्च की गई थी। इसमें कहा गया था कि रिसर्च में 50 फीसदी सैंपल महिलाओं के हैं, जबकि महिलाओं में प्रोस्टेट ग्लैंड्स होते ही नहीं हैं।

अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने शुरू किया चुनावी अभियान

वाशिंगटन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

यूएई: बीएपीएस मंदिर में टाइट कपड़े, टी-शर्ट में प्रवेश पर बैन

अबु धाबी, एजेंसी

- मंदिर ने जारी की गाइडलाइन आपत्तिजनक और भड़काऊ कपड़े पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं

संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, उसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। मंदिर के कैसे कपड़े पहनकर जाना है, इसके लिए मंदिर की वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है। आगंतुकों को गर्दन, कोहनी और टखनों तक शरीर को ढकना जरूरी है।

आपत्तिजनक डिजाइन वाली टोपी, टी-शर्ट और अन्य भड़काऊ कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है। पारदर्शी और टाइट-फिटिंग कपड़े भी नहीं पहनने हैं। ऐसे कपड़ों और सामानों से बचने के लिए कहा गया है, जिससे लोगों का ध्यान भटके। हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।

ओडिशा: डीआरडीओ कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी। घटना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रडार ऑब्जर्वेटरी सर्विलांस यूनिट में हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

रविवार को सेना का जवान (35 वर्षीय) महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबंका गांव में डीआरडीओ के एक कैंप में ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि जवान खून से लथपथ था, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

हिदायत सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्मों को दिए दिशा-निर्देश, 15 दिन के भीतर करें एडवाइजरी का पालन

नए एआई मॉडल लॉन्च से पहले भारत सरकार से लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

टेक कंपनियों को नए एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्लेटफॉर्म को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षण में शामिल एआई मॉडलों का अब अनिवार्य रूप से लेबल करना होगा। साथ ही, इसमें गैरकानूनी कंटेंट मौजूद नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसा न होने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में है।

डिजिटल प्लेटफार्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशा-निर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी इंटरमीडियरी और प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम 2021 का पालन सुनिश्चित करें।

खामियों से पिचाई की नौकरी संकट में

गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गूगल ने हाल ही में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया था। हालांकि, इसके इमेज जेनरेशन और अवतार टूल में खामियां हैं। इससे गूगल की छवि पर बुरा असर पड़ा है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में कृषि प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जलवायु अनुकूल बनाने की तैयारी कर रही है। इससे किसानों को यह जानकारी पहले ही मिल जाएगी कि उनके क्षेत्र में इस बार मौसम कैसा रहेगा। इसके लिए सरकार एक एआई संचालित कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही है।

यह सॉफ्टवेयर किसानों को यह बताने में सक्षम होगा कि उनके क्षेत्र में सूखा, बाढ़, लू, शीतलहर, असामान्य बारिश, शुष्क मौसम, ठंड, चक्रवात और ओलावृष्टि की क्या स्थिति रहेगी। ऐसे वातावरण में उन्हें कौन सी फसल बोने से फायदा होगा। इस कार्य में मौसम विभाग के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। जैसे ही सॉफ्टवेयर बन जाएगा। सरकार इस योजना को पूरे देश में लागू करेगी।

सॉफ्टवेयर किसी भी क्षेत्र के पिछले 100 साल के मौसम पैटर्न का अध्ययन तुरंत करने में सक्षम होगा। यह 24 घंटे ऑनलाइन मोड में देश की सभी भाषाओं में जानकारी देगा।